दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 127 | जयपुर | मंगलवार, 11 मार्च, 2025 | फाल्गुन, शुक्ल पक्ष द्वादशी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹5.00 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

**मौसम** जयपुर
32.0° अधिकतम तापमान | 21.0° न्यूनतम तापमान

**बाजार** शेयर बाजार
सेंसेक्स 74,115.17 -217.41 (0.29%)
निफ्टी 22,460.30 -92.20 (0.41%)

**सर्राफा** सोना/चांदी
सोना 88,420 /10g
चांदी 99,000 /Kg

## गौशालाओं की अनुदान राशि बढ़ाने पर आभार सभा

# गाय की महिमा को समझते हुए आमजन प्रतिदिन करें गौसेवा : मुख्यमंत्री शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास के साथ ही गौमाता के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए संकल्पित होकर काम कर रहे है। हाल ही में पेश किए गए राज्य बजट में गौमाता और पशुपालकों के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। प्रदेश भर में संचालित गौशालाओं तथा नंदीशालाओं के लिए प्रति पशु अनुदान राशि को इस वर्ष 15 प्रतिशत बढ़ाकर 50 रूपये प्रतिदिन करने का फैसला किया गया है। मुख्यमंत्री सोमवार को अपने निवास पर गौशालाओं की अनुदान राशि बढ़ाने पर आयोजित आभार सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमने पिछले साल गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना प्रारंभ की थी, जिसमें गौवंश हेतु शेड, खेली निर्माण तथा दुग्ध, चारा, बांटा संबंधी उपकरण खरीदने के लिए एक लाख रूपये तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। अब हम आगामी वित्त वर्ष में भी ढाई लाख गोपालक परिवारों को इस योजना का लाभ मुहैया कराएंगे। श्री शर्मा ने कहा कि गोपालकों को और अधिक राहत देते हुए गोपाल क्रेडिट कार्ड के लिए जरूरी सभी दस्तावेजों पर स्टांप ड्यूटी माफ करने और योजना के प्रावधानों को सरल बनाने का भी बजट में प्रावधान किया गया है।

### भारतीय संस्कृति में गाय की महिमा अपरंपार

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी संस्कृति में गाय की महिमा अपरंपार है। हमारे शास्त्रों में गंगा, गोमती, गीता और गोविंद की भांति गाय भी अत्यंत पवित्र मानी गई है और गौ-माता की सेवा से सभी देवी-देवताओं के पूजन का फल मिल जाता है। उन्होंने कहा कि संत-महन्त हमारी संस्कृति के वाहक है तथा हजारों वर्षों से हमारी सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध करने में इनका बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि समाज का दायित्व है कि गौमाता के सम्मान और संरक्षण के लिए अपनी भूमिका निभाएं तथा एक जन-जागरण अभियान चलाकर आमजन को प्रतिदिन गायों की सेवा करने के लिए प्रेरित करें।

### गौ-परायण सरकार का संतों ने जताया आभार

इस दौरान आए संतों ने मुख्यमंत्री द्वारा गौ-संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री ने गौसेवा का एक नया अध्याय शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री द्वारा पिछले दोनों बजटों में गौसेवा के लिए विभिन्न प्रावधान किए गए है। गत सरकार में गौ भक्तों को गौ-संरक्षण के लिए आंदोलन करना पड़ता था, लेकिन इस सरकार में हमारे लिए आशीर्वाद कार्यक्रम हो रहे है।



### विकास भी और विरासत भी की सोच को आगे बढ़ा रहे प्रधानमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास भी हो रहा है और देश की विरासत भी समृद्ध होती जा रही है। वे देश-दुनिया के करोड़ों लोगों के महानायक हैं, जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत, दृढ़ निश्चय, योजनाबद्ध कार्य और दूरदृष्टि से देश और दुनिया को एक नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि राजस्थान का प्रवासी देश-दुनिया में अपनी मिट्टी से जुड़ा हुआ है तथा प्रवासियों ने हर जगह गौशालाएं बनायी है जिससे गौसेवा के पुण्य कार्यों को बढ़ावा दिया जा सके।

### पशु बीमा के माध्यम से पशुपालकों को दी आर्थिक सुरक्षा

शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन गौ-संरक्षण के लिए दूरदर्शी सोच के साथ काम कर रही है। इसी क्रम में प्रदेश के पशुपालकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए शुरू की गई 'मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना' के दायरे को बढ़ाते हुए आगामी वित्त वर्ष में प्रत्येक श्रेणी में बीमित पशुओं की संख्या दोगुनी की जाएगी। उन्होंने कहा कि पशुधन नि:शुल्क आरोग्य योजना के तहत औषधियों एवं टीकों की संख्या में वृद्धि, मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना के तहत दुग्ध संग्रहण के लक्ष्य को बढ़ाना, सर्दियों में गौशालाओं को आवश्यकता अनुसार अनुदान के स्थान पर बाजरा का विकल्प, एक हजार नवीन सहकारी समितियों अथवा संग्रह केंद्रों की स्थापना, 100 पशु चिकित्सा अधिकारियों एवं एक हजार पशुधन निरीक्षकों की भर्ती सहित विभिन्न कार्य गौसेवा के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे है।

## परकोटे के 900 दुकानदारों को झटका

### हाईकोर्ट ने 19 कॉमर्शियल-कॉम्प्लेक्स के मामले में यथास्थिति के आदेश वापस लिए

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** हाई कोर्ट ने परकोटे (वॉलसिटी) में संचालित 19 कॉमर्शियल-कॉम्प्लेक्स के मामले में यथास्थिति के आदेश वापस ले लिए हैं। मुख्य न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव व जस्टिस भुवन गोयल ने सोमवार को कॉम्प्लेक्स संचालकों के प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए कहा कि इस बैंच की समकक्ष बैंच ने सील के आदेश जारी किए थे। ऐसे में समकक्ष बैंच की अपील इस बैंच में नहीं हो सकती हैं। इसके लिए पक्षकार चाहे तो सुप्रीम कोर्ट में अपील कर सकते हैं। वहीं अगर वे 25 फरवरी के आदेश में कोई संशोधन चाहते है कि तो संबंधित बैंच के सामने मामले को मेंशन करे। हाई कोर्ट ने इस मामले में प्रार्थना पत्र पेश करने वाले दुकानदारों को भी पक्षकार बनाने के निर्देश दिए थे।

### रिपोर्ट प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत के खिलाफ

हाई कोर्ट में प्रभावित कॉम्प्लेक्स संचालकों की ओर से कहा गया कि हाई कोर्ट के आदेश के बाद जो रिपोर्ट तैयार की गई। वो पूरी तरह से गलत, त्रुटिपूर्ण और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ हैं। उस रिपोर्ट के आधार पर हाई कोर्ट ने इन 19 कॉमर्शियल-कॉम्प्लेक्स को सील करने का आदेश जारी कर दिया।

### करीब 900 दुकानदारों झटका

हाई कोर्ट के आज के आदेश से इन कॉम्प्लेक्स में संचालित करीब 900 शोरूम व दुकानों के व्यापारियों को झटका लगा हैं। हाई कोर्ट के 25 फरवरी के आदेश के बाद हेरिटेज निगम ने इन कॉम्प्लेक्स को सील करने के नोटिस जारी कर दिए थे। जिसके खिलाफ प्रभावित कॉम्प्लेक्स संचालक और दुकानदार हाई कोर्ट पहुंचे थे।

## संक्षिप्त समाचार

### तनिष्क शोरूम से 25 करोड़ के गहने लूटकर भागे बदमाश

2 को गोली मारकर 2 झोला ज्वेलरी बरामद; 4 बदमाशों की तलाश जारी

बढ़ता राजस्थान

**आरा (भोजपुर)।** बिहार में आरा के गोपाली चौक स्थित तनिष्क शोरूम से सोमवार को 6 बदमाश 25 करोड़ की ज्वेलरी लूट ले गए। बदमाशों का पीछा कर रही पुलिस ने फायरिंग की। दो बदमाशों के पैरों में गोली लगी। पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। उनके पास से दो झोला ज्वेलरी बरामद की गई। 4 बदमाश बाकी ज्वेलरी लेकर भाग गए। शोरूम के स्टोर मैनेजर कुमार मृत्युंजय ने बताया, शोरूम में 50 करोड़ से ज्यादा के जेवरात थे। अपराधियों ने 25 करोड़ के गहने लूट लिए। सोमवार सुबह साढ़े 10 बजे 3 बाइक से आए 6 बदमाशों ने शोरूम के बाहर खड़े गार्ड के साथ मारपीट कर उनका हथियार भी छीन लिया। शोरूम में घुसते ही शटर अंदर से बंद करके करीब 22 मिनट तक दोनों फ्लोर पर लूटपाट की। भोजपुर के एसपी राज ने बताया, पुलिस ने शोरूम के अंदर लूट की फोटो वॉट्सऐप ग्रुप में शेयर की थी। बड़हरा थाना पुलिस ने बबुरा छोटे पुल के पास 3 बाइक पर 6 संदिग्धों को देखा। उनके रोकने पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी फायरिंग की। इसमें 2 बदमाशों के पैर में गोली लगी। पुलिस ने उन्हें दबोच लिया।

### जम्मू जा रही बस के ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराने से चार लोगों की मौत, 11 घायल

बढ़ता राजस्थान

**पंजाब।** पंजाब के जालंधर जिले में सोमवार को एक बस के ईंटों से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराने से चार लोगों की मौत हो गई जबकि 11 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना जालंधर के काला बकरा इलाके के पास उस समय हुई जब बस राजस्थान से जम्मू जा रही थी। पुलिस ने बताया कि जब ट्रैक्टर-ट्रॉली गांव की सड़क से जालंधर-पठानकोट राजमार्ग पर आई तो बस ने उसमें टक्कर मार दी। पुलिस के अनुसार, बस चालक और एक यात्री की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य यात्रियों ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा, हम उन परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं जिन्होंने अपनों को खोया है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। मुख्यमंत्री ने पंजाब पुलिस की सड़क सुरक्षा टीम द्वारा घायलों की मदद करने के प्रयासों की सराहना की।

## विधानसभा में स्पीकर और नेता प्रतिपक्ष में हुई बहस

# मंत्री हमारा फोन नहीं उठाते, जनता का क्या उठाएंगे : रमिला खड़िया

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** विधानसभा में वन पर्यावरण के अनुदान मांगों पर बहस के दौरान कांग्रेस विधायक रमिला खड़िया ने कहा- वन मंत्री विधायक का फोन नहीं उठाते तो जनता का क्या फोन उठाएंगे। रमिला खड़िया ने कहा- मेरे विधानसभा क्षेत्र के खुमनी हाला गांव का रास्ता वन विभाग ने खाई खोदकर बंद कर दिया। एकमात्र रास्ता बंद होने से बच्चे स्कूल कैसे जाएंगे। मैंने मंत्री जी को फोन भी लगाया, लेकिन नहीं उठाया। खड़िया ने कहा- मंत्री जब जवाब दें तो इस मुद्दे पर जरूर बात करें। 150 बच्चों के भविष्य का सवाल है। उन्होंने वन मंत्री से कहा- कम से कम विधायक का तो फोन उठाओ। आप विधायक का ही फोन नहीं उठाते तो जनता का क्या उठाओगे? हम आपको परेशान करने कॉल नहीं करते हैं। इससे पहले विधानसभा में बसपा विधायक जसवंत सिंह गुर्जर ने टैबलेट को स्टैंड की तरह पकड़ा तो स्पीकर वासुदेव देवनानी ने फटकार लगाई। स्पीकर ने गुर्जर को टोकते हुए कहा- इस पर दबाव नहीं डाले, कागज हाथ में लेकर पढ़िए। इस पर विधायक ने कहा कि एक ही बात है। स्पीकर ने कहा- एक बात नहीं है। विधायक ने मजाकिया लहजे में कहा क्या-क्या हाथ में लें। कांग्रेस विधायक रफीक खान के सवाल के जवाब में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा- टारगेट के हिसाब से अनुप्रति योजना के तहत कोचिंग इंस्टीट्यूट का चयन किया है। इस योजना का अध्ययन करने के लिए पंजाब सहित कई राज्यों के अफसर आए हैं। हमारी सरकार ने अच्छी तरह योजना को चला रखा है। कांग्रेस सरकार के समय के बकाया का भुगतान भी हमने किया है। हमने इसमें 50 हजार स्टूडेंट्स को फायदा देने का टारगेट रखा है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और कांग्रेस विधायक रफीक खान ने मंत्री के जवाब को गलत करार देते हुए कहा- जिन बच्चों को जून-जुलाई में भुगतान हो जाना चाहिए था, उन्हें अब तक भुगतान क्यों नहीं हुआ? इसके लिए कौन जिम्मेदार है, कौन दोषी है। उन पर क्या कार्रवाई करेंगे? मंत्री सीधा जवाब देने की बजाय इधर-उधर घूमा रहे हैं।

### वन विभाग ने मेरे क्षेत्र के एक गांव का रास्ता बंद कर दिया

कांग्रेस की आदिवासी विधायक रमिला खड़िया ने वन पर्यावरण के अनुदान मांगों पर बहस के दौरान कहा- मेरे विधानसभा क्षेत्र के सज्जनगढ़ क्षेत्र के खुमनी हाला गांव का वन विभाग ने खाई खोदकर रास्ता बंद कर दिया। एकमात्र रास्ता बंद होने से बच्चे स्कूल कैसे जाएंगे। मैंने मंत्री जी को फोन भी लगाया, लेकिन नहीं उठाया। मंत्री जब जवाब दें तो इस मुद्दे पर जरूर बात करें। 150 बच्चों के भविष्य का सवाल है। खड़िया ने कहा- ऐसे लोगों को आज तक वन अधिकार के पट्टे नहीं दिए। खड़िया ने मंत्री से कहा- आप सिर तो हिला रहे हो, लेकिन आप फोन ही नहीं उठाते हो, कम से कम विधायक का तो फोन उठाओ। आप विधायक का ही फोन नहीं उठाते तो जनता का क्या फोन उठाओगे?

## किसानों को उन्नत तकनीकी से रूबरू कराने में कृषि मेले हो रहे हैं मील का पत्थर साबित : मीणा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि किसान उन्नत वैज्ञानिक तकनीक को अपनाकर उत्पादन में वृद्धि कर सकते हैं। कृषि मेले किसानों को नवीन तकनीक से रूबरू कराने में अहम योगदान देते है। राज्य में कृषकों को कृषि की उन्नत तकनीक के बारे में जागरूक करने के लिए कृषक मेलों का आयोजन 'मील का पत्थर' साबित होंगे। यह बात कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर और कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन संस्थान (आत्मा) के सहयोग से सोमवार को जोबनेर, जयपुर में आयोजित कृषि मेले के शुभारंभ समारोह में कही।



होम डिलेवरी | सुस्वागतम् | एसी. व्यवस्था
श्री श्याम रेस्टोरेन्ट
शुद्ध शाकाहारी लाजवाब, स्वादिष्ट खाना, उत्तम सर्विस, साथ ही गार्डन रेस्टोरेन्ट की लॉन के बीच उचित व्यवस्था।

फैमिली की अलग से बैठने की व्यवस्था
शाही खाना साधारण रेट पर
बर्ड डे पार्टी, शादी पार्टी, किट्टी पार्टी
एवं अन्य शुभ अवसरों की पार्टियों का आयोजन किया जाता है।
पैकिंग की उत्तम व्यवस्था
एक बार सपरिवार पधारकर सेवा का मौका अवश्य दें।
टोंक रोड़, गोनेर मोड़, रेल्वे फाटक के बीच पीपल के पेड़ के पास, J.N.I.T. College, Y.I.T. College के सामने, सांगानेर, जयपुर
रतन भैय्या मो. : 97998-86970

## एअर इंडिया की फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी

### टॉयलेट में चिट्ठी रखी थी; साढ़े 8 घंटे उड़ने के बाद मुंबई लौटी, 322 पैसेंजर सवार थे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुंबई से न्यूयॉर्क जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट एआई-119 को सोमवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी मिली। 8 घंटे 37 मिनट की उड़ान के बाद फ्लाइट को मुंबई डायवर्ट कर दिया गया। फ्लाइट में 19 क्रू मेंबर्स समेत 322 यात्री सवार थे। एअर इंडिया ने बताया कि फ्लाइट के वॉशरूम में एक नोट मिला, जिसमें बम की धमकी दी गई थी। सुरक्षा प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए रास्ते से ही विमान को वापस मुंबई लाने का फैसला किया गया। विमान 10:25 बजे मुंबई पहुंचा।

एअर इंडिया की फ्लाइट एआई-119 मुंबई एयरपोर्ट के टर्मिनल-2 से रात 1:43 बजे न्यूयॉर्क के लिए उड़ान भरी थी। फिलहाल सुरक्षा एजेंसियां जांच में जुटी हुई हैं। यात्रियों को हुई असुविधा के लिए हमें खेद है। फ्लाइट 11 मार्च सुबह 5 बजे के लिए रिशेड्यूल किया गया एयरलाइन ने कहा कि फ्लाइट को अब 11 मार्च सुबह 5 बजे के लिए रिशेड्यूल किया गया है। यात्रियों को होटल आवास, भोजन और अन्य आवश्यक सहायता दी गई है।

सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38, चौमू हाउस, सी-स्कीम, जयपुर (राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा, बहरोड़,, सुजानगढ़, रावतभाटा, अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू, खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू, टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

दैनिक बढ़ता राजस्थान



# फूलडोल मेले का आगाज निकला एकादशी का थाल

बढ़ता राजस्थान

**शाहपुरा( कमलेश अग्रवाल )।** अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय के 260 वे फूलडोल महोत्सव का शुभारम्भ सोमवार को एकादशी का थाल निकलने के साथ ही शुरू हो गया।आज प्रात: 10.30 बजे नया बाजार स्थित राम मेडिया से शोभायात्रा के साथ सदर बाजार , चमना बावड़ी , कुंडगेट , त्रिमूर्ति चौराया बस स्टैंड होता हुआ रामशाला के सामने से रामनिवास धाम रामद्वारा पहुचा।थाल में भक्त जनों द्वारा गीत गाते हुए पैदल बिना चप्पल-जूतों के चल रहे थे।इसी के साथ विभिन्न शहरों से संतो का आवागमन भी प्रारम्भ हो गया।फूलडोल मेले में पिवनिया तालाब के सम्मन तरण ताल के पास प्रांगण में झूले चकरी भी लगने लगे गए है। नगर परिषद द्वारा भी मेला परिषद में अस्थाई दुकाने भी लग गई है।जिससे मेले का रूप देखना भी शुरू हो गया है व चहल-पहल भी शुरू हो गई है।अब होली के दूसरे दिन 14 मार्च 19 मार्च तक प्रतिदिन थाल निकलेगा।

# शाहपुरा जिले का संघर्ष 68 दिन से अनवरत जारी सराफा व्यवसायियों ने दिया समर्थन एवं धरना

बढ़ता राजस्थान

**शाहपुरा( कमलेश अग्रवाल )।** जिला बचाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान में चल रहे आंदोलन के तहत 10/3/25 68 वे दिन सर्राफा व्यवसायियों ने दिया धरना। संघर्ष समिति अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा ने बताया कि शाहपुरा जिले को लेकर चल रहे आंदोलन में प्रत्येक समाज व संगठन अपना योगदान दे रहा है इसी का परिणाम है कि आज 68 दिन से निरंतर जिले की मांग को लेकर धरना जारी है।

सर्राफा व्यवसायी शमसुद्दीन भाटी ने कहा कि स्थानीय विधायक को जनता ने हजारों वोटो से जिताया तो उनकी जवाबदारी बनती है कि वह धरने पर आकर जनता को आश्वस्त करें और सरकार को मापदंड के अनुसार जिला बनाकर न्याय संगत कार्यवाही करनी चाहिए।वरिष्ठ अधिवक्ता त्रिलोकचंद नौलखा ने कहा की धरना सभी के सहयोग से निरंतर जारी है संघर्ष समिति के द्वारा आगामी जो भी आयोजन किए जावे उसमें सभी संगठन और समाज आगे बढ़कर जिले बहाली की आवाज को बुलंद करने के लिए बढ़ चढ़कर भाग लेवे। समिति के दुर्गालाल जोशी ने कविता के माध्यम से जल्द जिला बहाली की अपील की। संयोजक रामप्रसाद जाट ने 13 मार्च को सांय 7-30 बजे त्रिमूर्ति चौराहे पर संघर्ष समिति के होलिका दहन एवं फूलडोल महोत्सव में संघर्ष समिति के आयोजन और हस्ताक्षर अभियान में ज्यादा से ज्यादा



हिस्सा लेने की अपील की। इस दौरान सत्यप्रकाश बेली कैलाश सोनी शुभम मराठा राहुल सोनी शमसुद्दीन भाटी प्रवीण सोनी महेश कुमार सत्यनारायण सोनी ओमप्रकाश सोनी शंकर लाल कुमावत सांवरिया सोनी महावीर कुमावत राज नारायण काबरा हेमराज सोनी नीरज बेली संजय सोनी गौरव सोनी और संघर्ष समिति के रामेश्वर सोलंकी अविनाश शर्मा सत्यनारायण पाठक अधिवक्ता अनिल शर्मा आशीष पालीवाल पन्नालाल खारोल अंकित शर्मा अरविंद सिंह राणावत योगेंद्र सिंह भाटी कुलदीप सिंह यादव प्रियेश सिंह यदुवंशी आदि मौजूद थे।

# जगमोहन गौतम लगातार दूसरी बार बने अध्यक्ष



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** महर्षि गौतम आश्रम पर श्री गूर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज विकास समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति संरक्षक ओमप्रकाश शर्मा बड़ी वालों ने की। संरक्षक शर्मा ने बताया कि बैठक में गौतम विकास समिति के अध्यक्ष को लेकर सर्व सम्मति से लगातार दूसरी बार जगमोहन गौतम मूण्डिया को समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसी दौरान उपाध्यक्ष बाबूलाल रजवास व ओमप्रकाश नेनवाड़ी, कोषाध्यक्ष बृज भूषण सीदडा व सचिव डॉ. देवेंद्र शर्मा रामनगर को मनोनीत किया गया। सभी मनोनीत पदाधिकारियों का उपस्थित समाज के लोगों ने माला और साफा पहनाकर स्वागत किया। नव मनोनीत अध्यक्ष जगमोहन गौतम ने समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के द्वारा जो जिम्मेदारी मुझे दोबारा दी गई है उसे पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करुंगा और समाज उत्थान के लिए हमेशा प्रयत्न करूंगा। बैठक में महर्षि गौतम जयंती के आयोजन को लेकर भी विचार विमर्श किया गया। जिसमें उपस्थित समाज बन्धुओं ने अनेक सुझाव दिए।

# मकरध्वज बालाजी धाम में 12 अप्रैल को धूमधाम से मनाई जाएगी श्री हनुमान जयंती

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णुदत्त धीमान )।** स्थानीय बलाड रोड स्थित मकरध्वज बालाजी धाम में 12 अप्रैल 2025 (शनिवार) को श्री हनुमान जयंती महोत्सव हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर विशाल मेला, हनुमान महा-अनुष्ठान, नाथ नादी धारण संस्कार, चमत्कारी महा-आरती, हनुमान जन्मोत्सव, विराट भजन संध्या सहित अनेक धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

## धार्मिक अनुष्ठानों की रहेगी विशेष धूम

श्री बालाजी भक्त मंडल के अध्यक्ष लक्ष्मण लोहार ने बताया कि मकरध्वज बालाजी धाम को भव्य रूप से सजाया जाएगा और भगवान की प्रतिमा का विशेष श्रृंगार होगा। धाम के महंत डॉ. प्रकाश नाथ शास्त्री ने बताया कि महोत्सव के तहत सुबह 7 बजे महा-अभिषेक एवं श्रृंगार आरती, सुबह 9 बजे कामनापूरक संकट मोचक श्री हनुमान महा-यज्ञ, सुबह 11 बजे से नाथ संप्रदाय की जीवित समाधि स्थल पर सिद्धों का समाधि पूजन एवं नाथ नादी संस्कार आयोजित किए जाएंगे।

## गुरु दीक्षा एवं चमत्कारी महा आरती मुख्य आकर्षण

दोपहर 2 बजे गुरु दीक्षा-आशीर्वाद समारोह होगा, जिसमें श्रद्धालु गुरु दीक्षा प्राप्त कर आशीर्वाद प्राप्त कर सकेंगे। इसके बाद शाम 5 बजे बालाजी को ध्वजा भेंट की जाएगी। शाम 6 बजे चमत्कारी महा आरती का दिव्य दर्शन कराया जाएगा, जिसमें हजारों भक्तों के शामिल होने की संभावना है। इस दौरान भगवान को मावे के केक का विशेष भोग लगाया जाएगा।

## विशाल भजन संध्या में गूंजेंगे भक्तिमय स्वर

मकरध्वज युवा संगठन के अध्यक्ष दिलीप सांखला ने बताया कि रात्रि 8 बजे विराट भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें इंदौर के सुप्रसिद्ध भजन गायक शुभम राणा एवं चुरू की भजन गायिका पूजा जांगिड़ अपनी प्रस्तुतियां देंगी। साथ ही, विजय शर्मा एवं राहुल दगदी के निर्देशन में पायल म्यूजिकल इवेंट की ओर से भव्य झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी।

# इनरव्हील दीवास ने मनाया होली मिलन समारोह

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** इनर व्हील दीवास की महिलाओं ने शहर के एडवांस न्यूरो एंड फिजियो क्लिनिक में आयोजित एक कार्यक्रम में होली मिलन समारोह मनाया। अध्यक्ष नयना जैन ने बताया कि यह कार्यक्रम महिलाओं के सम्मान में रखा गया है जिसमें विशेष अतिथि उदयपुर की पुलिस उपाधीक्षक चेतना भाटी थी। इस अवसर पर भाटी ने सभी महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं को अपने स्वास्थ्य का पूर्ण ध्यान रखना चाहिए अपने अच्छे स्वास्थ्य के लिये समय निकालना चाहिए चाहे आप टहलने जाये, योग करें , कसरत करें कुछ ना कुछ अपने आप को फिट रखने के लिए करते रहें। इस टॉक शो का उद्देश्य महिलाओ को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का संचालन एडवांस न्यूरो एंड फिजियो क्लिनिक की डॉ सोनाली माथुर ने किया। डॉ.सोनाली माथुर ने दिवास की सभी सदस्यों का सम्मान किया। क्लब की फाउंडर रेखा भाणावत ने सभी को क्लब के बारे में बताया। मंच संचालन दीवास की पूर्व अध्यक्ष सोनिका सिंघवी नें किया। दीवास की ओर से शशि मेहता, ललिता बापना, बेला व्यास, रचना सिंह, सुलेखा मोगरा, ममता छाजेड़, बसंत राव, जागृति रवानी, कुंदना पालीवाल, विंकल मोगरा, अनिता कोठारी, सुनीता बोकाड़िया, प्रीति श्रीमाली, सोनिया बाबेल, प्रमिला कोठारी, कल्पना चोरड़िया, वनिता पामेचा, स्नेहा सिसोदिया, खुशबू जैन, पायल जैन, सरोज मेहता, सीमा भंडारी आदि शामिल थीं। डॉ तरुण माथुर भी मौजूद थे।

# ब्यावर में बाबा श्याम के लक्खी फाल्गुन मेले में उमड़ा भक्तों का सैलाब

## नगर भ्रमण यात्रा में भी श्रद्धा की भीड़ देखने को मिली

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णुदत्त धीमान )।** बाबा श्याम के लक्खी फाल्गुन मेले में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। बाबा श्याम के लाखों भक्त श्रद्धा और भक्ति के साथ ब्यावर के अजमेरी गेट स्थित फतेहपुरिया चौपड़ के पास बने मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे। सोमवार सुबह बाबा श्याम की नगर भ्रमण यात्रा निकाली गई, जिसमें भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। यात्रा में श्रद्धालु अपने हाथों में निशान लिए चल रहे थे, वहीं महिलाएं सिर पर कलश धारण कर श्रद्धा से भक्ति-भाव प्रकट कर रही थीं। मंदिर के भक्त विनेश कौशिक ने बताया कि प्रत्येक एकादशी को दरबार में मेले जैसा माहौल रहता है, लेकिन इस बार 16वां वार्षिक लक्खी मेला होने के कारण श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया।

**नगर भ्रमण यात्रा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब :** नगर भ्रमण के दौरान करीब 201 महिलाओं ने कलश उठाए, जबकि 163 भक्त निशान लिए बाबा श्याम की जय-जयकार करते नजर आए। यह यात्रा फतेहपुरिया चौपड़ स्थित मंदिर से शुरू होकर एकता सर्किल, पुरानी सब्जी मंडी, सरावगी मोहल्ला,



डिग्गी मोहल्ला, भगत चौराहा होते हुए अजमेरी गेट तक पहुंची और फिर मंदिर परिसर में समाप्त हुई।

**भक्ति और रंगों का संगम :** यात्रा के दौरान श्रद्धालु भक्ति के रंग में डूबे नजर आए। भक्तों ने डीजे की धुन पर नाचते-गाते बाबा श्याम की भक्ति में लीन होकर खूब उत्साह प्रकट किया। इस दौरान भक्तों ने होली के रंगों से भी होली खेली, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय और रंगीन हो गया।

**तीन दिवसीय मेला बना आस्था का केंद्र :** यह भव्य मेला तीन दिनों तक चलेगा, जिसमें हर दिन हजारों श्रद्धालु बाबा श्याम के दर्शन के लिए पहुंचेंगे। भक्तों का मानना है कि बाबा श्याम के दरबार में सच्चे मन से अरदास करने पर सभी इच्छाएं पूर्ण होती हैं।

# होली के रंग जे.के. लक्ष्मी के संग



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** भारत का प्रतिष्ठित सीमेंट ब्राण्ड जेके लक्ष्मी सीमेंट एवं प्लेटिनम सीमेंट की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन स्थानीय फर्न रेजीडेन्सी में किया गया। इस अवसर पर कम्पनी के राजस्थान प्रमुख चंचल श्रीवास्तव ने कहा कि होली के षुभअवसर पर कम्पनी के ब्राण्ड एम्बेसेडर रोहित षर्मा के नेतृत्व में भारतीय क्रिकेट टीम द्वारा चैम्पियन्स ट्रॉफी जीतने पर होली का मजा दुगना हो गया है। श्रीवास्तव ने भारतीय टीम व देष को जीत की बधाई देते हुए कहा कि रंगो का त्यौहार होली भारतीय समृद्ध त्यौहार परम्परा का एक उत्कृश्ठ उदाहरण है जिसमें हर कोई आपस में रंग लगाकर एक दूसरे को त्यौहार की षुभकामनाएं देते है।

इस अवसर पर कम्पनी के राजस्थान टेक्नीकल हैड संजय सिंह एवं अमलेष श्रीवास्तव के साथ ही करीब 400 अधिकृत विक्रेता व अधिकारी उपस्थित थे। इन सब ने आपस में होली खेलकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी।

# नवगठित कार्यकारिणी का अभिनन्दन

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** 'वर्धमान स्थानकवासी जैन श्राविका संघ',कुम्हारवाड़ा द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम की शुरुआत नवकार महामंत्र एवं मंगलाचरण से हुई। इस अवसर पर श्राविका संघ के अगले कार्यकाल (2025-27) के लिए अध्यक्ष श्रीमती संतोष मेहता महामंत्री श्रीमती सुनीता चण्डालिया, कोषाध्यक्ष श्रीमती अनामिका सेठिया एवं समस्त कार्यकारणी का स्वागत अभिनन्दन किया गया। इस अवसर फागोत्सव हर्बल गुलाल से तिलक लगाकर मनाया श्रविका संघ अध्यक्षा ने स्वागत उद्धबोधन में महिलाओं को उनके सपने साकार करने के दृढ़ संकल्प करके संघर्ष का सामना करते हुए हिम्मत से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। श्रविका संघ की सभी श्राविका को उत्साहवर्धन स्वरूप पुरस्कार दिया गया। कोषाध्यक्ष अनामिका सेठिया द्वारा महिला दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिलाएं कोई भी काम दृढ निश्चय, श्रद्धा और लगन से करें और जो भी सपना अपने मन में संजोए उसे साकार और सफल बनाने की कोशिश करे तब ही अपना जीवन सफल हो पायेगा। अन्त में महामंत्री सुनिता चण्डालिया ने आभार व्यक्त किया गया।

# विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी : शाखा ब्यावर द्वारा सूर्यनमस्कार प्रतियोगिता में खुशबु बन्सल एवं कविता शर्मा रहीं प्रथम

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णुदत्त धीमान )।** विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी - शाखा ब्यावर द्वारा रविवार को केसरी नंदन गार्डन में शहर स्तरीय योग आहुति कार्यक्रम के अंतर्गत सूर्यनमस्कार प्रतियोगिता आयोजित की गई।

प्रतियोगिता में कुल 67 प्रतिभागियों ने पंजीकरण करवाकर उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत में डॉ. अनिरुद्ध शर्मा ने सूर्यनमस्कार के वैज्ञानिक पहलुओं पर प्रकाश डाला, जबकि प्रांत कार्यपद्धति प्रमुख डॉ. स्वतंत्र शर्मा ने प्रतियोगिता के नियम समझाए। और 15 से



35 वर्ष के कनिष्ठ एवं 36 से 55 वर्ष के वरिष्ठ वर्ग में आयोजित इस प्रतियोगिता में 22 प्रतिभागियों ने दक्षता के साथ 108 चक्र पूर्ण किए।

## विजेताओं की सूची

प्रतियोगिता के प्रश्नोत्तरी व अंतिम शुद्धता चरण के बाद विजेता घोषित किए गए। कनिष्ठ वर्ग (15-35 वर्ष), प्रथम स्थान- खुशबु बन्सल, द्वितीय स्थान- नेहा भारद्वाज, तृतीय स्थान- हेमंत कुमावत, वरिष्ठ वर्ग (36-55 वर्ष) प्रथम स्थान- कविता शर्मा, द्वितीय स्थान- प्रीति गौड़, तृतीय स्थान- सीता शर्मा, सम्मान एवं पुरस्कार 108 चक्र पूर्ण करने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। विजेताओं को क्रमश: ? 2100, ? 1100 एवं ? 500 की नकद राशि, स्मृति चिन्ह और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा, 9 से 12 वर्ष के सक्षम तोषनीवाल, किरा प्रजापति, यथार्थ खंडेलवाल, यशवंत सोनी तथा 72 वर्षीय राजकुमार टाक को विशेष स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

# गर्भ संस्कार और प्रीनेटल केयर की दी जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मीतू बाबेल ने सोमवार को बेबी ब्लिस बाय सृजन पर आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं को गर्भ संस्कार और प्रीनेटल केयर की जानकारी दी। इस अवसर पर शहर की 20 स्त्री रोग विशेषज्ञ महिला चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। केन्द्र की निदेशक संगीता मूंदड़ा ने बताया कि यह उदयपुर का पहला गर्भ संस्कार और प्रीनेटल केयर केंद्र है। इसमें गर्भस्थ शिशु के मानसिक शारीरिक वी ऑल राउंड डेवलपमेंट पर प्राचीन विज्ञान के तहत सेशन लिए जाते हैं। आज के कार्यक्रम में करीब 60 महिलाओं ने भाग लिया। साथ ही उदयपुर की 20 जानी-मानी गाइनेकोलॉजिस्ट को उनके एक्सीलेंट वर्क के लिए अवार्ड से सम्मानित किया गया। डायरेक्टर ज्योति कुमावत ने बताया कि इस केंद्र पर गर्भवती महिलाओं के लिए गर्भ संस्कार, गर्भ संवाद, ध्यान साधना, लमाज तकनीक साउण्ड थैरेपी आदि करवायी जाती है।

डायरेक्टर अर्चना व्यास ने संस्थान के बारें में जानकारी दी। समारोह में उदयपुर की 20 प्रतिष्ठित स्त्री रोग विशेषज्ञों का डॉ. मोनिका शर्मा खंडेलवाल, डॉ. प्रेरणा बाहेती,डॉ सौम्या सोमानी ,डॉ.प्रीति मुकेश,डॉ. पूजा गांधी, डॉ.कमलेश पंजाबी, डॉ.आकांक्षा त्रिपाठी,डॉ. नलिनी शर्मा, डॉ.विनीता बाघेला,डॉ जिनी गुप्ता, डॉ. लता मेहता,डॉ. शिखा शर्मा,



डॉ.भावना वर्मा, डॉ स्मिता बारिया, डॉ.कुसुम माथुर, डॉ.विमला धाकड़,डॉ सिमी सूद को सम्मानित किया। डॉ.मोनिका शर्मा खंडेलवाल ने भी बताया कि इस तरह के सेंटर के शहर में बहुत उपयोगी और जरूरी है गर्भस्थ महिलाओं के लिए सकारात्मक; तनाव मुक्त रहने में बहुत मददगार साबित होगा।

# सीएलजी की बैठक में ट्रैफिक एवं पार्किंग का छाया मुद्दा

## एएसपी वैभव शर्मा ने ली सीएलजी सदस्यों की बैठक

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** स्थानीय पुलिस थाने में सोमवार को आगामी त्यौहारों को देखते हुए सीएलजी सदस्यों की बैठक आयोजित हुई। जिसमें सीएलजी सदस्यों ने शहर की ट्रैफिक एवं पार्किंग व्यवस्था में सुधारकों लेकर अधिकारियों को अवगत करवाया। सीएलजी सदस्यों ने कहा कि शहर में पार्किंग व्यवस्था नहीं होने के कारण बीच सड़क में लोग वाहन खड़ा कर देते हैं। जिसके कारण दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। सीएलजी सदस्यों ने स्कूली छात्राओं एवं महिलाओं की सुरक्षा को लेकर भी अनेक सुझाव दिए। जिस पर एएसपी वैभव शर्मा ने पार्किंग व्यवस्था को चिन्हित करके इसमें सुधार करने का आश्वासन दिया। शर्मा ने कहा कि शहर में कालीका यूनिट की टीम भीड़भाड़ इलाकों में महिलाओं की सुरक्षा के लिए लगाई हुई है। उन्होंने कहा कि चोरियों की वारदात रोकने में पुलिस के साथ आमजन का भी सहयोग जरूरी है। साथ ही आने वाले समय में कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाएगा। इस मौके पर डीएसपी राजेंद्र बुरडक, थानाधिकारी राजेश शर्मा सहित अनेक हीरालाल सैनी, किशोर खंडेलवाल जावेद कुरेशी, मो. इरफान कुरैशी अरे प्रकाश सोनी रामचंद्र अग्रवाल,लक्ष्मी नारायण अमर सिंह कुमावत राम सिंह पायला राहुल गुप्ता, भैरूराम मीणा रोहिताश लांबा आदि सीएलजी सदस्य पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

# श्याम मंदिर में फागोत्सव आज

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** श्री राधा महिला मण्डल के तत्वावधान में मंगलवार को श्याम मन्दिर में फागोत्सव का आयोजन होगा। श्री राधा महिला मण्डल की अध्यक्ष एडवोकेट सरोज अग्रवाल ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्याम नरेश के दरबार मे फागोत्सव का आयोजन दोपहर एक से चार बजे तक होगा साथ ही भव्य भजन संध्या का आयोजन होगा। इस दौरान फूलों की होली खेली जाएगी। उन्होंने बताया कि फागोत्सव पर राधा-कृष्ण की सजीव झांकिया सजाई जाएगी एवं महारास का आयोजन होगा। फागोत्सव के बाद महाआरती कर भक्तों को प्रसादी वितरित की जाएगी।

कोटपूतली में डीजे कोर्ट खोले जाने का मामला

# अधिवक्ताओं की पेन डाउन हड़ताल व क्रमिक अनशन 27 वें दिन सोमवार को भी रहा बदस्तुर जारी

## आज धरना स्थल पर सुन्दरकाण्ड पाठ का होगा आयोजन

बढ़ता राजस्थान




**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** नवगठित जिला कोटपूतली-बहरोड़ के जिला मुख्यालय कोटपूतली में जिला एवं सत्र न्यायालय एवं इसके समकक्ष न्यायालय खुलवाये जाने की मांग को लेकर जिला अभिभाषक संघ के तत्वाधान में अधिवक्ताओं द्वारा शुरू की गई पेन डाउन हड़ताल व धरना प्रदर्शन स्थानीय न्यायालय परिसर में सोमवार को लगातार 27 वें दिन भी बदस्तुर जारी रही। वहीं विगत 15 दिनों से अधिवक्ताओं की क्रमिक अनशन व भूख हड़ताल सोमवार को भी लगातार जारी रही। इस दौरान संघ के अध्यक्ष एड. उदयसिंह तंवर के नेतृत्व में सुशील यादव, राजाराम रावत, ज्योति शर्मा, निरंजन कुमावत व ममता वर्मा आदि अधिवक्ताओं ने क्रमिक अनशन किया। विगत 27 दिनों से जारी हड़ताल के कारण यहाँ के विभिन्न न्यायालयों में लगभग 20 हजार से अधिक मुकदमों की सुनवाई लम्बित हो चुकी है। पक्षकार न्यायालयों से बैरंग वापस लौट रहे है। साथ ही विभिन्न कार्य भी ठप पड़े है। इस मौके पर न्यायालय परिसर में पहुँचे श्री नारायणी सैन समाज कोटपूतली, श्री सैन मंदिर विकास प्रबंधक एवं समाजोत्थान समिति कोटपूतली की कार्यकारिणी ने अध्यक्ष ओमप्रकाश सैन के नेतृत्व में डीजे कोर्ट खुलवाये जाने की मांग को समर्थन देते हुये अपना समर्थन पत्र सौंपा। इस दौरान अपर जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं ने जमकर नारेबाजी एवं प्रदर्शन भी किया। उल्लेखनीय है कि डीजे कोर्ट की माँग को लेकर निरन्तर सम्पूर्ण रूप से कार्य बहिष्कार किया जा रहा है। इसको लेकर अब अभिभाषक संघ आर-पार की लड़ाई के मूड में नजर आ रहा है। संघ के अध्यक्ष एड. उदयसिंह तंवर का कहना है कि जब तक कोटपूतली मुख्यालय पर डीजे कोर्ट नहीं खुल जाता, तब तक क्रमिक अनशन व भूख हड़ताल निरन्तर जारी रहेगी। इस दौरान सभी सैशन न्यायालय, सिविल एवं राजस्व न्यायालयों में सम्पूर्ण रूप से पेन डाउन हड़ताल भी रखी जायेगी।

इस दौरान समस्त सैशन, सिविल व रेवन्यू कोर्ट में पेन डाउन हड़ताल के साथ-साथ न्यायिक कार्यो का बहिष्कार रहेगा। साथ ही एसडीएम, तहसील न्यायालय व सब रजिस्ट्रार कार्यालय में भी हड़ताल रखी जायेगी एवं समस्त स्टाम्प वेंडर, डीडराईटर भी हड़ताल में शामिल रहेगें। वहीं मंगलवार को धरना स्थल पर सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन भी किया जायेगा।

# राजस्थान पेंशनर्स सोसायटी शाखा फुलेरा की मासिक बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**फुलेरा ( नि.स. )।** कस्बे की सांभर रोड़ स्थित पुरानी आदर्श विद्या मंदिर में सोमवार को रेलवे पेंशनर्स सोसायटी शाखा फुलेरा की नियमित मासिक मीटिंग शाखा अध्यक्ष रमेश चंद वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के प्रारंभ में पिछले माह दिवंगत पेंशनर्स को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद नए सदस्यों का माला पहना कर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर शाखा सचिव लाल चंद कुमावत ने पिछले माह की प्रगति रिपोर्ट बैठक के समक्ष रखी। साथ ही पेंशन अदालत आगामी 16 मई को आयोजित होने की जानकारी दी तथा अदालत में केस दर्ज करने की अंतिम तिथि 18 मार्च तय की गई। शाखा उपाध्यक्ष महेश सहाय शर्मा ने होली स्नेह मिलन समारोह आगामी 20 मार्च को शेखावत मैरीज गार्डन प्रातः 10 बजे आयोजित करने के बारे में विस्तार जानकारी दी।

बैठक को श्याम लाल सैनी,गिरधर गोपाल , आनन्द स्वरूप मेहरोत्रा,शाखा संरक्षक रामेश्वर दास कुमावत, धन्ना लाल कुमावत आदि ने संबोधित किया। मंच संचालन चंद्र प्रकाश त्रिपाठी ने किया। बैठक में शेष नारायण सैनी,किशन लाल सैनी,भगवती प्रसाद ढिक्या,गुलाब चंद रावत,सत्य प्रकाश जांगिड़, राज कुमार,वीरेंद्र बंसल,राम प्रसाद,बनवारी लाल,अशोक शर्मा, छीतर,मदन लाल,मुकेश कुमार झा,घनश्याम जांगिड़,श्री निवास,लाला राम मीणा,विजय गोपाल दाधीच सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# खातेदारी भूमि से अवैध तरीके से अंकन किए गए रास्ते को निरस्त करवाने को लेकर जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी ) ।** कोटपूतली के ग्राम रामसिंहपुरा के ग्रामीण सोमवार को लामबंद होकर जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि उक्त रास्ते पर किसी तरह का कोई रास्ता नहीं होने के बावजूद भी राजस्व कर्मचारियों द्वारा कूटरचित दस्तावेज तैयार कर कुछ खातेदारों को अवैध लाभ पहुंचाने के लिए खातेदारी भूमि को रास्ते के रूप में दर्ज करने के लिए मिली भगत कर खातेदारी भूमि में रास्ता अंकन किया गया है। यह भूमि खातेदारी की भूमि है जिसमें किसी तरह का कोई रास्ता नहीं है वर्तमान में खातेदारों की भूमि में फसल खड़ी है। लेकिन हल्का पटवारी व गिरदावर ने भूमाफियाओं से मिलकर खातेदारी की भूमि में से रास्ता निकलवाने के लिए षड्यंत्रपूर्वक तरीके से गलत व कूटरचित दस्तावेज तैयार कर खातेदारी की भूमि में से रास्ता अंकन करवाया है। उक्त भूमि में कभी कोई ना तो रास्ता रहा है ना ही रास्ते के रूप में उपयोग लिया गया है। खातेदारों को नुकसान पहुंचाने की तर्ज से गलत रिपोर्ट तैयार की गई है। ना ही खातेदारों की तामील करवाई गई। हम रामसिंहपुरा के ग्रामीण इसका विरोध करते है। यदि इस तरह से साठ गाठ कर भूमाफियाओं को लाभ पहुंचाने के लिए खातेदारी में रास्ता निकालकर जबरन कार्यवाही की जायेगी तो ग्रामवासी इसका घोर विरोध करेगें और उच्च स्तर पर जांच करवायेगें । ज्ञापन सौंपकर जिला कलेक्टर को इसकी निष्पक्ष जांच करवाते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन सौंपने में पूर्व सरपंच असरफी देवी, राजू जाखड़, कैलाश जाट, सतीश शर्मा, रामसिंह जाखड़, सुन्दर जाखड़, अशोक रावत, सरोज शर्मा, सुनिता शर्मा, लोकेश शर्मा, कैलाश, मनोज शर्मा, योगेश शर्मा, शंकरलाल जाट, आशीष शर्मा सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

# नक्षत्रा एग्रो ग्रुप ने आमला एकादशी पर राहगीरों को खिलाई आइसक्रीम

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर/ जयपुर ( राकेश शर्मा )।** नक्षत्रा एग्रो फूड प्रा. लि. ग्रुप की ओर से सोमवार को फागुन मास की शुक्ल पक्ष की आमला एकादशी पर राहगीरों को आइस्क्रीम खिलाई गई। नक्षत्रा ग्रुप की संस्थापक एवं निदेशक अभिलाषा जैन, विकास अधिकारी श्री कृष्णा जेवरिया, जूनियर अकाउंटेंट पवन शर्मा मार्केटिंग प्रतिनिधि विश्वजीत, कार्यालय सहायक योगेश सहित बड़ी संख्या में लोगों ने राहगीरों को मनुहार करते हुए आइसक्रीम खिलाई जिससे अन्य लोगों ने इस कार्य की भूरी भूरी प्रशंसा की। उल्लेखनीय है कि फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को आमलकी एकादशी कहा जाता है, जिसे आंवला एकादशी भी कहते हैं। इस दिन आंवले के पेड़ की पूजा का काफी महत्व है। हिंदू धर्म में एकादशी व्रत का विशेष महत्व होता है। फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को आमलकी एकादशी कहा जाता है। इस दिन भगवान विष्णु के साथ आंवले के वृक्ष की पूजा की जाती है। इसे रंगभरी एकादशी भी कहा जाता है, क्योंकि इसी दिन से काशी में होली की शुरुआत होती है। मान्यता है कि इस व्रत को करने से सभी पाप नष्ट हो जाते हैं और व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति होती है।

धार्मिक ग्रंथों के अनुसार, आंवले के वृक्ष में भगवान विष्णु का वास माना जाता है। इसकी जड़ में विष्णु जी, तने में भगवान शिव और ऊपर के भाग में ब्रह्मा जी का निवास माना जाता है। इसके अलावा, इसकी टहनियों में मुनि, पत्तों में वसु, फूलों में मरुद्गण और फलों में सभी प्रजापति निवास करते हैं। कहा जाता है कि केवल आंवले के वृक्ष को देखने से ही पुण्य प्राप्त होता है, स्पर्श करने से दो गुना और इसका फल खाने से तीन गुना पुण्य मिलता है। इस दिन आंवले के वृक्ष के नीचे बैठकर भगवान विष्णु की पूजा करने से विशेष लाभ मिलता है।

**आमलकी एकादशी व्रत के लाभ :** आमलकी एकादशी व्रत रखने से व्यक्ति को भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त होती है। इस व्रत से घर में सुख-शांति बनी रहती है और आर्थिक समृद्धि आती है। मान्यता है कि इस दिन व्रत करने से सभी पाप नष्ट हो जाते हैं और व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति होती है। इसके अलावा, इस दिन आंवले के वृक्ष के नीचे बैठकर भगवान विष्णु की पूजा करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है।

# श्री श्याम मंदिर सेवा धाम में आमलकी एकादशी पर खाटू श्याम दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब

बढ़ता राजस्थान



**हिंडौन सिटी( अंशु गुप्ता )।** श्री श्याम मंदिर सेवा धाम में आमलकी एकादशी पर सुबह से ही खाटू श्याम मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। सुबह 10 बजे तक मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भर गया।श्याम बाबा की प्रतिमा का विदेशी फूलों से विशेष श्रृंगार किया गया। सुबह मंगला आरती के साथ श्रृंगार दर्शन का कार्यक्रम हुआ।

दूर-दराज के गांवों से भक्त डीजे के साथ पदयात्रा करके मंदिर पहुंचे। महिलाएं, युवा और बुजुर्ग सभी वर्गों के श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।मंदिर परिसर में प्रसाद, फूल माला, बच्चों के खिलौने और सौंदर्य प्रसाधन सामानों की अस्थाई दुकानें लगीं। इन दुकानों पर श्रद्धालुओं ने जमकर खरीदारी की। श्रद्धालुओं की भीड़ मोहन नगर, मनीराम पार्क रोड, नई मंडी और रूप कॉलोनी की सड़कों पर भी देखी गई। मंदिर में इस समय पांच दिवसीय फागोत्सव भी चल रहा है। रविवार रात को इस उत्सव में चंग थाप के साथ धमाल की प्रस्तुतियां दी गईं। एकादशी के पावन अवसर पर श्याम मंदिर में श्रद्धालुओं की विशेष भीड़ देखने को मिली।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की हुई जाँच, मिला उपचार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से सोमवार को गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। जिसमें उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उनका ईलाज करने के साथ पोषण युक्त आहार की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही जिले में चल रहे सवाईकल कैंसर जनजागरूकता विशेष अभियान के तहत सवाईकल कैंसर की स्क्रीनिंग करने के साथ ही मां वाउचर योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को सोनोग्राफी के लिए वाउचर प्रदान किए गए।

## ग्रीन फ्यूचर एलायंस एन.जी.ओ के कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित रक्तदान शिविर व मेडिकल कैंप 10 अप्रैल 2025 को

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** कोटपूतली बहरोड जिले के ग्राम रसनाली तारा माध्यमिक विद्यालय मे ग्रीन फ्यूचर एलायंस एन.जी.ओ के कार्यकर्ताओं की बैठक जिला अध्यक्ष रामकुमार सैनी की अध्यक्षता मे आयोजित। जिसमें सर्वसमिति से निर्णय लिया गया कि 10 अप्रैल 2025 को रक्तदान शिविर व मेडिकल कैंप लगाने का करने लिया गया।इस मौके पर पवन कुमार सैनी, पत्रकार बिल्लूरामसैनी,एडवोकेट नवीन कुमार सैनी,महावीर सैनी,विजय सैनी,देशराज सैनी,योगेश सैनी,कपिल सैनी,कमलेश सैनी,संदीप सैनी,सचिन, किरणरा, सुनील अंकित प्रदीप सीताराम बिनेरा, राधेश्याम मुरारी महेश महेंद्र बानसूर बलवीर अंकित संजय हाजीपुर,जीतेन्द्र साखला,अजय कोटपुतली आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# करें होलिका दहन गौ माता के गोबर से निर्मित गौ कास्ट थापड़ी कंडे से

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** श्री पिंजरापोल गौशाला जयपुर के गौकास्ट प्रभारी एवं कार्यकारिणी सदस्य श्री राधेश्याम विजयवर्गीय ने बताया कि वन एवं पर्यावरण को बचाने के लिए श्री पिंजरापोल गौशाला सांगानेर जयपुर पिछले 9 वर्षों से गौ माता के गोबर से निर्मित गौकास्ट एवं थपड़ी कंडे से वैदिक होलिका दहन करने के लिए आमजन को प्रेरित कर रही है इस वर्ष भी श्री पिंजरापोल गौशाला जयपुर की ओर से जयपुर शहर में विभिन्न कॉलोनियां एवं चौराहों पर लगग 400 जगह होलिका दहन के लिए गौमाता के गोबर से निर्मित सामग्री गौशाला से उपलब्ध करवाई जाएगी । एक होलिका दहन के लिए 75 किलो कंडे एवं 75 किलो गौ कास्ट यानी कुल 150 किलो सामग्री 2500 रुपए में गौशाला से उपलब्ध करवाई जा रही है। एक होलिका दहन से लगभग दो वृक्षों को बचाया जा सकेगा। गोबर से निर्मित सामग्री से वैदिक होलिका दहन करने से पर्यावरण भी दूषित होने से बचेगा एवं गौशालाएं भी स्वावलंबी होने की और अग्रसर होगी। निर्मित सामग्री से प्राप्त सेवा राशि पूर्ण रूप से गौ माता के चारे के लिए उपयोग में ली जाती है। वर्तमान में श्री श्री पिंजरापोल गौशाला सांगानेर जयपुर में लगभग 80000 किलो सामग्री उपलब्ध है जिसको जयपुर शहर के विभिन्न स्थानों पर भिजवाई जाएगी साथ ही जयपुर शहर के बाहर एवं राजस्थान के बाहर भी सामग्री भेजी जा रही है। श्री पिंजरापोल गौशाला जयपुर के गौकास्ट प्रभारी श्री राधेश्याम विजयवर्गीय ने बताया कि गौशाला के अध्यक्ष श्री नारायण लाल जी अग्रवाल महामंत्री श्री शिवरतन जी चितलांगिया मंत्री श्री विवेक जी लड्ढा श्री बेनी प्रसाद जी कचोलिया गौ कास्ट के प्रचार प्रसार के इस पुनीत कार्य में निरंतर लगे हुए हैं। गौशाला से होलिका दहन हेतु गौ कास्ट एवं कंडे वितरण का कार्य 10 मार्च 2025 से ही चालू कर दिया गया है।


## कार्यालय नगर पालिका मण्डल, फुलेरा जिला जयपुर

क्रमांक : न.पा.फु/2024-25/3594 दिनांक : 10/03/2025

### आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निग्न व्यक्तियों ने नामान्तरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है।

| क्र.स. | प्रार्थी का नाम | स्थान | क्षेत्रफल वर्गगज | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री अमित कुमार कुमावत पुत्र रामलाल कुमावत व श्रीमती साक्षी कुमावत पत्नि अमित कुमार कुमावत | प्लाट न. 52 गन्दे नाले की योजना फुलेरा | 447.22 | नामान्तरण |

किसी भी व्यक्ति को निम्नाकिंत ईजाजत बाबत आपत्ति हो तो आपत्ति आमंत्रण सूचना जारी होने की तिथि से 7 दिवस के अन्दर मयाद विधिमान्य दस्तावेजों सहित लिखित में आपत्ति कार्य दिवस के दौरान कार्यालय समय में अधोहस्ताक्षकर्त्ता को प्रस्तुत करावे। बाद मयाद गुजरने आपत्ति मान्य नही होगी।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका मण्डल**
**फुलेरा**


# सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा में कई गणमान्य व्यक्तियों ने अर्पित की श्रद्धांजलि



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** सिविल राइट्स समिति के अध्यक्ष एमपी सैनी की अध्यक्षता में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न समाजों के गणमान्य व्यक्तियों, संगठनों के पदाधिकारियों और विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विधि सलाहकार सुरेश सैनी, बीएल सैनी, कालू राम भांकरोटा, सुभाष सैनी तथा अन्य कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन के प्रदेश अध्यक्ष चिरंजीलाल सैनी सहित अन्य संगठनों के पदाधिकारी भी श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए। महात्मा ज्योतिबा फूले विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन निर्मल पवार और विश्वविद्यालय की छात्राओं ने भी इस अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की। यह सभा समाज के समर्पण और एकजुटता का प्रतीक रही, जिसमें सभी ने मिलकर सम्मानित व्यक्तित्वों के योगदान को याद किया।


## कार्यालय भू-प्रबन्ध आयुक्त राजस्थान, जयपुर

विमान भवन, गोपालबाड़ी, जयपुर-302001 दुरभाष नं 0141-2373004 Email:-scr-rj@nic.in

क्रमांक/फा/स्टोर/भूप्रआ//2028-20/353 दिनांक-7/3/25

**निविदा सूचना**

कार्यालय भू-प्रबन्ध आयुक्त, राजस्थान, जयपुर द्वारा निम्न कार्यों हेतु फर्मो से मोहरबन्द निविदा (वित्तीय) निम्नानुसार आंमत्रित की जाती हैं-

| क.स | विवरण | अनुमानित राशि (लाखों मे) | निविदा प्रपत्र शुल्क (रूपयो में) | अमानत राशि (रूपयों में) | निविदा प्राप्त/जमा होने का दिनांक व समय | निविदा खोलने का दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | भू प्रबन्ध आयुक्त, जागीर एवं भू प्रबन्ध अधिकारी, जयपुर कार्यालय में एवं मुख्य भवन के पीछे स्थित समस्त कमरों एवं विमान भवन के पूर्ण परिसर का सफाई कार्य | 4.00 | 200.00 | 8000.00 | 19.03.2025 2.00 पी.एम | 19.03.2022 3.00 पी.एम. |
| 2. | प्रति कॉपी की दर से फोटो स्टेट कार्य। | 3.00 लाख | 200.00 | 6000.00 | 19.03.2025 2.00 पी.एम | 19.03.2025 3.00 पी.एम. |
| 3. | कार्यालय उपयोगार्थ स्टेशनरी एवं साफ-सफाई कार्य से सम्बन्धित सामग्री क्रय किये जाने बाबत। | 4.00 | 200.00 | 8000.00 | 19.03.2025 2.00 पी.एम | 19.03.2025 3.00 पी.एम. |

निविदा प्रपत्र निविदा सूचना से सम्बन्धित नियम, शर्तों एवं अन्य सम्बन्धी दस्तावेजों के सम्बन्ध में भू प्रबन्ध आयुक्त राजस्थान विमान भवन गोपालबाडी जयपुर के कार्यालय में कार्यालय समय में जानकारी प्राप्त की जा सकती हैं या राज्य लोक उपापन पोर्टल (http://sppp.rajasthan.gov.in) से उक्त निविदा प्रपत्र देखा ओर डाउनलोड किया जा सकता हैं। डाउनलोड निविदा प्रपत्र के साथ निविदा प्रपत्र शुल्क की डीडी / बैंकर चैक / नकद जमा की रसीद संलग्न करना आवश्यक हैं। निविदा को निरस्त करने का अधिकार भू प्रबन्ध आयुक्त राजस्थान जयपुर को होगा।

SET2425WSRC00011,SET2425GSRC00012,
SET2425SSRC00013

**( तूलिका सैनी )**
**अति. भू-प्रबन्ध आयुक्त,**
**राजस्थान जयपुर**

## सम्पादकीय

# दहशतगर्दी का पनाहगार पाकिस्तान अब झेल रहा दंश, एक साल में एक हजार से ज्यादा हुए आतंकी हमले

भारत लंबे समय से कहता आ रहा है कि पाकिस्तान दहशतगर्दों की सुरक्षित पनाहगाह बन चुका है, मगर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इसे गंभीरता से कभी नहीं लिया गया। जबकि इस हकीकत से सभी वाकिफ हैं कि पाकिस्तान में आतंकी संगठनों की सक्रियता न केवल भारत के लिए, बल्कि दुनिया के दूसरे देशों के लिए भी खतरा है। अब तो पाकिस्तान को भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। अतीत में चीन जैसे कुछ देश पाकिस्तान की आतंकवादियों को शह देने की नीति को नजरअंदाज करते रहे हैं। आतंकवाद के मसले पर चीन कई बार संयुक्त राष्ट्र में अपने विशेषाधिकार का उपयोग कर पाकिस्तान को बचा चुका है।

अब वैश्विक आतंकवाद सूचकांक के ताजा आंकड़ों से यह तथ्य उजागर हुआ है कि पाकिस्तान को अपने किए का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। वह अब दुनिया का सबसे अधिक आतंकवाद प्रभावित देश बन गया है। वहां दहशतगर्दी लगातार बढ़ती जा रही है। पिछले वर्ष पाकिस्तान में आतंकी हमलों में होने वाली मौतों में पैंतालीस फीसद की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इसी तरह वहां हुए आतंकी हमलों की संख्या भी वर्ष 2023 के 517 की तुलना में 2024 में बढ़ कर 1,099 हो गई। पाकिस्तान लंबे समय से दावा करता रहा है कि प्रतिबंधित तहरीके-तालिबान पाकिस्तान जैसे आतंकी संगठन अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल कर रहे हैं।

इन हालात में भी भारत के खिलाफ अपनी करतूतों से पाकिस्तान बाज नहीं आ रहा है। वह भारत के खिलाफ दहशतगर्दी का इस्तेमाल हथियार की तरह किए जा रहा है। जो गतिविधियां वह भारत के खिलाफ चलाता है और उसमें वहां की सेना और खुफिया एजंसी आइएसआइ तक शरीक देखी जाती हैं, वैसी ही वह अपने बलूचिस्तान क्षेत्र में चल रही गतिविधियों से त्रस्त है। पिछले हफ्ते बलूचिस्तान क्षेत्र में सक्रिय सभी विद्रोही गुटों ने हाथ मिला लिया और उन्होंने पाकिस्तान और चीन के खिलाफ युद्ध छेड़ने का एलान कर दिया।

बलूचिस्तान क्षेत्र में चल रही चीन की विकास परियोजनाओं का विरोध वे लंबे समय से करते रहे हैं, मगर पाकिस्तान सरकार और सेना उन्हें हथियार के बल पर दबाने का प्रयास करती रही हैं। इसका नतीजा यह हुआ है कि वहां आतंकी गतिविधियां काफी जोर पकड़ चुकी हैं। उन हमलों में कई चीनी नागरिक भी मारे जा चुके हैं। पर पाकिस्तान ने दहशतगर्दी के खिलाफ कोई मुकम्मल नीति नहीं बनाई है। जब से अफगानिस्तान में तालिबान का शासन हुआ है, पाकिस्तान के खिलाफ आतंकी गतिविधियां चलाने वाले संगठनों को वहां से पनाह और इमदाद मिलने लगी है। इससे पाकिस्तान की मुश्किलें और बढ़ गई हैं।

पाकिस्तान लंबे समय से समस्याओं से पार पाने की जद्दोजहद कर रहा है। वहां महंगाई चरम पर है। अर्थव्यवस्था चौपट हो चुकी है। शिक्षा व्यवस्था ध्वस्त है। हालत यह है कि कई बार वहां के लोग आटे-दाल के लिए संघर्ष पर उतर आए। फिर भी पाकिस्तानी हुकूमत का जोर तरक्की के बजाय चीन से मिलने वाली इमदाद और उसके जरिए भारत पर दबाव बनाए रखने का अधिक है।

वैश्विक आतंकवाद सूचकांक के आंकड़ों से जाहिर है कि पाकिस्तान में स्थितियां दिनों-दिन गंभीर होती जा रही हैं व अगर अंतरराष्ट्रीय बिरादरी ने मिल कर इसका कोई हल निकालने की कोशिश नहीं की, तो पाकिस्तान में पल रहे दहशतगर्द न केवल भारत और पाकिस्तान के लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए बड़ी चुनौती बन सकते हैं। इसके नतीजे पहले कई जगह देखे जा चुके हैं, जिसमें सबसे बड़ा हमला अमेरिका के विश्व व्यापार संगठन के दफ्तर पर हुआ था।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 11 मार्च की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- दिल्ली सहित उत्तर भारत में मारकाट मचाने के बाद तैमूर लंग ने 1399 में सिन्धु नदी पार की।
- सन 1881 में रामनाथ टैगोर की प्रतिमा कोलकाता के टाउन हॉल में स्थापित की गई।
- बगदाद पर ब्रिटिश फौजो ने 1917 में कब्जा किया।
- सन 1918 में मास्को रूस की राजधानी बनी।
- बैंक कनाडा का 1935 में गठन किया गया।
- सोमालिया ने 1963 में ब्रिटेन के साथ राजनयिक संबंध तोड़े।
- चिली में 1981 में संविधान लागू हुआ।
- लिथुआनिया ने 1990 में स्वतंत्रता की घोषणा की।
- इंफोसिस कंपनी पहली भारतीय कंपनी है जो 1999 में नशदाक अंतरराष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज की सूची में आई।
- पुलेला गोपीचंद 2001 में बैडमिंटल में विश्व चैंपियन बने।
- सन 2004 में स्पेन में तीन रेलवे स्टेशनों पर हुए बम विस्फोटों में 190 मरे, 1200 घायल।
- यूनानी संसद ने 2006 में दाह-संस्कार को अनुमति देने वाले क़ानून को बहुमत से पारित किया।
- सुनिता ने 2007 में कोलकाता से वाघा तक के 2,012 किमी के सफर को रिवर्स गियर में गाड़ी चलाकर पूरा किया।
- पाकिस्तान के लाहौर में 2008 में हुए दो आत्मघाती विस्फोटों में 26 लोग मारे गये।
- अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के यान एंडेवर ने 2008 में अंतरिक्ष स्टेशन की ओर उड़ान भरी।
- सन 2011 में तोहोकू के नज़दीक भूकंप से जापान में सुनामी और फुकुशिमा परमाणु संयंत्र हादसा हुआ।

### 11 मार्च को जन्मे व्यक्ति

- 1915 में क्रिकेट खिलाड़ी विजय हजारे का जन्म हुआ।
- 1925 में हैदराबाद रियासत के साथ संघर्ष करने वाले प्रमुख व्यक्तियों में से एक मदनसिंह मतवाले का जन्म हुआ।
- 1927 में रेमन मैग्सेसे पुरस्कार विजेता भारतीय महिला चिकित्सक वी.शांता का जन्म हुआ।

### 11 मार्च को हुए निधन

- औरंगजेब ने 1689 में छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र संभाजी की हत्या की।
- 1980 में प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और उत्तर प्रदेश के भूतपूर्व मुख्यमंत्री चन्द्रभानु गुप्त का निधन।

## खाटू श्याम मेले पर विशेष

विशेष आलेख

# हारे का सहारा हैं खाटू के श्री श्याम



रमेश सर्राफ धमोरा

**श्याम बाबा की कहानी महाभारत काल से आरम्भ होती है। वे पहले बर्बरीक के नाम से जाने जाते थे तथा भीम के पुत्र घटोतकच और नाग कन्या अहिलवती के पुत्र थे। बाल्यकाल से ही वे बहुत वीर और महान योद्धा थे। उन्होने युद्ध कला अपनी मां से सीखी। भगवान शिव की घोर तपस्या करके उन्हें प्रसन्न किया और उनसे तीन अभेध्य बाण प्राप्त कर तीन बाणधारी के नाम से प्रसिद्ध हुये। अग्नि देव ने प्रसन्न होकर उन्हें धनुष प्रदान किया जो उन्हें तीनो लोकों में विजयी बनाने में समर्थ थे।**

राजस्थान के सीकर जिले में स्थित खाटू श्याम मंदिर बाबा श्याम जी के लिए प्रसिद्ध है। यह मंदिर भारत के सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में गिना जाता है। खाटू श्याम जी को भगवान श्रीकृष्ण का कलयुगी अवतार माना जाता है।दानशीलता के कारण बर्बरीक ने बिना किसी सवाल के अपना शीश भगवान श्री कृष्ण को दान दे दिया। इसी दानशीलता के कारण श्री कृष्ण ने कहा कि तुम कलयुग में मेरे नाम से पूजे जाओगे। तुम कलयुग का अवतार कहलाओगे और हारे का सहारा बनोगे। इसलिए उन्हें हारे का सहारा भी कहा जाता है। खाटू श्याम जी के मंदिर में दर्शन के लिए हर दिन लाखों भक्त आते हैं। यहां फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी को श्याम बाबा का विशाल वार्षिक मेला भरता है। जिसमें देश-विदेशों से आये करीबन 30 लाख श्रृद्धालु शामिल होते हैं। खाटू श्याम का मेला राजस्थान के बड़े मेलों में से एक है। इस मंदिर में भीम के पौत्र और घटोत्कच के पुत्र बर्बरीक की श्याम यानी कृष्ण के रूप में पूजा की जाती है। इस मंदिर के लिए कहा जाता है कि जो भी इस मंदिर में जाता है उन्हें श्याम बाबा का नित नया रूप देखने को मिलता है। कई लोगों को तो इस विग्रह में कई बदलाव भी नजर आते है। कभी मोटा तो कभी दुबला। कभी हंसता हुआ तो कभी ऐसा तेज भरा कि नजरें भी नहीं टिक पातीं। श्याम बाबा का धड़ से अलग शीष और धनुष पर तीन वाण की छवि वाली मूर्ति यहां स्थापित की गईं। कहते हैं कि मन्दिर की स्थापना महाभारत युद्ध की समाप्ति के बाद स्वयं भगवान कृष्ण ने अपने हाथों की थी। कौरवों और पाण्डवों के मध्य महाभारत युद्ध का समाचार बर्बरीक को प्राप्त हआ तो उनकी भी युद्ध में सम्मिलित होने की इच्छा जागृत हुयी। जब वे अपनी मां से आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचे तब मां को हारे हुये पक्ष का साथ देने का वचन दिया। महाभारत के युद्ध में भाग लेने के लिये वे अपने नीले रंग के घोडे पर सवार होकर धनुष व तीन बाणों के साथ कुरूक्षेत्र की रणभूमि की और अग्रसर हुये। भगवान कृष्ण ने ब्राह्मण वेश धारण कर बर्बरीक से परिचित होने के लिये उसे रोका और यह जानकर उनकी हंसी भी उड़ायी कि वह मात्र तीन बाण से युद्ध में सम्मिलित होने आया है। ऐसा सुनने पर बर्बरीक ने उत्तर दिया कि मात्र एक बाण शत्रु सेना को ध्वस्त करने के लिये पर्याप्त है और ऐसा करने के बाद बाण वापिस तरकस में ही आयेगा। यदि उन्होने तीनो बाणों को प्रयोग में ले लिया गया तो तीनो लोकों में हाहाकार मच जायेगा। इस पर कृष्ण ने उन्हें चुनौती दी की इस पीपल के पेड के सभी पत्रों को छेद कर दिखलाओ। जिसके नीचे दोनो खड़े थे। बर्बरीक ने चुनौती स्वीकार की और अपने तुणीर से एक बाण निकाला और ईश्वर को स्मरण कर बाण पेड़ के पत्तो की और चलाया। तीर ने क्षण भर में पेड के सभी पत्तों को भेद दिया और कृष्ण के पैर के इर्द-गिर्द चक्कर लगाने लगा। क्योंकि एक पत्ता उन्होनें अपने पैर के नीचे छुपा लिया था। तब बर्बरीक ने कृष्ण से कहा कि आप अपने पैर को हटा लीजिये वर्ना ये आपके पैर को चोट पहुंचा देगा। कृष्ण ने बालक बर्बरीक से पूछा कि वह युद्ध में किस और से सम्मिलित होगा तो बर्बरीक ने अपनी मां को दिये वचन दोहराते हुये कहा कि वह युद्ध में निर्बल और हार की और अग्रसर पक्ष की तरफ से भाग लेगा। कृष्ण जानते थे कि युद्ध में हार तो कौरवों की ही निश्चित है। अगर बर्बरीक ने उनका साथ दिया तो परिणाम उनके पक्ष में ही होगा। ब्राह्मण बने कृष्ण ने बालक बर्बरीक से दान की अभिलाषा व्यक्त की। इस पर वीर बर्बरीक ने उन्हें वचन दिया कि अगर वो उनकी अभिलाषा पूर्ण करने में समर्थ होगा तो अवश्य करेगा। कृष्ण ने उनसे शीश का दान मांगा। बालक बर्बरीक क्षण भर के लिये चकरा गया परन्तु उसने अपने वचन की दृढ़ता जतायी। बालक बर्बरीक ने ब्राह्मण से अपने वास्तिवक रूप में आने की प्रार्थना की और कृष्ण के बारे में सुन कर बालक ने उनके विराट रूप के दर्शन की अभिलाषा व्यक्त की। तब कृष्ण ने उन्हें अपना विराट रूप दिखाया। उन्होने बर्बरीक को समझाया कि युद्ध आरम्भ होने से पहले युद्धभूमि की पूजा के लिये एक वीर क्षत्रिय के शीश के दान की आवश्यक्ता होती है। उन्होनें बर्बरीक को युद्ध में सबसे बड़े वीर की उपाधि से अलंकृत कर उनका शीश दान में मांगा। बर्बरीक ने उनसे प्रार्थना की कि वह अंत तक युद्ध देखना चाहता है। श्री कृष्ण ने उनकी यह बात स्वीकार कर ली। फाल्गुन माह की द्वादशी को उन्होनें अपने शीश का दान दिया। उनका सिर युद्धभूमि के समीप ही एक पहाड़ी पर सुशोभित किया गया जहां से बर्बरीक सम्पूर्ण युद्ध का जायजा ले सकते थे। युद्ध की समाप्ति पर पांडवों में ही आपसी खींचाव हुआ कि युद्ध में विजय का श्रेय किसको जाता है। इस पर कृष्ण ने उन्हें सुझाव दिया कि बर्बरीक का शीश सम्पूर्ण युद्ध का साक्षी है।

उससे बेहतर निर्णायक भला कौन हो सकता है। सभी इस बात से सहमत हो गये। बर्बरीक के शीश ने उत्तर दिया कि कृष्ण ही युद्ध मे विजय प्राप्त कराने में सबसे महान पात्र हैं। उनकी शिक्षा, उनकी उपस्थिति, उनकी युद्धनीति ही निर्णायक थी।

उन्हें युद्धभूमि में सिर्फ उनका सुदर्शन चक्र घूमता हुआ दिखायी दे रहा था जो कि शत्रु सेना को काट रहा था। महाकाली दुर्गा कृष्ण के आदेश पर शत्रु सेना के रक्त से भरे प्यालों का सेवन कर रही थी। कृष्ण वीर बर्बरीक के महान बलिदान से काफी प्रसन्न हुये और वरदान दिया कि कलियुग में तुम श्याम नाम से जाने जाओगे, क्योंकि कलियुग में हारे हुये का साथ देने वाला ही श्याम नाम धारण करने में समर्थ होगा। ऐसा माना जाता है कि एक बार एक गाय उस स्थान पर आकर अपने स्तनों से दुग्ध की धारा स्वतरू ही बहा रही थी बाद में खुदायी के बाद वह शीश प्रकट हुआ।

# भारतीय समाज में मासिक धर्म अभी तक कलंकित क्यों?



प्रियंका सौरभ

**भारत के पास मासिक धर्म स्वास्थ्य के प्रति अधिक समावेशी और दूरदर्शी दृष्टिकोण को बढ़ावा देते हुए सांस्कृतिक विचारों का सम्मान करने का अवसर है। आपके क्या विचार हैं-क्या सरकार को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए, या जमीनी स्तर के संगठनों को बदलाव लाने में आगे आना चाहिए? मासिक धर्म से जुड़ा कलंक कई संस्कृतियों में मौजूद है, जो सांस्कृतिक वर्जनाओं, ग़लत सूचनाओं और प्रणालीगत लैंगिक असमानता से प्रेरित है। इसके परिणामस्वरूप गंभीर मुद्दे सामने आते हैं, जैसे मासिक धर्म उत्पादों तक सीमित पहुँच, अपर्याप्त शिक्षा और यहाँ तक कि कुछ समुदायों में सामाजिक बहिष्कार। इस कलंक को ख़त्म करने के लिए, हमें खुली चर्चाओं को प्रोत्साहित करने, मासिक धर्म के बारे में पूरी तरह से शिक्षा प्रदान करने और मासिक धर्म समानता को बढ़ावा देने वाले नीतिगत बदलावों को लागू करने की आवश्यकता है।**

मासिक धर्म कई संस्कृतियों में एक वर्जित विषय बना हुआ है, जिसका मुख्य कारण लंबे समय से चली आ रही सांस्कृतिक मान्यताएँ, अपर्याप्त खुली बातचीत और लैंगिक असमानता है। इसके परिणामस्वरूप शर्म, गोपनीयता और मासिक धर्म स्वास्थ्य के बारे में आवश्यक संसाधनों और शिक्षा तक सीमित पहुँच की भावनाएँ पैदा होती हैं। भारत में, मासिक धर्म को अक्सर महत्त्वपूर्ण सांस्कृतिक वर्जनाओं से जोड़ा जाता है, जिससे बहिष्कार, ग़लत सूचना और प्रतिकूल स्वास्थ्य प्रभाव हो सकते हैं।

हालाँकि प्रगतिशील नीतियाँ पेश की जा रही हैं, लेकिन सफल कार्यान्वयन के लिए इन्हें सांस्कृतिक संवेदनशीलताओं के साथ जोड़ना महत्त्वपूर्ण है। महिलाओं को अक्सर मंदिरों, रसोई और सामाजिक समारोहों जैसी जगहों पर प्रतिबंधों का सामना करना पड़ता है, जो भेदभाव को बढ़ावा देता है। 2018 में सुप्रीम कोर्ट के सबरीमाला फैसले ने मंदिर में महिलाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध को हटा दिया, लेकिन इसे सांस्कृतिक मान्यताओं में निहित काफ़ी विरोध का सामना करना पड़ा। मासिक धर्म के बारे में खुली चर्चा की कमी स्वास्थ्य मामलों में मिथकों और उपेक्षा को बढ़ावा देती है। ग्रामीण भारत में केवल 58त्न युवा लड़कियों को अपने पहले मासिक धर्म का अनुभव करने से पहले मासिक धर्म के बारे में जानती है। शौचालय, स्वच्छता उत्पादों और उचित निपटान विधियों तक अपर्याप्त पहुँच से भी जूझती हैं। जबकि 2014 में शुरू किए गए स्वच्छ भारत अभियान ने स्वच्छता में प्रगति की है, मासिक धर्म अपशिष्ट निपटान एक महत्त्वपूर्ण मुद्दा बना हुआ है। स्वच्छता उत्पादों की उच्च लागत कई लोगों को असुरक्षित विकल्पों का सहारा लेने के लिए मजबूर करती है। 2022 में शुरू की गई राजस्थान निःशुल्क सैनिटरी पैड योजना का उद्देश्य मासिक धर्म ग़रीबी से निपटने के लिए निःशुल्क पैड उपलब्ध कराना है। हालाँकि, राजनीतिक एजेंडों में मासिक धर्म स्वास्थ्य को प्राथमिकता नहीं दी जाती है, जो व्यापक सुधारों में बाधा डालता है। मासिक धर्म स्वच्छता नीति (ड्राफ़्ट 2022) को अभी भी पूरे देश में पूरी तरह से लागू किया जाना बाक़ी है। मासिक धर्म के बारे में जागरूकता को राज्य के पाठ्यक्रमों में शामिल करने से इस विषय पर बातचीत को सामान्य बनाने में मदद मिल सकती है।

मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन दिशानिर्देश प्राथमिक विद्यालय स्तर से मासिक धर्म शिक्षा की वकालत करते हैं। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, शिक्षकों और सामुदायिक नेताओं को प्रशिक्षित करके, हम अधिक स्वीकृति को बढ़ावा दे सकते हैं। मासिक धर्म स्वास्थ्य गठबंधन भारत (2020) जागरूकता बढ़ाने के लिए जमीनी स्तर के संगठनों के साथ सहयोग करता है। सार्वजनिक हस्तियाँ और मीडिया सकारात्मक संदेश के माध्यम से कलंक का मुकाबला करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। चुप्पी तोड़ो अभियान (2021, यूनिसेफ इंडिया) ने जागरूकता फैलाने के लिए डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म का प्रभावी ढंग से उपयोग किया।

## शख्सियत
बढ़ता राजस्थान



**पवन कुमार चौबे**
**( पुलिस इंस्पेक्टर राज.पुलिस )**

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं राजस्थान पुलिस के जांबाज हीरो पवन कमार चौबे। राजस्थान पुलिस में यदि जाँबाज पुलिस इंस्पेक्टर्स की लिस्ट बनाई जाए तो खाकी के इकबाल को बुलंद करने वाले चुन्निदा इंस्पेक्टर में पवन चौबे का नाम शुमार है।

4 अगस्त सन 1983 में चोमू तहसील जयपुर ग्रामीण के गांव कालाडेरा में जन्मे इस युवा का शुरू से ही सपना एक पुलिस ऑफिसर बनने का रहा । शिक्षा दीक्षा प्रारंभिक स्तर पर गांव में ही हुई उसके बाद बाहर पढ़ाई शुरू कर 2010 के सब इंस्पेक्टर बैच में पुलिस महकमें शामिल हुए और जांबाजी से कई ऐसे मामलों का खुलासा किया जो पेंडिंग थे। इसके बाद सन 2020 में पुलिस इंस्पेक्टर बने और विभिन्न स्थानों में थाना अधिकारी स्थापित रहे। इन्हें नेशनल अवार्ड से भी नवाजा गया जब यह सीकर थाना अधिकारी थे 6 साल पहले महिला के मर्डर मामले में गुत्थी सुलझा कर हत्यारों को उनकी सही जगह पर पहुंचने वाले जांबाज पुलिस अधिकारी के रूप में उन्हें नेशनल अवार्ड भी दिया गया । पवन कुमार चौबे आज खाटू श्याम थाना अधिकारी के पद को सुशोभित कर रहे हैं। इस समय मेले में कानून व व्यवस्था के साथ धार्मिकता व आस्था भी बनी रहे इसके लिए सतत प्रयास कर रहे हैं। जब ये सीकर थे तो एसपी कुंवर राष्ट्रदीप ने 6 साल पहले हुए सनसनीखेज मर्डर मामले में खुलासे के लिए इन्हें सम्मानित भी किया। बहुत जांबाज दबंग और दिलेर पुलिस अधिकारी के रूप में इन्हें जाना जाता है अलवर से इनका काफी पुराना नाता है। कोटकासिम, कोतवाली ,एमआईए इसके अलावा जब यह सी.आई बने तो अरावली विहार थाना अधिकारी भी रहे। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम ऐसे जांबाज नौजवान पुलिस इंस्पेक्टर को सैल्यूट करती है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## 2025_068
बढ़ता राजस्थान

Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | | | | 3 | 5 | | 9 |
| | | 4 | | | 5 | | 8 | |
| 3 | | | | 4 | | 2 | 6 | |
| 1 | 4 | | 5 | | | 6 | | 8 |
| | | | 4 | | | | 5 | |
| | 8 | | | 2 | | | 3 | |
| 4 | | 9 | 3 | 5 | | 8 | | 6 |
| 5 | | 8 | | | | | | |
| 7 | | | | 8 | | 9 | 1 | |

Ans_2025_067

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 5 | 2 | 7 | 4 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 | 5 | 7 |
| 5 | 7 | 1 | 8 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |
| 7 | 6 | 3 | 4 | 9 | 1 | 2 | 8 | 5 |
| 4 | 5 | 2 | 7 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 7 | 4 | 6 |
| 1 | 3 | 7 | 9 | 4 | 8 | 5 | 6 | 2 |
| 6 | 4 | 9 | 2 | 1 | 5 | 8 | 7 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 7 | 3 | 1 | 9 | 4 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आप तन-मन से स्वस्थ होकर कई तरह के काम आसानी से पूरे कर पाएंगे। सफलता मिलने से आपके उत्साह में वृद्धि होगी। आज भाग्य आपका साथ देगा। इनकम बढ़ेगी। परिजनों के साथ आनंद एवं उल्लास से समय गुजरेगा।

**वृष**
हेल्थ का ध्यान रखने और खासकर बाहर के खाने-पीने से परहेज करने की सलाह आपको दी जाती है। आज आपमें क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए वाणी में गुस्सा ना रखें। परिजनों से उग्र चर्चा के कारण मनमुटाव न हो।

**मिथुन**
पानी वाली जगहों से दूर रहें। आज धन का व्यय अधिक होगा। आज नियम विरुद्ध कामों से दूर रहें। आज आपका दिन आनंद-प्रमोद में गुजरेगा। रोमांस के लिए आज का दिन अच्छा है और किसी खास व्यक्ति का साथ आपको आनंद देगा।

**कर्क**
अविवाहितों को योग्य जीवनसाथी मिलने के योग हैं। धन प्राप्ति के अवसर मिलेंगे। मित्रों से अचानक हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी। मित्रों से लाभ होगा। आज आपको अच्छा खाना नसीब होगा। मित्रों से लाभ होगा। महिलाओं के मायके से समाचार आने के योग हैं।

**सिंह**
नौकरी में आपके अधिकारी खुश रहेंगे। आपकी पदोन्नति के योग हैं। अधिकारियों के साथ किसी महत्वपूर्ण बात पर चर्चा होगा। परिजनों के साथ खुले मन से बातचीत होगी। घर के डेकोरेशन पर कुछ खर्च हो सकता है।

**कन्या**
मित्र एवं प्रियजन आपके प्रवास को आनंद से भर देंगे। नए वस्त्रों की खरीदी के योग हैं। तन-मन की तंदुरस्ती अच्छी रहेगी। अच्छे भोजन एवं वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज आप के घर में सुख शांति और आनंद का माहौल रहेगा।

**तुला**
माता से लाभ होने के संकेत आपको मिल रहे हैं। मित्र और संबंधियों से घर का वातावरण अच्छा रहेगा। आज अचानक होने वाली घटनाओं से आप चिंतित रहेंगे। स्वास्थ्य खराब होने और आंखों में दर्द होने की आशंका बनी रहेगी।

**वृश्चिक**
आज आपके धार्मिक एवं मांगलिक कामों में व्यस्त रहने की संभावना ज्यादा रहेगी। आप में आज क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए आप सावधान ही रहें। संतान एवं व्यापार की परेशानियों के कारण आपका मन अशांत रहेगा।

**धनु**
आपका शारीरिक एवं मानसिक आरोग्य अच्छा रहेगा। जरूरी कामों पर धन खर्च होगा। बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी। दफ्तर में सहकर्मियों का अच्छा साथ मिलेगा। मित्रों से मुलाकात होगी।

**मकर**
स्वजनों एवं परिजनों के साथ विवाद हो सकता है। आज कोई नया काम शुरू ना करें। आय की अपेक्षा खर्च अधिक होगा और ज्यादा परिश्रम के बाद ही सफलता मिलेगी। आज आपका दिन बहुत लाभदायी है।

**कुंभ**
बाहर जाना हो सकता है। माता के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। सरकारी लाभ होगा एवं स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आज आप का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। पहले से निर्धारित काम के लिए आपका प्रयास ज्यादा रहेगा।

**मीन**
संतान पक्ष से अच्छे समाचार मिलेंगे। नौकरीपेशा लोगों से आपको लाभ होगा। आय में वृद्धि होगी। वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। आप आज हर काम सरलता से पूरे कर पाएंगे। धन लाभ होगा और अधूरे काम पूरे हो सकते हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

## जिला मजिस्ट्रेट एवं एसपी ने शांति एवं कानून व्यवस्था को लेकर ली समीक्षा बैठक

# असमाजिक एवं शरारती तत्वों से सख्ती से निपटा जाए : जिला मजिस्ट्रेट

बढ़ता राजस्थान




**टोंक, (का.स.)।** जिले में त्योहारों को सौहार्द, भाईचारे से मनाने एवं शांति व कानून व्यवस्था को लेकर जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा और पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने भारत निर्माण सेवा केंद्र में समीक्षा बैठक ली। इस दौरान वीडियों कॉन्फ्रेसिंग से जिले के सभी एएसपी, एडीएम, एसडीओ, तहसीलदार एवं थानाधिकारी जुड़े। जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ने कहा कि आगामी दो माह लगातार त्योहार है, इसलिए प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी आमजन से समन्वय स्थापित कर सामाजिक सौहार्द एवं सदभाव बनाए रखे। कोई असमाजिक एवं शरारती तत्व जिले सौहार्दपूर्ण वातावरण को खराब करने की कोशिश करे, तो उससे सख्ती से निपटा जाएं। सभी समुदाय के मौजिज व्यक्तियों से फीडबैक एवं सूचनाओं का आदान-प्रदान करें। जिला कलेक्टर ने कहा कि धार्मिक स्थलों के आसपास पुलिस जाप्ता पूरी तरह मुस्तैद रहे। साथ ही, पार्किंग एवं ट्रैफिक व्यवस्था को व्यवस्थित रखा जाएं। उन्होंने कहा कि सभी सीएचसी एवं पीएचसी पर मेडिकल स्टाफ की तैनाती रहे। सम्राट की सवारी वाले रूट चार्ट पर साफ-सफाई, झूलते विद्युत तारों को ठीक करने, आवारा पशुओं को हटाने का विशेष ध्यान रखा जाएं। उन्होंने डीजे के उपयोग को लेकर राज्य सरकार के निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने कहा कि होलिका दहन स्थल के पास फायर ब्रिगेड मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने कहा कि सभी अधिकारी यात्राओं एवं सवारियों के रूट चार्ट का खुद निरीक्षण करें। आयोजकों से रूट चार्ट के प्रारंभ व समाप्ति स्थल, समय सीमा को लेकर प्लानिंग कर लें। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक मैसेज अपलोड एवं शेयर करने वालों की मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि भीड़ भाड़ वाले स्थानों, प्रमुख चौराहों, बाजारों के सीसीटीवी कैमरों को चैक करवाएं। अगर सीसीटीवी खराब है तो उन्हों सही कराएं। एसपी ने कहा कि इस दौरान ड्रोन से भी निगरानी रखी जाएं, ताकि समाजकंटकों को चिन्हित किया जा सके। दोनो अधिकारियों ने सभी उपखंड अधिकारियों एवं पुलिस उपाधीक्षकों से की गई तैयारियों को लेकर जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए।



## जिला कलक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक

# राजस्व संग्रहण में तेजी लाएं : शुभम चौधरी

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को राजस्व अर्जन करने वाले आबकारी, खनिज, परिवहन, वाणिज्यिकर, स्टाम्प एवं पंजीयन विभागों के अधिकारियों की बैठक कलक्टर कक्ष में आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने सभी अधिकारियों से आवंटित लक्ष्यों एवं उनके विरूद्ध अर्जित राजस्व अर्जन के साथ-साथ बकाया वसूली की समीक्षा कर राजस्व बढाने के निर्देश दिए। उन्होंने आबकारी विभाग के विश्रीय वर्ष 2024-25 में आवंटित लक्ष्य के विरूद्ध 73.93 प्रतिशत वसूली पर बकाया राशि की वसूली हेतु बाकीदारों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करने के निर्देश आबकारी अधिकारी अनिल यादव को प्रदान किए। उन्होंने कहा कि निलम्बन या बन्द होने के बावजुद कोई भी खुदरा शराब की दुकान अनाधिकृत संचालित न हो तथा जिले मे अवैध हथकड शराब बनाने व अवैध शराब बेचने वालो पर स्थानीय पुलिस व राजस्व विभाग से समन्वय स्थापित कर संयुक्त अभियान चलाकर अधिकाधिक नियमानुसार कार्यवाही करे। उन्होंने परिवहन विभाग को आवंटित लक्ष्य से कम प्रगति पर वाहनों की ओडिट समय पर करवाने, अवैध खनन सामग्री परिवहन एवं ऑवरलोडिंग वाहनों की चैकिंग बढ़ाने, बिना नंबर वाले वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही कर राजस्व अर्जन संग्रहण में तेजी लाने के निर्देश जिला परिवहन अधिकारी पीआर मीना को दिए। साथ ही डिफाल्टर वाहनों की जांच कर डिमांड नोटिस जारी करने एवं टैक्स जमा नहीं कराने वाले वाहनों का नियमानुसार रजिस्ट्रेशन निलंबित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अनकंपाउड चालानो में शत-प्रतिशत वसूली के प्रयास किये जाकर आगामी माह मे बेहतर रणनीति बनाकर आवंटित लक्ष्यानुसार राजस्व अर्जन की कमी पूर्ति के प्रयास किये जाने हेतु निर्देशित किया।

उन्होंने खनिज विभाग के अधिकारियों को अवैध खनन के विरूद्ध पुलिस विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए संयुक्त अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने व बकाया वसूली में प्रभावी कार्यवाही कर अधिक से अधिक राजस्व अर्जन करने के निर्देश दिए।

# भाजपा की बैठक में पंचायतराज और नगर परिषद के परिसीमन पर चर्चा

## नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर का कार्यकर्ताओं ने किया गर्मजोशी से अभिनंदन

बढ़ता राजस्थान




**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** भारतीय जनता पार्टी जिला सवाई माधोपुर के पदाधिकारियों की बैठक सोमवार को नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर की अध्यक्षता में सर्किट हाउस रोड स्थित पैराडाइज मैरिज गार्डन में आयोजित हुई । जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि संगठन चुनाव के तहत जिलाध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद पार्टी की पहली बैठक में सोमवार को बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया, बैठक से पूर्व कार्यकर्ताओं ने नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष का माला और साफ़ा पहनकर अभिनंदन किया। बैठक में पंचायतराज एवं नगर परिषद के परिसीमन को लेकर, पार्टी के बूथों के गठन को लेकर, पार्टी के बीएलए-1 और बीएलए-2 की नियुक्ति को लेकर चर्चा हुई साथ ही आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने संगठनात्मक विषयों पर भी चर्चा की और हाल ही घोषित किए गए राजस्थान बजट में सवाई माधोपुर जिले को 535 करोड़ रुपए से अधिक के कार्यों की सौगात देंने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल का आभार जताया। बैठक में राष्ट्रीय परिषद् सदस्य ओमप्रकाश डंगोरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंग लाल जाट, प्रेमप्रकाश शर्मा, सुरेश जैन, डॉ भरत मथुरिया, खंडार प्रधान नरेन्द्र चौधरी, बौली प्रधान कृष्ण पोसवाल, गंगापुर प्रधान मंजू गुर्जर, नगर सभापति मेघा वर्मा मंचासीन रहे ।

मंच पर उपस्थित वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भी बैठक को संबोधित किया और परिसीमन के बारे में अपने अपने विचार कार्यकर्ताओं के मध्य साझा किए। इस दौरान जिला महामंत्री हरिओम गर्ग, उदय सिंह गुर्जर, चंपालाल मीणा, जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण धाकड़, बलवीर सिंह, कमल मीणा, मीरा सैनी, मानवेन्द्र सिंह, विजय गुर्जर, दामोदर बिंदल, महेंद्र दीक्षित, जिला मंत्री अल्का शर्मा, गिरधारी सोनी, हरिप्रसाद गुप्ता, हरफूल मरमट, कमलेश गुर्जर, बजरिया मंडल अध्यक्ष नीलकमल जैन, शहर मंडल अध्यक्ष श्रीचरण महावर, मलारना डूंगर मंडल अध्यक्ष सीताराम गुर्जर, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पृथ्वीराज मीणा, खंडार मंडल अध्यक्ष महावीर गड़ासिया, छान मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र मित्तल, चौथ का बरवाड़ा मंडल अध्यक्ष बाबूलाल सैनी, कुस्तला मंडल अध्यक्ष मनराज गुर्जर, गंगापुर शहर मंडल मिथलेश व्यास, गंगापुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुनीता वैष्णव, तलवाड़ा मंडल अध्यक्ष पुखराज गुर्जर, बामनवास मंडल अध्यक्ष रामराज मीणा, बौली मंडल अध्यक्ष हनुमत दीक्षित, बरनाला मंडल अध्यक्ष शंकर नरूका, पूर्व जिला प्रमुख पृथ्वीराज मीणा, पूर्व प्रधान सूरजमल बैरवा, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष बनवारी जाट, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मुरली गौतम रामकिशोर अग्रवाल सहित बड़ी संख्या मे भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# विशाल एवं भव्य थाल जुलुस के साथ हुआ 259वें फूलडोल महोत्सव का भव्य शुभारम्भ

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** अन्तर्राष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय के महाप्रभू स्वामी रामचरण जी महाराज की पावन धरा शाहपुरा जिला भीलवाड़ा स्थित श्री रामनिवास धाम पीठ में 259वां फूलडोल महोत्सव का भव्य शुभारम्भ पीठाधीश्वर अनन्त विभूषित आचार्य श्री स्वामी जी श्री रामदयाल जी महाराज के पावन सानिंध्य में निकले विशाल थाल जुलुस के साथ हुआ।

श्री रामनिवास धाम पीठ में विराजे संत जगवल्लभ राम जी एवं संत नवनिध राम जी बताया कि सोमवार को प्रात: काल से ही फूलडोल महोत्सव में भाग लेने के लिए रामस्नेही संतो का आगमन शुरू हो गया। वहीं प्रात: 10 बजे शाहपुरा के नया बाजार स्थित श्री राममेड़िया से सम्प्रदाय के पवित्र ग्रंथ अणभै वाणी जी एवं एवं थाल का जुलुस रवाना हुआ। जुलुस में शामिल रामस्नेही श्रद्धालुओं ने जुलुस के दौरान शाहपुरा की पवित्र धरा को राम नाम के जयकारो से गूंजायमान किया। बेण्डबाजो एवं श्रद्धालुओं के साथ रवाना हुआ जुलुस सभी मुख्य बाजारो से होकर पवित्र श्री रामनिवास धाम पहुंचा। जहां परम्परा के अनुसार आचार्य श्री के पावन सानिंध्य में व विद्धान संतो की मोजुदगी में कई तरह के धार्मिक आयोजन सम्पन्न हुए। संतो ने इससे आगे जानकारी देते हुए बताया कि 259वें फूलडोल महोत्सव के मुख्य कार्यक्रमो का शुभारम्भ 13 मार्च को रात्रि जागरण से होगा। इसके अगले दिन 14 मार्च से 19 मार्च तक प्रतिदिन प्रात: 5 से 7 बजे तक कम्बल जी के दर्शन, रामध्वनि एवं संतो के प्रवचन तथा अणभै वाणी जी के पाठ धाम स्थितत बारादरी में होगें। इस दौरान प्रतिदिन 9 से 12 तक तथा अणभै वाणी जी के पाठ व संतो के प्रवचन , 10 बजे शोभायात्रा व वाणी जी का जुलुस, दोपहर 3 से 5 बजे तक संतो के प्रवचन, रात्रि 8 से 11 बजे तक संतो के प्रवचन होगें।

19 मार्च को आचार्य श्री रामदयाल जी महाराज के चातुर्मास की धोषणा होगी। वहीं 3 अप्रैल को प्रात: 10 बजे शोभायात्रा जुलुस के साथ फूलडोल महोत्सव का विधिवत समापन होगा। फूलडोल महोत्सव को लेकर समूचे रामनिवास धाम को हल्के गुलाबी रंग की रोशनी से रोशन किया गया है। महोत्सव में भाग लेने के लिए श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला भी प्रारम्भ हो चुका है।

# मालपुरा शहर एवं डिग्गी कस्बे में होली व धुलंडी पर्व पर होगी पेयजल की अतिरिक्त सप्लाई

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** जलदाय विभाग मालपुरा द्वारा धुलंडी पर्व पर मालपुरा शहर व डिग्गी कस्बे में नियमित पेयजल सप्लाई के साथ साथ अतिरिक्त पेयजल सप्लाई भी होगी। जलदाय विभाग की सहायक अभियन्ता ज्योति कुमारी चौधरी ने बताया कि धुलंडी के दिन सिटी वाली टंकी से होने वाली नियमित सप्लाई के साथ साथ हरिजन मौहल्ले में 12 से 12.30 बजे तक, माणक चोक, आजाद चोक, जैन मोंहल्ला व मेन सिटी में 12.30 से 1.15 बजे तक, दौराई व कुम्हार मोहल्ले में 1.15 से 1.45 बजे तक, गांधीपार्क वाली टंकी से महावीर मार्ग, नवीन मण्डी, कायस्थ मौहल्ला, इमामबाड़ा व नीलगरान मौहल्ले में 1.15 से 1.45 बजे तक, छीपो की ढाल, जैन मौहल्ला, बारागांव मौहल्ले में 2 बजे से 4 बजे तक पेयजल सप्लाई होगी। इसके अलावा कार्यालय स्थित टंकी से बृजलालनगर में 2 से 2.30 बजे तक, रामनगर व संजय मार्केट में 2.30 से 3.15 बजे तक , आदर्श नगर व केशवनगर में 2.30 से 3.15 बजे तक पेयजल की अतिरिक्त सप्लाई होगी। वहीं डिग्गी कस्बे में बूस्टर से अतिरिक्त सप्लाई की व्यवस्था की गई है। जिसमें पुराना बाजार व बसस्टेण्ड गली में 1 बजे तक, बागर व चांदसेन खिड़की क्षैत्र में 1 से 2 बजे तक, घास भैंरू व चावण्डिया रोड क्षैत्र में 12 से 1.20 बजे तक तथा मन्दिर वाली गली में 3.30 से 4 बजे तक पेयजल की अतिरिक्त सप्लाई की व्यवस्था की गई है।

## दिव्यांग शिविर में 165 ने लिया भाग



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** पंचायत समिति सभागार में जिला कलक्टर के निर्देशानुसार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी कन निगरानी में शिविर का आयोजन हुआ। सोमवार को आयोजित शिविर के बारे में जानकारी देते हुए सामाजिक सुरक्षा अधिकारी भरतसिंह गुर्जर ने बताया कि दिव्यांग व विशेष योग्यजनो को उपकरण करवाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 165 जनो ने भाग लिया। इनमें से 28 लोगो को उपकरण वितरण के चिन्हित कियाग गया। इसके शिविर में पालनहार योजना के लिए 7, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के लिए 3, मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन स्वरोजगार ऋण योजना के लिए 4 तथा 17 विशेष योग्यजनो व दिव्यांगजनो से पेंशन के आवेदन तैयार करवाने के अलावा 22 को मेडिकल प्रमाण जारी किए गए।

# बुजुर्ग एवं युवा सम्मेलन का हुआ आयोजन




बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** मालपुरा के महेश सेवा सदन में सिकोईडिकोन संस्था व किसान कल्याण सेवा समिति मालपुरा के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय बुजुर्ग एवं युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया।

सोमवार को आयोजित सम्मेलन के बारे में जानकारी देते हुए कार्यक्रम समन्वयक प्रहलाद जाट ने बताया कि कार्यक्रम में सम्मानीय अतिथि के रूप में सेवानिवृत वैज्ञानिक डॉ. जे.एस.मान, सेवानिवृत प्रधानाचार्य गिरधर सिंह सहित दुर्गालाल नामा, पुरूषोतम शर्मा, पूर्व बैंक मैनेजर रामजीवन खींची ने भाग लिया। अतिथियो ने अपने सम्बोधन में कहा कि वर्तमान में युवा पीढ़ी बुजूर्गो से तालमेल नहीं बना पा रही है। साथ ही युवा पीढ़ी बुजूर्गो के प्रति अपनी नैतिक जिम्मेदारी भी भूलती जा रही है। युवा पीढ़ी द्वारा बुजूर्गो की अनदेखी करना, बुजूर्गो के द्वारा दिए गए ज्ञान से सीख नहीं लेना आम बात है। श्वा पीढ़ी का अपने नैतिक दायित्व से भटकने का मुख्य कारण बुजूर्गो की अनदेखी करना ही माना जा रहा है। सम्मेलन के दौरान बुजुर्गो व युवाओं में किस तरह समन्वय स्थापित किया जा सकता है इस पर गहन चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया। वहीं सेवानिवृत प्रधानाचार्य गिरधर सिंह ने केन्द्र और राज्य सरकार की ओर से बुजुर्गो के विकास एवं कल्याण के लिए संचालित योजनाओं की विस्तार से जानकारी देकर इनसे लाभान्वित होने के तोर तरीको के बारे मे बताकर जागरूक रहकर योजनाओं का लाभ लेने का आव्हान किया गया।

सम्मेलन में कल्याण किसान सेवा समिति अध्यक्ष जगदीश शर्मा ने भी विचार प्रकट किए। साथ ही समन्वयक प्रहलाद जाट ने युवाओं को हमेशा बुजुर्गो साथ मिलकर आगे बढ़ने की सीख दी। सम्मेलन में समन्वयक मोहन मीणा, स्वास्थ्य मित्र सखी सुमन वैष्णव, ममता यादव भी मौजुद रहे।

सम्मेलन में चांदसेन, बृजलालनगर, हाथकी, चैनपुरा, कुरथल व सदरपुरा के 75 बुजूर्गो व युवाओं ने भाग लिया।

## जन सहभागिता से होगा विद्यालय चकेरी में भौतिक सुविधाओं का विकास

## जिला कलक्टर को ग्रामवासियों ने सौंपा 8 लाख 39 हजार 600 रूपए का चैक

बढ़ता राजस्थान




**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** जिला कलक्टर शुभम चौधरी द्वारा जिले में संचालित नवाचारी कार्यक्रम भविष्य की उड़ान 2.0 से प्रेरित होकर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चकेरी में भौतिक सुविधाओं के विकास के लिए ग्रामवासियों द्वारा सामूहिक रूप से सरसों की तूड़ी नीलामी कर 8 लाख 39 हजार 600 रूपए की राशि का चैक विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य बाबू लाल मीणा द्वारा मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा शर्मा, एडीपीसी समग्र शिक्षा दिनेश कुमार गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक हरकेश मीणा की उपस्थिति में मुख्यमंत्री जन सहभागिता विद्यालय विकास योजनान्तर्गत जमा करवाने हेतु जिला कलक्टर शुभम चौधरी को सुपुर्द किया। जिला कलक्टर द्वारा जिले के सरकारी विद्यालयों की आधारभूत संरचना के विकास हेतु ग्रामवासियों द्वारा किए जा रहे आर्थिक सहयोग के लिए चैक देने आए ग्रामवासियों की प्रशंसा की तथा इस पहल को आगे भी जारी रखने हेतु प्रोत्साहित किया। एडीपीसी समग्र शिक्षा दिनेश कुमार गुप्ता ने बताया कि भविष्य की उड़ान 2.0 कार्यक्रम से जिले के ग्रामवासी तथा भामाशाह प्रेरित होकर लगातार जिले के विद्यालयों के भौतिक विकास में अपना आर्थिक योगदान दे रहें है जिससे जिले के विद्यालयों में भौतिक संसाधनों की पूर्ति होने से विद्यालयों का स्वरूप में लगातार सुधार हो रहा है।

# चौथ का बरवाड़ा : पेंशनर समाज का वार्षिक अधिवेशन संपन्न, पेंशनरों के मुद्दों पर हुई चर्चा



बढ़ता राजस्थान

**चौथ का बरवाड़ा (चेतन परिहार)।** चौथ का बरवाड़ा में पेंशनर समाज का वार्षिक अधिवेशन सोमवार को चौथ माता ट्रस्ट धर्मशाला में संपन्न हुआ। अधिवेशन में बड़ी संख्या में पेंशनरों ने भाग लिया और अपनी समस्याओं और सुझावों पर विचार-विमर्श किया। अधिवेशन का उद्घाटन चौथ का बरवाड़ा तहसीलदार नीरज सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने पेंशनरों के समाज में योगदान की सराहना की और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। अधिवेशन में पेंशन वृद्धि, चिकित्सा सुविधाओं, और अन्य कल्याणकारी योजनाओं जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। पेंशनरों ने अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सरकार से ठोस कदम उठाने की मांग की। अधिवेशन में पेंशनर समाज के अध्यक्ष शरीफ अहमद ने कहा कि पेंशनरों को सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकार है और समाज उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सरकार से पेंशनरों की समस्याओं पर ध्यान देने और उन्हें जल्द से जल्द हल निकालने का आग्रह किया।

अधिवेशन में पेंशनरों की पेंशन में महंगाई के अनुपात में वृद्धि की जाए। पेंशनरों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जाएं। पेंशनरों के लिए कल्याणकारी योजनाओं का विस्तार किया जाए। अधिवेशन के अंत में, सभी के लिए भोजन कार्यक्रम का आयोजन हुआ ।

## विजयवर्गीय समाज का होली मिलन समारोह 14 मार्च को

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** विजयवर्गीय सेवा सदन में बीति देर रात्रि विजयवर्गीय समाज स्थानीय सभा कार्यकारिणी की बैठक अध्यक्ष हनुमान प्रसाद विजयवर्गीय की अध्यक्षता में आयोजित हुई। महामंत्री कैलाश चन्द विजयवर्गीय अजमेरी वालो ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। निर्णय के अनुसार 14 मार्च धुलंडी पर्व के अवसर पर दोपहर 2 बजे विजयवर्गीय सेवा सदन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें समाज के पुरूष, महिलाऐं, युवा व बालिकाऐं सभी मौजुद रहेगी। समारोह के दौरान होली के गीतो पर धमाल होगी। वहीं अंत में आरती के बाद सशुल्क प्रसादी का आयोजन होगा।

## दो दिवसीय फाल्गुन मेला 13 व 14 मार्च को

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** टोडा रोड स्थित श्री जैन श्वेताम्बर पूज्य दादा गुरूदेव की मालपुरा तीर्थ दादाबाड़ी में दो दिवसीय विशाल एवं भव्य फाल्गुन मेले का आयोजन होगा। मेला आयोजन धूपिया परिवार की ओर से प्राप्त जानकारी के अनुसार मेले के प्रथम दिन 13 मार्च गुरूवार को प्रात: 10 बजे दादा गुरूदेव की पंच कल्याणक पूजा व रात्रि में विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। भजन संध्या में भजन कलाकार वैभव बागमार, संयम लोढ़ा, संयम जैन व रिषभ जैन सहित अन्य कई कलाकार भजन प्रस्तुत 14 मार्च शुक्रवार को सुबह 6 .30 बजे भक्तामर पाठ, 8 बजे नकारसी, 8 .30 बजे पक्षाल पूजन, 9 बजे स्नात्र पूजा व 10 .30 बजे दादा गुरूदेव की बड़ी पूजा के साथ मेले का समापन होगा।

# बूंदी की होटल के कर्मचारियों ने कोटा के युवक को पीट पीटकर मार डाला, 800 रुपए के बिल को लेकर हुआ था विवाद, चार आरोपी हिरासत में लिए

## देह व्यापार के आरोप में बदनाम रहा है यह होटल

राजीव सक्सेना (राज)



**कोटा/बूंदी ( बढ़ता राजस्थान )।** बूंदी की एक होटल पर रविवार देर रात दोस्तों के साथ खाना खाने गए कोटा के एक युवक को होटल के कर्मचारियों ने इतना पीटा कि उसकी जान ही चली गई। दरअसल, कोटा के इन युवकों का रात डेढ़ बजे करीब होटल के कर्मचारियों से 800 रुपए के खाने के बिल को लेकर विवाद हुआ था। इसी बात पर यह हत्याकांड हो गया। कोटा रोड पर रामगंजबालाजी मंदिर के पास स्थित यह वेलकम होटल सदर थाना क्षेत्र में आता है। इस वारदात की सूचना मिलते ही भारी संख्या में पुलिस जाप्ता मौके पर पहुंच गया। क्षेत्र छावनी में तब्दील हो गया। एएसपी उमा शर्मा भी मौके पर पहुंचीं। बाद में चार आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया।

**यह है पूरा मामला :** बूंदी सदर थाना अधिकारी रमेश आर्य के अनुसार कोटा के उद्योग नगर थाना क्षेत्र के डीसीएम निवासी रणजीत सिंह (27), हरगुन सिंह (26), नितिन खटीक (25) पुत्र ओम प्रकाश व ललित (24) बूंदी के वेलकम होटल पर खाना खाने आए थे। यहां होटल स्टाफ के साथ बिल देने को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ा तो 10-12 होटलकर्मी हॉकी और बेसबॉल बैट लेकर आए और चारों दोस्तों पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस वारदात में नितिन खटीक गम्भीर घायल हो गया। इस पर बाकी तीनों दोस्त उसे लेकर कोटा अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच कर मृत घोषित कर दिया। शव को एमबीएस अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया। इधर, जैसे ही इस मामले की जानकारी मृतक के परिजनों व परिचितों को मिली, वे मॉर्च्युरी के बाहर जमा हो गए और हंगामा करने लगे। इन्होंने आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार करने, मुआवजा देने और होटल को सीज करने की मांग की।

**बूंदी से वार्ता करने पहुंचे तहसीलदार :** मृतक के परिजनों की मांग पर बूंदी से तहसीलदार बलबीर सिंह यहां इनसे वार्ता करने पहुंचे। तहसीलदार ने मृतक के परिजनों को मुख्यमंत्री सहायता कोष से हर संभव मदद दिलाने सहित होटल को भी सीज करने का आश्वासन दिया। होटल संचालक और मारपीट करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की भी बात कही। मृतक नितिन फाइनेंस कम्पनी में काम करता था। वह तीन भाइयों में सबसे छोटा था। नितिन के दोस्त रणजीत ने बताया कि वे चार दोस्त रामगंज बालाजी मंदिर के पास स्थित वेलकम रेस्टोरेंट पर खाना खाने गए थे। होटल के काउंटर पर बिल की बात पर नितिन की स्टाफ से बहस हुई थी। इसके बाद झगड़ा हुआ और होटल के कर्मचारियों ने हमला कर दिया।





### अवैध गतिविधियों के लिए बदनाम है होटल वेलकम

रामगंज बालाजी मंदिर क्षेत्र में स्थित होटल वेलकम संदिग्ध गतिविधियों के चलते पहले से ही पुलिस की रडार पर रहा है। यहां सदर थाना पुलिस व जिला विशेष शाखा देह व्यापार मामले में कार्रवाई कर चुकी है। एक बड़ी कार्रवाई 13-14 मार्च 2023 को हुई थी। इसमें 8 युवतियों व 11 युवकों को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा था। यह कार्रवाई तत्कालीन सदर थाना अधिकारी अरविंद भारद्वाज ने की थी। भारद्वाज अभी कोटा के कुन्हाड़ी थाना अधिकारी हैं। वेलकम होटल पर सालों से देह व्यापार के आरोप लगते रहे हैं।

---

अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा का पश्चिमांचल सम्मेलन जोधपुर में आयोजित

# उपसभापति राजेश कृष्ण बिरला, पूर्वी राजस्थान माहेश्वरी महासभा के प्रदेशाध्यक्ष महेश चंद अजमेरा आदि मौजूद रहे




## बिरला ने विकसित समाज 2026 का संकल्प लेकर आगे बढ़ने का आह्वान किया

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा का पश्चिमांचल सम्मेलन जोधपुर के माहेश्वरी जनउपयोगी भवन में आयोजित हुआ। इस सम्मेलन में पश्चिमांचल के विभिन्न प्रदेशों के लगभग 600 पदाधिकारियों ने भाग लिया। कोटा पश्चिमांचल उपसभापति राजेश कृष्ण बिरला, पूर्वी राजस्थान माहेश्वरी महासभा के प्रदेशाध्यक्ष महेश चंद अजमेरा, अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के कार्यसमिति सदस्य सुरेश काबरा, ओम गट्टानी, ईश्वर काल्या, गिरिराज लड्डा आदि शामिल हुए।

राजेश कृष्ण बिड़ला ने अपने उद्बोधन में होली के आगामी पर्व की सतरंगी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जैसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत 2047 का संकल्प लिया है, वैसे ही हमें विकसित समाज 2026 के संकल्प के साथ आगे बढ़ना होगा। उन्होंने समाज के आर्थिक और सामाजिक सर्वेक्षण का डाटा तैयार करने पर विशेष जोर दिया। इसके तहत आर्थिक सशक्तिकरण, युवा विकास, महिलाओं की आत्मनिर्भरता, और समाज के सर्वांगीण विकास पर कार्य करने का संकल्प लिया।

सभापति संदीप काबरा ने जनवरी 2026 में जोधपुर में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय महासम्मेलन की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि यह महासम्मेलन केवल जोधपुर का ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण राजस्थान का होगा। सम्मेलन में समाज की ज्वलंत समस्याओं पर चिंतन एवं समाधान के लिए विचार-विमर्श किया गया। महासभा द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। इनमें निराश्रित विधवा महिलाओं को आर्थिक सहायता, पुनर्विवाह के लिए एक लाख रुपए की सहायता, महिलाओं के स्वावलम्बन के लिए 3% ब्याज सब्सिडी, मिशन आईएएस 100, एबीएमएम इनोवेट और वैचारिक प्रवाह कार्यक्रम शामिल हैं।

कार्यक्रम में पश्चिमांचल के संयुक्त मंत्री रमाकांत बाल्दी, मिशन 100 प्रमुख श्रीकांत बाल्दी, अर्थ मंत्री राजकुमार काल्या, प्रदेश अध्यक्ष रतनलाल डागा, मंत्री सत्यनारायण भट्टड़, जिला सभा अध्यक्ष पुरुषोत्तम मूंदड़ा, मंत्री लालचंद चांडक और स्थानीय समाज के मंत्री नंदकिशोर शाह सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। महासभा के पूर्व सभापति रामपाल सोनी, गोपी किशन मालानी, ओमप्रकाश सोनी, विष्णु प्रकाश पुंगलिया व रामकुमार भूतड़ा सहित विभिन्न ट्रस्टों के पदाधिकारी भी मौजूद थे। इस अवसर पर श्रीकांत बाल्दी ने माहेश्वरी समाज के युवाओं को प्रशासनिक क्षेत्र से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। सभी पदाधिकारियों ने जनवरी 2026 तक समाज की फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी समाज के हर कोने तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

---

मेडिकल कॉलेज अस्पताल झालावाड़ के डीन के पूर्व निजी सहायक हरिसिंह की मौत का मामला

# गम्भीर अनदेखी : दो साल बाद भी पोर्टल पर अपडेट नहीं हुई मृतक कर्मचारी की जानकारी, शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्यवाही

## विभागीय लापरवाही से मृतक कर्मचारी की विधवा को नहीं मिल रही पेंशन, अन्य परिलाभ भी अटके, बुरी तरह परेशान

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** कोटा संभाग के झालावाड़ में चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा संचालित मेडिकल कॉलेज अस्पताल झालावाड़ में डीन के पूर्व निजी सहायक हरिसिंह की मौत के दो साल बाद भी उनकी विधवा पत्नी को फैमिली पेंशन और अन्य परिलाभ नहीं मिल सके हैं। विभागीय लापरवाही के कारण मृतक कर्मचारी की जानकारी अब तक भी विभागीय पोर्टल पर अपडेट तक नहीं की गई। मृतक कार्मिक की विधवा पत्नी पीड़िता निरंजना कंवर ने इस मामले को लेकर अब मुख्यमंत्री कार्यालय और चिकित्सा शिक्षा विभाग जयपुर के उच्चाधिकारियों को शिकायत भेजकर निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।



**विभागीय गोपनीयता पर सवाल :** निरंजना कंवर ने आरोप लगाया कि जब भी उन्होंने विभाग में पत्र व्यवहार किया तो उसकी सूचना गैर-कानूनी तरीके से ससुराल पक्ष को लीक कर दी गई। उन्होंने मेडिकल कॉलेज प्रशासन के दो कर्मचारियों पर ससुराल पक्ष से मिलीभगत का आरोप लगाते हुए नामजद शिकायत दर्ज कराई है।

**कोर्ट से कोई स्टे नहीं, फिर भी विभागीय टालमटोल :** मृतक की मां विमल कंवर ने जनवरी 2023 में सिविल कोर्ट में मृतक के परिलाभों को लेकर वाद दायर किया था, लेकिन उन्होंने यह तथ्य छिपाया कि मृतक की विधवा पत्नी जीवित है। इसके बाद मार्च 2024 में विमल कंवर की भी मृत्यु हो गई। इसके ठोस प्रमाण के तौर पर मृत्यु प्रमाण पत्र भी विभाग को दे दिया गया। इसके बावजूद विभाग मृतक कर्मचारी के आश्रित व उत्तराधिकारी का मामला कोर्ट में विचाराधीन होने का हवाला देकर कार्रवाई से बच रहा है, जबकि कोर्ट से इस मामले में कोई स्थगन आदेश नहीं है। पीड़िता का आरोप है कि मेडिकल विभाग इस मामले में कोर्ट में भी दमदार पैरवी नहीं कर रहा है।

**पति की मौत के बाद एटीएम से निकाले 5 लाख रुपए, रिकवरी नहीं हुई :** निरंजना कंवर ने बताया कि उसके जेठ तेजसिंह ने पति हरिसिंह की मौत के बाद उनके एटीएम कार्ड से धोखाधड़ी कर 5 लाख रुपए निकाले और राशि हड़प ली। इस पर तेजसिंह के खिलाफ महिला थाना झालावाड़ में एफआईआर नम्बर 01/2023 दर्ज है। आईपीसी की धारा 420, 406 के तहत पुलिस ने चालान पेश कर आरोपी तेजसिंह को जेल भी भिजवा दिया, लेकिन अब जमानत पर बाहर आकर सम्पत्ति हड़पने के हथकंडे अपना रहा है। इस मामले में भी अभी तक कोई रिकवरी नहीं हुई और ना ही एटीएम से सीसी फुटेज जुटाए गए।

**एक्सपर्ट व्यू :** वरिष्ठ अधिवक्ता मुकेश का कहना है कि, हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 की धारा 8 ए के अनुसार, मृतक की पहली उत्तराधिकारी उसकी पत्नी होती है। विभागीय लापरवाही और गोपनीयता भंग करने का यह गम्भीर मामला है। यदि विभाग समय पर कार्रवाई नहीं करता है तो पीड़िता हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर कर सकती है।

- हमारी जानकारी में दोनों पक्षों ने कोर्ट में उत्तराधिकार का दावा किया हुआ है। निरंजना कंवर ने भी हमारे यहां उत्तराधिकार का दावा किया है, जबकि हरिसिंह की मां विमल कंवर अब मर चुकी हैं। वहीं निरंजना कंवर को विधिक उत्तराधिकार का आदेश आने पर सारे परिलाभ अपडेट और रिलीज कर देंगे।

(यहां डीन ने इस सवाल का जवाब नहीं दिया कि जब कोर्ट से मामले में कोई स्टे नहीं है तो फिर पेंशन व अन्य परिलाभों को क्यों रोका गया है?)

**डॉ. दीपक गुप्ता, डीन, झालावाड़ मेडिकल कॉलेज अस्पताल**

---

# भाजपा की अहम बैठक के बाद कार्यकर्ताओं ने जमकर लगाया एक दूसरे को गुलाल, फागोत्सव की दी शुभकामनाएं

## भाजपा कोटा शहर जिला अध्यक्ष राकेश जैन के नेतृत्व में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** कोटा शहर भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन की अध्यक्षता में केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ व नीतियों की जानकारी जन जन तक पहुंचे, इस उद्देश्य को लेकर सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं व पार्षदों के साथ बैठक हुई। इसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने फागोत्सव भी मनाया।

**कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाएं :** जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने बैठक में भाजपा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि केन्द्र में नरेन्द्र मोदी व राज्य में भजनलाल शर्मा की सरकारों की लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचे, इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए सभी को बूथ स्तर पर जन जन के बीच जाकर, उनके सुख-दुख में सहभागी बनना है। योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाना है। कई परिवार सूचना के अभाव में सरकार की योजनाओं के बारे में नहीं जान पाने के कारण योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह जाते हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं को सरकारी योजनाओं के लिए पात्र परिवारों को ई मित्र पर भेजकर योजनाओं का लाभ दिलवाने में अपनी सहभागिता देनी है। बैठक में जिलाध्यक्ष जैन ने सभी को गुलाल का टीका लगाकर व पुष्प वर्षा कर फागोत्सव मनाया। फागोत्सव पर सभी को शुभकामनाएं दीं एवं कहा कि यह हिन्दू धर्म का महत्वपूर्ण त्योहार है, जो बसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है। यह त्योहार रंगों, प्रेम, और खुशी का प्रतीक है। हम इस त्योहार के माध्यम से अपने जीवन में प्रेम, खुशी और रंगों को महत्व दें और सकारात्मकता और खुशी को बढ़ावा दें।

**कार्यकर्ताओं ने भी लगाया एक दूसरे को गुलाल :** इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी एक दूसरे को गुलाल लगाकर फागोत्सव मनाया। इससे चारों तरफ आनंद का माहौल बना रहा। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष रितेश चित्तौड़ा, जिला मंत्री राजेन्द्र अग्रवाल, जयदेव सुखेजा, अंजू बाला सैन, रेखा खेलवाल, पार्षद सुरेन्द्र राठौर, आरती शाक्यवाल, रेखा गोस्वामी, रीटा सलूजा, शानू कश्यप, नंद कंवर हाड़ा, संदीप नायक, राकेश पुटरा, दिलीप अरोड़ा, मामा चौधरी, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष रामलाल टटवाड़िया, महिला मोर्चा से सुनिता सामरिया, ओबीसी मोर्चा से अमित उराड़िया, युवा मोर्चा से सुदर्शन गौतम, जिला कार्यकारिणी सदस्य अल्का मेवाड़ा, आईटी संयोजक निखिल शर्मा, सोशल मीडिया सहसंयोजक हिमांशु सैनी, मंडल अध्यक्ष दिनेश सरसिया व रीचा राव मौजूद रहे।

---




# महिला दिवस पर 151 सशक्त महिलाओं का सम्मान, नवनियुक्त कार्यकारिणी ने ली शपथ

## सर्व ब्राह्मण महासभा महिला प्रकोष्ठ का मिलन समारोह आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** सर्व ब्राह्मण महासभा महिला प्रकोष्ठ की ओर से भीतरिया कुंड में परिसर में मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें समाज की 151 सशक्त महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। महिला प्रकोष्ठ की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह भी आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में साध्वी हेमा सरस्वती व राष्ट्रीय प्रभारी मधुसूदन शर्मा मुख्य अतिथि थे। पूर्णिमा गौतम विशिष्ट अतिथि रहीं।

नई कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में मोनिका गौतम को अध्यक्ष व गिरिजा शर्मा को महामंत्री पद की शपथ दिलाई गई। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने समाज सेवा एवं महिला उत्थान के लिए समर्पित भाव से कार्य करने की शपथ ली।

**151 महिलाओं का भव्य सम्मान समारोह :** नवनियुक्त कार्यकारिणी की ओर से समाज में विशिष्ट योगदान देने वाली 151 महिलाओं को सम्मानित किया गया। सम्मान के रूप में उन्हें तिलक लगा, माला पहना तथा भेंट दी गई।

**महिलाओं का सम्मान समाज की समृद्धि का प्रतीक :** महासभा अध्यक्ष कौशल किशोर गौतम ने सभा का शुभारम्भ करते हुए अतिथियों व सम्मानित महिलाओं का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सम्मान समाज की समृद्धि का प्रतीक है। मुख्य अतिथि साध्वी हेमा सरस्वती ने अपने ओजस्वी भाषण में महिलाओं की शक्ति, उनके योगदान और समाज में उनकी सशक्त भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सम्मान केवल एक दिन नहीं, बल्कि हर दिन किया जाना चाहिए। राष्ट्रीय प्रभारी मधुसूदन शर्मा ने समाज में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महिलाओं के उत्थान से ही समाज की वास्तविक प्रगति संभव है। कार्यक्रम का सफल संचालन अध्यक्ष कौशल किशोर गौतम ने किया। उन्होंने सभी अतिथियों, कार्यकर्ताओं व सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

---

# गर्भवतियों की सेहत जांची, सोनोग्राफी के लिए मां वाउचर कूपन दिए, आवश्यक परामर्श भी दिया

## जिले के 82 चिकित्सा संस्थानों पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** जिले के 82 चिकित्सा संस्थानों पर सोमवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन हुआ। इस अभियान में गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच की गई और परामर्श दिया। सीएमएचओ डॉ. नरेन्द्र नागर ने बताया कि अभियान में 1436 गर्भवती महिलाओं की बीपी जांच हुई, 1415 का तापमान नोट किया, 1438 गर्भवतियों के रक्त की जांच की गई। 888 गर्भवतियों को आईएफए की गोलियां और 44 को आईवी आयरन सुक्रोज दिया गया। साथ ही गर्भवतियों की विभिन्न जांचें ब्लड, यूरिन टेस्ट, हीमोग्लोबिन, बीपी, शुगर, वजन, ऊंचाई आदि जांची गई। 41 गर्भवतियों की सोनोग्राफी जांच की गई। इस दौरान 54 गर्भवती महिलाओं में जटिलता हाईरिस्क पाई गई।



अभियान में गर्भवतियों को प्रसव की तैयारी एवं परिवार नियोजन की जानकारी भी दी गई। आरसीएचओ डॉ. रमेश कारगवाल ने बताया कि अभियान में कई केन्द्रों पर दूसरी या तीसरी तिमाही में चल रही कई गर्भवती महिलाओं को नजदीक के निजी सोनोग्राफी सेंटर पर एक नि:शुल्क सोनोग्राफी जांच के लिए मां वाउचर योजना के कूपन भी जारी किए गए।

---

# खाद्य सुरक्षा दल ने हल्दी के अवधि पार पैकेट नष्ट करवाए, विभिन्न खाद्य पदार्थों के 25 नमूने लिए

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** खाद्य सुरक्षा दल ने जिले में जारी लगातार कार्रवाई के क्रम में सोमवार को इटावा- खातोली क्षेत्र का सघन दौरा करते हुए आधा दर्जन से अधिक डेयरियों, किराना व मिष्ठान भंडारों का निरीक्षण किया। खातोली में एक किराने की दुकान के निरीक्षण में 500 ग्राम हल्दी के 29 पैकेट अवधिपार मिले। इन्हें नष्ट करवाया गया। साथ ही सफाई के निर्देश देते हुए विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने भी लिए। इटावा-खतौली में विभिन्न डेयरियों, किराना व मिष्ठान भंडारों से मिठाई, दूध, मावा, पनीर, घी, दही, मसाले, चाय, टॉफी के कुल 25 नमूने लिए। इन नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला कोटा भिजवाया गया। वहां से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार आगे कार्यवाही की जाएगी।? इस कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप अग्रवाल, अरुण सक्सेना, चंद्रवीर सिंह जादोन व मोजी लाल कुम्भकार शामिल रहे।

### पंचकल्याणक महोत्सव का हुआ समापन

# गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम व कामां विधायक नौक्षम चौधरी पहुंचे जुरहरा, मुनिराज वसुनन्दी महाराज का लिया आशीर्वाद

## पंचकल्याणक कमेटी ने किया स्वागत व सम्मान, भगवान ऋषभदेव के जन्मदिन पर अवकाश की रखी मांग

बढ़ता राजस्थान

**जुरहरा/कामां/ डीग( रेखचन्द्र भारद्वाज ) ।** 5 मार्च से जुरहरा क़स्बे में चल रहे पंचकल्याणक महोत्सव का रविवार को धूमधाम से समापन हो गया। पंचकल्याणक महोत्सव के अंतिम दिन गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम व कामां विधायक नौक्षम चौधरी ने कार्यक्रम में पहुंचकर जैन सन्त वसुनन्दी महाराज ससंघ का आशीर्वाद प्राप्त किया। जुरहरा पहुंचने पर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं व कस्बे के गणमान्य लोगों ने गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम व कामां विधायक नौक्षम चौधरी का भव्य स्वागत व सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में गृह राज्य मंत्री ने कहा कि संतों का आशीर्वाद बड़े ही भाग्य से प्राप्त होता है और संतों के सानिध्य व आशीर्वाद से ही व्यक्ति जीवन में उच्च स्थान एवं सही मार्ग प्राप्त कर पाता है। जनकल्याण समिति ने गृह राज्य मंत्री जवाहरसिंह बेढम से भगवान ऋषभदेव जी के जन्मदिन के अवसर पर सरकार से अवकाश घोषित कराने की मांग की जिस पर गृह राज्य मंत्री ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से इस बारे में बात कर अवकाश कराए जाने का आश्वासन दिया।

**गृह राज्य मंत्री ने पंचमुखी हनुमानजी के किए दर्शन :** जुरहरा आगमन के दौरान गृह राज्य मंत्री ने क़स्बे के चमत्कारी श्री पंचमुखी मन्दिर पर हनुमानजी के दर्शन किए जहां कस्बा निवासी ऋषिराज पाराशर ने गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम व पूर्व प्रधान रविन्द्र जैन को चांदी के मुकुट पहनाकर उनका स्वागत व सम्मान किया जहां गृह राज्य मंत्री व पूर्व प्रधान ने भेंट में प्राप्त चांदी के मुकुटों को पंचमुखी हनुमानजी के चरणों समर्पित कर दिया।

गृह राज्य मंत्री व कामां विधायक के जुरहरा आगमन के दौरान उनके साथ मुख्य रूप से लक्ष्मण सरपंच, तरुण जैन, प्रेमचंद बामनी, रामपाल गुर्जर पाई, विनोद मानवी, कंचन जायसवाल, हुकम सतवास, राकेश नौगावां, राजवीर शर्मा पाई, धर्मचंद गुर्जर जुरहरा, भूपेन्द्र खण्डेलवाल, योगेश जैन, अजय जैन, मुकेश जसोरिया, गजेन्द्र जाट, लोकेश जैन, योगेश जैन, राहुल पचौरी, टीकम सैनी, अजय बृन्दाबनिया, धमेन्द्र फौजदार, नारायणदत्त शर्मा मंडल अध्यक्ष जुरहरा, फंटूलाल जुरहरा, सुन्नी सैनी, कन्हैया पाराशर, ऋषिराज पाराशर, नीरज एडवोकेट, डॉ सोहनलाल शर्मा, पप्पू पंडित जी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।



### सामाजिक कार्यकर्ता भूपेंद्र खंडेलवाल ने सौंपा ज्ञापन

गृह राज्य मंत्री को जुरहरा कस्बा निवासी सामाजिक कार्यकर्ता भूपेंद्र खंडेलवाल के नेतृत्व में रोहताश दीवान, राजेश खंडेलवाल, सोनू भगतजी, मुकेश जसोरिया, लोकेश जैन, राजेंद्र जांगिड़, अजय शर्मा, टीकम सैनी, राहुल पचौरी, मानसिंह प्रजापति, बेबू खंडेलवाल आदि ने एक ज्ञापन सौंपकर जुरहरा से वाया होडल के लिए, जुरहरा से वाया फिरोजपुर अलवर के लिए व जुरहरा से मथुरा के लिए रोडवेज बस चलाने, जुरहरा में कॉलेज खुलवाने व जुरहरा अस्पताल में चिकित्सा सुविधाओं को दुरूस्त कराने के लिए ज्ञापन सौंपा। गृह राज्य मंत्री ने ज्ञापन में की गई मांगो पर जल्द ही अमल किए जाने का आश्वासन दिया।

# मां कैला देवी पदयात्रा भंडारा 23 मार्च से 27 मार्च तक

### माता के दरबार में फूल बंगला व छप्पन भोग का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**बयाना /भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** कस्वे के निजी मैरिज होम लक्ष्मी पैलेस में श्री केला देवी पदयात्रा कमेटी ने उत्तर प्रदेश, हरियाणा, मध्य प्रदेश से आने वाले पद यात्रियों की सुविधाओं के लिए 7वें विशाल भंडारे के शुरू करने के लिए मीटिंग का आयोजन रखा। जिसमें पद यात्रियों के लिए चाय, नाश्ता, भोजन प्रसादी, मेडिकल की व्यवस्थाओं पर विचार मंथन किया मां केला देवी भंडारा के संयोजक हितैष गोयल ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पदयात्रियों के लिए भंडारे का आयोजन लगाया जा रहा है। जो हमेशा की तरह कुंडा तिराहे से हिंडौन रोड पर राजेश माली वाले खेत में लगाया जाएगा। गोयल ने बताया कि यह भंडारा 23 मार्च शाम से शुरू होकर 27 मार्च 2025 रात्रि तक चलेगा जिसमें कमेटी के सभी सदस्यों को बुलाकर भंडारे में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई। मां केला देवी भंडारा कमेटी में लिए गए निर्णय के अनुसार गोयल ने बताया भंडारे में सुबह 5-00 से चाय 7-00 तक चाय सुबह 7-00 बजे से 9-00 बजे तक नाश्ता व दिन रात भोजन प्रसादी की व्यवस्था बनी रहेगी। इसके अलावा भंडारे में मेडिकल कैंप भी लगाया जाएगा। भंडारे में पद यात्रियों के लिए मटके का ठंडा पानी, थके हुए पद यात्रियों को विश्राम के लिए उत्तम व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया। महिलाओं को नहाने के लिए अलग से व्यवस्था कराई जाएगी। भंडारे में मां राज राजेश्वरी श्री केला मइया के भव्य दरबार को फूल बंगला झांकी व छप्पन भोग की झांकी के साथ सजाया जाएगा। भंडारा कमेटी के महामंत्री रिंकू अग्रवाल ने बताया कि भंडारा समापन पर शाम 27 मार्च को 9 कन्याओं व 2 लंगराओ को चुनरी उढ़ाकर टीका लगाकर भेंट सामग्री देकर पूजन किया जाएगा। इस मौके पर डॉ हेमंत बंसल, डॉ महेश धाकड़, सत्य प्रकाश गुप्ता, रिंकू अग्रवाल बब्बल,मनोज अग्रवाल, ललित मोहन, प्रदीप, निक्की आदि सहित सैंकड़ों लोग मौजूद रहे। भंडारे कमेटी ने मीटिंग समापन पर सभी के लिए भोजन प्रसादी का आयोजन रखा।

# सायबर क्राइम के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

### कब्जे से 07 एंड्रॉयड मोबाइल, 10 सिम कार्ड व 6 बाइकें भी जब्त

बढ़ता राजस्थान

**जुरहरा/डीग ( रेखचन्द्र भारद्वाज )।** स्थानीय थाना पुलिस ने नकली सोने जैसी पीतल की इंटों को सस्ते दामों में बेचने का विज्ञापन डालकर व अनजान लोगों से डिलेवरी चार्ज के रूप में रुपए ठगने के आरोप में तीन जनों को गिरफ्तार किया है आरोपियों के कब्जे से 7 एंड्रॉयड मोबाइल मय सिम कार्ड व 6 बाइक भी जप्त की गई है। जुरहरा थाना अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि रविवार को जिला सायबर टीम की सहायता से एवं रेंज स्पेशल टीम, जिला स्पेशल टीम



व थाना जुरहरा पुलिस द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए ग्राम भण्डरा से सबलगढ जाने वाले कच्चे रास्ते पर बैठकर सायबर ठगी कर रहे तीन आरोपियों को पकडकर उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि रविवार को रेंज स्पेशल टीम, जिला स्पेशल टीम एवं थाना जुरहरा पुलिस द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए ग्राम भण्डरा से सबलगढ जाने वाले कच्चे रास्ते पर बैठकर सायबर ठगी कर रहे आरोपी धारासिंह पुत्र अतर सिंह जाति जाटव निवासी ग्राम भण्डारा थाना जुरहरा, नासिर पुत्र लियाकत जाति मेव निवासी खेडली गुमानी थाना जुरहरा, मौसिम पुत्र रफीक जाति मेव निवासी ईदगाह के पास जुरहरा थाना जुरहरा को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 7 एण्ड्रोईड मोबाइल फोन, 10 सिम कार्ड व 6 मोटरसाईकिल जब्त की गई हैं। थानाधिकारी ने बताया कि मौके से सात मुल्जिमान रिजवान पुत्र लियाकत निवासी खेडली गुमानी थाना जुरहरा, मनीष उर्फ मुल्ला पुत्र सुबान निवासी अहलवाडी थाना जुरहरा, रब्बस पुत्र सुबान निवासी अहलवाडी थाना जुरहरा, राहिल उर्फ आंकडी पुत्र अली मौहम्मद निवासी भण्डारा थाना जुरहरा, अजय कुमार पुत्र अतर सिंह निवासी भण्डारा थाना जुरहरा, आरिफ पुत्र दीनू निवासी परेही थाना जुरहरा, सोहिल पुत्र सहीद निवासी परेही थाना जुरहरा खड़ी फसल का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। जिनकी तलाश की जा रही है।

# प्रेम पूर्वक की गई भक्ति से परमात्मा प्रसन्न होते हैं : श्री हरि चैतन्य महाप्रभु

बढ़ता राजस्थान

**जुरहरा/कामां / भरतपुर ( रेखचन्द्र भारद्वाज ) ।** तीर्थराज विमल कुण्ड स्थित श्री हरि कृपा आश्रम के संस्थापक एंव श्री हरिकृपा पीठाधीश्वर व विश्व विख्यात संत स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने सोमवार को यहाँ श्री हरि कृपा आश्रम में विशाल समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी कोई भी क्रिया, चेष्टा, व्यवहार या कर्म ऐसा न हो जाए जिसे देखकर कोई उंगली उठाये। आपके जीवन में वांछित परिवर्तन भी आना चाहिए। अपनी गलतियों और बुराइयों को समझें व दूर करें। दूसरों पर मिथ्या दोषारोपण से कहीं बेहतर है कि स्वयं आत्म अन्वेषण करें। कई बार हम स्वयं गलतियां करते हैं, स्वयं अपने हाथो अपने लिए पतन का गड्ढा खोदते हैं व दोष दूसरों को देते हैं। दूसरों में दोष ढूंढने के कारण हमें अपने अंदर दोष होते हुए भी दिखाई नहीं देते। आंखें सबको देखती है पर अपने को नहीं देख पाती। निष्पक्ष ,शांत, एकाग्रचित्त होकर अपनी आत्मा की आवाज़ सुनें, तो पता चल जाएगा कि लोग हमें क्या समझते हैं, हमारा मन क्या समझता है, परन्तु वास्तव में हम हैं क्या ? किसी को दोष क्यों देते हो अपनी अनेक आंतरिक दुर्बलताएँ ही विनाश का



कारण बनती है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन को श्रेष्ठ व मर्यादित बनाने के लिए जहाँ से अच्छाई मिले वहाँ से ग्रहण करके अपने जीवन को समाज के लिए कल्याणकारी श्रेष्ठ व मर्यादित बनाए। संसार में किसी को भी, कभी भी, किसी प्रकार से भी दुख, भय या कलेश नहीं पहुँचना चाहिए। तथा न ही पहुँचाने की प्रेरणा या इच्छा करनी चाहिए। सदैव सत्य स्वरूप परमात्मा की ही शरण लेनी चाहिए। हमें प्रभु का कृपा पात्र बनने की कोशिश करनी चाहिए दया पात्र नहीं। प्रेम पूर्वक की गई भक्ति से परमात्मा प्रसन्न होते हैं। और अपने भक्तों पर कृपा करते हैं। उन्होंने कहा कि आत्मा व परमात्मा एक ही है मगर फिर भी अलग हैं। परमात्मा सृष्टि के कण कण में विद्यमान् है और आत्मा उसके एक अंश में, परमात्मा का आत्मा के बिना अस्तित्व है मगर आत्मा का परमात्मा के बिना कोई अस्तित्व नहीं है। परमात्मा का इस सृष्टि में सबसे एक ही नाता है भक्ति का। उसके यहाँ ऊँच-नीच, जाति-पाति आदि का कोई भेद नहीं है। परमात्मा के लिए तो एक मात्र प्रेमपूर्ण भक्ति ही सर्वस्व है। भक्तिहीन मनुष्य ठीक उसी प्रकार है जैसे बिना जल के बादल, चाहे वह कितने ही उज्जवल क्यों न हो, मगर किसी के काम के नहीं होते। भक्तिहीन जीवन कितनी ही विशेषताओं से पूर्ण होने पर भी बेकार है।भक्तिमय मनुष्य परमात्मा को अत्यंत प्रिय होते हैं। और वही विशेष कृपा के अधिकारी होते हैं। उन्होंने कहा कि अपने विवेक को सदैव जागृत रखें। माता-पिता, गुरुजनों, शास्त्र, संस्कृति के प्रति श्रद्धा आदर का भाव रखने को भी कहा। संसार की हर वस्तु, पदार्थ, प्राणी नाशवान है। इनका सदैव साथ नहीं रहता तथा परमात्मा का साथ कभी नहीं छूटता है। अतः हमें जगत की यथासामरथय सेवा करनी चाहिए। तथा सेवा का अवसर मिलने पर स्वयं को सौभाग्यशाली समझना चाहिए व सेवा के आये इस अवसर को हाथ से न जाने देने पर स्वयं को परम सौभाग्यशाली समझना चाहिए। हमें जगत में जब भी संत, गुरू, परमात्मा, बुजुर्ग, माता-पिता व धर्म एवं संस्कृति की सेवा का अवसर मिले तो सेवा अवश्य करनी चाहिए।

अपने धारा प्रवाह प्रवचनों से उन्होंने सभी को मंत्रमुग्ध व भाव विभोर कर दिया। सारा वातावरण श्री गुरू महाराज, कामां के कन्हैया व लाठी वाले भैय्या की जय जयकार से गूंज उठा ।

श्री हरि कृपा आश्रम में 13 मार्च को विश्व प्रसिद्ध फूलों की होली सांय 2-6 बजे तक आयोजित होगी जिसमें आयोजकों ने सभी धर्मप्रेमी जनता को सप्रेम आमंत्रित किया है। इस बीच श्री हरि कृपा आश्रम में श्री महाराज जी के दर्शनों व दिव्य अमृत वचनों को सुनने के लिए लगातार भक्तों का ताँता लगा हुआ है ।

# बाबा श्याम की विशाल नगर भ्रमण शोभायात्रा

### जयशंकर टाइगर जूडो कराटे क्लब के खिलाड़ियों ने दिखाए हैरतअंगेज करतब



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय ) ।** खाटूश्याम मंदिर की ओर से बाबा श्याम की विशाल नगर भ्रमण यात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों श्रद्धालु भक्तिमय माहौल में शामिल हुए। इस भव्य शोभायात्रा में जयशंकर टाइगर जूडो कराटे क्लब, किला भरतपुर के खिलाड़ियों ने अपने अद्भुत कौशल और साहसिक करतबों से लोगों का दिल जीत लिया। शोभायात्रा की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिसके बाद बाबा श्याम का अलौकिक रथ नगर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरा। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन गाते हुए बाबा श्याम के जयकारे लगाए, जिससे पूरा शहर भक्तिमय हो गया।

पीयूष जयशंकर टाईगर, नेहा शर्मा, पोहप सिंह जादौन, दीप्ति शर्मा के निर्देशन में खिलाड़ियों ने किया रोमांचक प्रदर्शन बाबा श्याम की विशाल नगर भ्रमण शोभायात्रा में जयशंकर टाइगर जूडो कराटे क्लब के खिलाड़ियों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। बच्चों और युवाओं ने अपने कौशल से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके करतबों में हाई किक, फ्लाइंग किक, ब्रेकिंग स्टंट और आत्मरक्षा तकनीकें शामिल थीं। उनकी बेहतरीन प्रस्तुति को देख श्रद्धालु उत्साहित हो उठे और तालियों की गूंज से माहौल गूंज उठा।

# जुरहरा में धूमधाम से निकाली खाटू नरेश की निशान यात्रा

बढ़ता राजस्थान

**जुरहरा/कामां/ डीग( रेखचन्द्र भारद्वाज)।** क़स्बे में सोमवार को शीश के दानी खाटू वाले श्याम की निशान यात्रा व झांकी बैंड-बाजों के साथ धूमधाम से निकाली गई इससे पूर्व क़स्बे के श्री खाटू श्याम मन्दिर में फागोत्सव मनाया गया जिसमें श्याम भक्तों ने एक-दूसरे पर गुलाल लगाकर श्याम भजनों पर जमकर डांस किया। सोमवार को दोपहर 1-00 बजे श्री खाटू श्याम मन्दिर से डीजे, बैंड-बाजों व श्याम की झांकी के साथ शुरू हुई निशान यात्रा बस स्टैंड, बघेल मौहल्ला, सैनी मौहल्ला, हरिजन मौहल्ला, जाटव मौहल्ला, पुरानी पुलिस चौकी, चौपड़ा बाजार, मैन बाजार होते हुए वापिस श्री खाटू श्याम मन्दिर पहुंची। निशान यात्रा के दौरान श्याम भक्तों द्वारा उड़ाए गए अबीर-गुलाल से पूरा कस्बा श्याम मय हो गया। निशान यात्रा में मुख्य रूप से श्याम सखा पाराशर, प्रमोद खण्डेलवाल, पिंटा अग्रवाल, राजू खंडेलवाल, सुभाष खण्डेलवाल, टीकम सैनी, बबली अग्रवाल, गौरव खंडेलवाल, मानसिंह प्रजापति, श्याम बघेल, विक्रम सिंह राजपूत, हेमन्त गौड़, हेमन्त खंडेलवाल, सीताराम खण्डेलवाल, भूपेश सैनी, टीटू पण्डित जी सहित क़स्बे के अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# अभिभाषक संघ की मांगों के धरना प्रदर्शन का आज 19वाँ दिन



बढ़ता राजस्थान

**रूपवास/ भरतपुर( राजेश कटारा ) ।** अभिभाषक संघ रूपवास के तत्वावधान में न्यायालय परिसर में एडीजे कोर्ट व एसीजेएम कोर्ट स्थापित कराने की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने संघर्ष समिति अध्यक्ष संतोष बंसल व उपाध्यक्ष जयप्रकाश पाराशर के नेतृत्व में 19 वें दिन भी धरना प्रदर्शन किया गया। धरना स्थल पर अधिवक्ताओं व पक्षकारों को सम्बोधित करते हुए संघ अध्यक्ष सचिन शर्मा ने कहा कि उपखंड मुख्यालय पर एडीजे व एसीजेएम कोर्ट स्थापित कराने की अधिवक्ताओं की मांग पिछले दो दशक से अधिक समय से चली आ रही है तथा समय-समय पर अधिवक्ताओं व पक्षकारों व क्षेत्र के आमजन द्वारा अनवरत रूप से मांग की जा रही है लेकिन सरकार ने अभी तक कोई सुनवाई नहीं करने पर रोष व्याप्त है । वरिष्ठ अधिवक्ता नैमीचंद शर्मा,सोबरन सिंह, जयप्रकाश पाराशर, हरदौल सिंह, नीरज राजावत, सुरेन्द्र सिंह, राजेश पछांदरा, अशोक शर्मा,गिर्राज सिंह, ओंकार सिंह, डूंगरसहाय शर्मा,राधेलाल शर्मा , नन्द किशोर शर्मा, राजीव शर्मा, अमृतलाल, अशोक भातरा, पंकज सरस,नौहवत सिंह, प्रेम प्रकाश पाराशर,पवन शर्मा, नवीन परमार, कोमल सिंह सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

धरना स्थल से एसडीएम कार्यालय तक रैली निकाली गई तथा सरकार से शीघ्र ही मांग पूरी करने का आह्वान किया।

## विधायक डॉक्टर ऋतु बनावत ने एसीजेएम कोर्ट एवं एडीजे कोर्ट की आवाज विधानसभा में उठाई

बढ़ता राजस्थान

**रूपवास/ भरतपुर (राजेश कटारा)।** बयाना रूपबास विधायक डॉक्टर रितु बनावत ने आज नियम एवं प्रक्रिया 295 के तहत मुख्यालय रूपबास में एसीजेएम व एडीजे कोर्ट खोलने, मुख्यालय बयाना में अनुसूचित जाति व जनजाति के प्रकरणों की सुनवाई हेतु अपर जिला व सैशन न्यायालय को अधिकार दिए जाने, बयाना मुख्यालय पर एडीएम कार्यालय व राजस्व अपील स्थायी न्यायालय सृजित करने एवम उपभोक्ता विवाद परितोष मंच भरतपुर में बयाना, रूपबास, बैर, भुसावर व रुदावल क्षेत्र के उपभोक्ता विवाद विचाराधीन हैं। राजस्थान सरकार द्वारा सन् 2017 में बयाना मुख्यालय पर कैम्प कोर्ट स्थापित कर सुनवाई हेतु आदेश जारी किए गए थे परंतु आज दिनांक तक सुनवाई नहीं हो पाई है इन समस्त मांगों पर राज्य सरकार का ध्यान आकर्षित किया !

## अभिभावक सम्मेलन का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** कलसाडा स्थित उच्च प्राथमिक आदर्श विद्या मन्दिर में अभिभावक सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जगदीश प्रसाद गर्ग, रामेश्वर प्रसाद गर्ग अध्यक्ष रामकिशोर गुप्ता मुख्य वक्ता आनन्द प्रकाश धावाई रहे। मुख्य वक्ता ने कार्यक्रम में अपने पाथेय में कहा कि बालक के निर्माण माता की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। विद्यालय के छात्र छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष अशोक सिंह व्यवस्थापक राधेश्याम अग्रवाल जिला संस्कार केन्द्र एवं शिशुवाटिका प्रमुख चैतन्य प्रकाश अग्रवाल संकुल प्रमुख इन्द्रप्रकाश शर्मा मनीष कुमार गर्ग, प्रधानाचार्य गोरधन प्रसाद शर्मा, दीनदयाल सिंह, मोहन मुरारी पाण्डेय, एवं विद्यालय के समस्त आचार्य एवं दीदी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य बलीचन्द तमोली उच्च प्राथमिक बालिका आदर्श विद्या बयाना मन्दिर ने किया ।

# भीलवाड़ा बंद : कैफे कांड और गैंगरेप की घटनाओं के विरोध में जन आक्रोश

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, ( अमित शर्मा )।** हाल ही में भीलवाड़ा के कैफे कांड और बिजयनगर (ब्यावर) में हुई गैंगरेप की घटनाओं के विरोध में संत समाज के आह्वान पर सोमवार को भीलवाड़ा बंद रहा। यह बंद शाम 5 बजे तक प्रभावी रहा, जिसे शहर के व्यापारियों, मेडिकल एसोसिएशन, इंडस्ट्रियल एसोसिएशन, बार एसोसिएशन और प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन सहित कई संगठनों का समर्थन मिला।





**बंद से प्रभावित रहा जनजीवन :** बंद के कारण शहर के प्रमुख बाजार पूरी तरह बंद रहे। व्यापारियों ने विरोध स्वरूप अपनी दुकानें नहीं खोलीं। सुबह से ही बंद समर्थकों की टोलियां शहरभर में घूमकर व्यापारियों से सहयोग की अपील कर रही थीं। टू-व्हीलर पर सवार प्रदर्शनकारी नारेबाजी करते हुए लोगों से बंद को सफल बनाने की अपील कर रहे थे।

**महाआक्रोश रैली और सभा का आयोजन :** सुबह दूधाधारी गोपाल मंदिर से महाआक्रोश रैली निकाली गई, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बजरंगी चौराहे सूचना केंद्र पर पहुंची। वहां पर दोपहर 2 बजे महाआक्रोश सभा का आयोजन किया गया, जिसमें लव जिहाद, गैंगरेप और धर्मांतरण जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। सभा को राजस्थान संत समाज के अध्यक्ष एवं हरी सेवा उदासीन आश्रम के महामंडलेश्वर महंत हंस ने संबोधित किया।

**सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद :** शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन सतर्क रहा। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। भीलवाड़ा एसपी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि प्रमुख चौराहों पर फिक्स पॉइंट बनाए गए हैं और सुरक्षा बलों को अलर्ट पर रखा गया है। इसके अलावा वज्र वाहन, फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस को भी तैयार रखा गया है।

**संगठनों का समर्थन :** बंद को प्रभावी बनाने के लिए शहर में सात प्रमुख स्थानों पर संगठन के पदाधिकारी तैनात रहे। इनमें नीलकंठ महादेव मंदिर शास्त्री नगर, दूधाधारी गोपाल मंदिर सांगानेरी गेट, टेम्पो स्टैंड सांगानेर, खेड़ा खुट मंदिर संजय कॉलोनी, छोटी पुलिया चौक सुभाष नगर, मालोला चौराहा, कुंभा सर्किल और पांसल चौराहा शामिल हैं।

बंद के समर्थन में जिला मेडिकल एसोसिएशन, कृषि मंडी, इंडस्ट्री एसोसिएशन, जिला बार एसोसिएशन, व्यापारी संगठन, भारतीय मजदूर संघ की जिला इकाई और प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन आगे आए।

### सीबीआई जांच की मांग

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के प्रांत सह प्रमुख गणेश प्रजापत ने कहा, अजमेर, बिजयनगर और भीलवाड़ा में लव जिहाद के नाम पर धर्मांतरण, गैंगरेप और ब्लैकमेल की घटनाओं ने हिंदू समाज में आक्रोश पैदा कर दिया है। हमारी मांग है कि इन मामलों की सीबीआई जांच हो और आरोपियों को सख्त सजा दी जाए।


### प्रशासन की सतर्कता

बंद के मद्देनजर जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधु ने विभिन्न क्षेत्रों में कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए, वहीं भीलवाड़ा एसपी धर्मेंद्र सिंह यादव ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया। ब्यावर जिले के बिजयनगर में नाबालिग लड़कियों के शोषण और भीलवाड़ा के कोतवाली व प्रतापनगर थाना क्षेत्र में गैंगरेप की घटनाओं के खिलाफ सकल हिंदू समाज और संत समाज के आह्वान पर यह बंद आयोजित किया गया।

## 12वीं बोर्ड के छात्र ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर मुर्गा बनाकर लगायी भविष्य बचाने की गुहार

### शिक्षा विभाग ने किया 12 वी बोर्ड के छात्र के भविष्य के साथ खिलवाड़

बढ़ता राजस्थान




**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** बूंदी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र विशाल सैनी को अर्द्धवार्षिक परीक्षा देने के बावजूद बोर्ड वार्षिक परीक्षा से वंचित करने का मामला आया सामने। पीड़ित छात्र विशाल सैनी ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर मुर्गा बनकर प्रदर्शन करते हुये लगायी भविष्य बचाने की गुहार। राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा के साथ जिला शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश गोस्वामी से मिला पीड़ित छात्र।शर्मा ने शिक्षा विभाग से की छात्र का भविष्य बचाने व परीक्षा में शामिल करने की मांग। अब तक छात्र के तीन पेपर छूटे। बेटे का भविष्य बचाने के लिये छात्र के पिता देवराज सैनी ने जिला शिक्षा अधिकारी के हाथ जोड़े।

पहले भी बूंदी में दसवीं बोर्ड के छात्र कुलदीप सोनी को प्रवेश पत्र आने के बाद भी उपस्थिति कम बताकर परीक्षा से वंचित करने पर न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद घर से बुलवाकर दिलवायी गयी थी परीक्षा । जिला शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश गोस्वामी ने कहा कि पूरे मामले की जांच करवाई जा रही हैं जांच टीम बना दी गई हैं प्रवेश पत्र क्यों नहीं आया मामला की जानकारी की जा रही हे ।

### निर्माण कार्य पर देना होगा उपकर

## सैकड़ों लोगों को जारी किए नोटिस, उपकर जमा नहीं कराने पर हो सकती है कुर्की

### भवन स्वामी जमा कराए उपकर, ब्याज सहित वसूला जाएगा उपकर सेस

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, ( अमित शर्मा )।** राज्य के सभी जिलों में भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार (श्रमिक) कल्याण उपकर अधिनियम, 1996 लागू है। जिसके तहत प्रदेश में दिनांक 27.07.2009 के पश्चात निर्मित सरकारी, वाणिज्यिक, निजी (आवासीय) भवनों व निर्माण कार्यों की लागत पर एक प्रतिशत उपकर (सेस) देय है। राजस्थान में अभी तक किसी भी वर्ग या निर्माण कार्य पर उपकर राशि की छूट नहीं है। भवन निर्माण करने वाले मालिकों, नियोजक को निर्माण कार्य के प्रारम्भ करने की सूचना 30 दिवस की अवधि में निर्धारित प्रपत्र में श्रम विभाग को दिया जाना आवश्यक है तथा निर्माण कार्य पूर्ण होने या उपकर राशि निर्धारण होने की 30 दिवस की अवधि में, जो भी पहले हो, उपकर संग्रहक को जमा कराया जाना आवश्यक है। यदि किसी प्रोजेक्ट या निर्माण कार्य की अवधि एक वर्ष से अधिक हो तो एक वर्ष की अवधि पूर्ण होने के 30 दिवस में देय उपकर राशि जमा करायी जाना आवश्यक है। नियोजक द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य की अनुमानित लागत पर देय उपकर अग्रिम भी जमा कराया जा सकता है। उपकर (सेस) के तहत वसूली जाने वाली राशि निर्माण श्रमिकों के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं में व्यय की जाती है।

उप श्रम आयुक्त सुनील कुमार यादव ने बताया कि 27.07.2009 के बाद निर्मित सरकारी, वाणिज्यिक, निजी आवासीय भवनों व निर्माण कार्यों को उपकर (सेस) के दायरे में रखा गया है। जिनमें से 10 लाख रूपये से कम लागत के बनाए गए केवल आवासीय भवनों को उपकर सेस के दायरे से बाहर रखा गया है। अगर 10 लाख रुपये की लागत से ज्यादा की लागत से अगर कोई आवासीय भवन बनता है तो उससे भी एक प्रतिशत (सेस) वसूला जाएगा। व्यवसायिक भवन निर्माण करवाने पर कोई छूट नहीं है।

## वार्षिक आधिवेशन की तैयारी बैठक आज, वार्षिक अधिवेशन 23 को

### भृगुवंशीय ब्राह्मण समाज 16 गांव का वार्षिक अधिवेशन 23 मार्च को

बढ़ता राजस्थान

**बालोतरा,( कैलाश गोस्वामी )।** भृगुवंशीय ब्राह्मण समाज 16 गांव गोड़वाड़ का वार्षिक अधिवेशन भृगुवंशीय ब्राह्मण समाज 16 गांव के बैनर तले 23 मार्च रविवार को आशापुरा धाम नाडोल में आयोजित होगा। वार्षिक अधिवेशन की तैयारी संबंधी फीडबैक लेने के लिए 11 मार्च मंगलवार को सांडेराव स्थित पंचायत में आवश्यक बैठक रखी गई है। समिति के मंत्री भरतकुमार/खीमराज जोशी नाडोल ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में आनी वाली 23 मार्च को होने वाले वार्षिक अधिवेशन में की जाने वाली विभिन्न व्यवस्थाओं के बारे में फीडबैक लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अधिवेशन की तैयारी संबंधी आज होने वाली बैठक की व्यवस्था गोविन्द जोशी सांडेराव एवं जयंतिलाल जोशी की ओर से की जानी तय है। मंत्री जोशी ने भृगुवंशीय ब्राह्मण समाज 16 गांव गोड़वाड़ विकास समिति आशापुरा धाम नाडोल के सभी पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों से इस आवश्यक बैठक में भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

## फागोत्सव की रही धूम

बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी ( नि.स. )।** शहर के नयापुरा में स्थित शिव मंदिर पर महिलाओं द्वारा भव्य फागोत्सव त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम के तहत महिलाओं ने मंदिर को तथा मंदिर में स्थित भगवान शिव परिवार को फूलों से सजाया। इस कार्यक्रम में कोटा से आई भजन गायिकाओं ने अपनी संगीतमय स्वर लहरियों से फाग के गीत तथा रसिये गाए, जिसमें भागा रे भागा रे भागा नंदलाला राधा ने पकड़ा रंग डाला......

### रंग मत डारे रे सांवरिया म्हारो गुज़र मारे ....

सांवरिया के संग होली खेलूंगी सहित कई भजनों की प्रस्तुतियों पर महिलाओं ने खुब जमकर नृत्य किया। इस दौरान उपस्थित महिलाओं ने फूलों से होली खेली रंग गुलाल लगाकर फागोत्सव मनाया गया।

## देई श्याम धाम में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

### फाल्गुनी एकादशी पर श्याम रंग में रंग गई देई नगरी

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां ( टी.आर सैनी )।** फाल्गुनी एकादशी पर देई श्याम धाम पर श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। हर कोई श्याम बाबा के दीदार देई श्याम धाम पर पहुँच रहा था। कोई पैदल यात्रियो के जत्थे के साथ डीजे के भजनो पर थिरकते आ रहे है। किसी के हाल में गुलाब का पुष्प तो किसी के हाथ में बाबा का निशान मौजूद था। बाबा की झलक के लिए कतारे लगी हुई थी। महिलाएं एंव पुरूष अलग अलग कतारो में लगे हुए थे। श्याम प्रेमियो के अलावा पुलिस के जवान व्यवस्था संभाल रहे थे। दोपहर 11.30 बजे जैसे ही श्याम दरबार के कपाट खुले एंव बाबा की आरती हुई तो पूरा मंदिर श्याम के जयकारो से गुंजायमान हो उठा। श्रद्वालुओ ने बाबा की आरती के साथ बाबा क दर्शन किये गये। मंदिर के नीचे नई दिल्ली से आया चिराग ग्रुप के कलाकार श्याम भजनो के साथ फूलो की होली में हर कोई भाव भंगिमा में सरोबार होकर झूम रहे थे। हर ओर श्याम रंग में रंगे हुए थे।



**फूलो से सजा श्याम दरबार :** फाल्गुनी एकादशी पर बाबा का दरबार नई दिल्ली,जयपुर एंव पश्चिम बंगाल से मंगवाये गये विशेष फूलो से सजाया गया। खाटू श्याम के बाद चर्चित हुआ देई धाम- देई श्याम धाम से जुड़े हुए पुजारी अश्वनी गौतम ने बताया कि 13फरवरी 2020 में देई कस्बे में श्याम बाबा की दिव्य मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। प्राण प्रतिष्ठा के बाद ही यहां श्याम दरबार में आये वाले श्रद्वालुओ की मनोकामनांए पूर्ण हुई कई लोगो के असाध्य रोगो से छुटकार मिला। ऐसे में लोगो का जुड़ाव होता चला गया हर कोई अपनी अपनी मन्नत पूर्ण करने के लिए श्याम दरबार में आने लगे। 16फरवरी 2023 को लोक स्पीकर ओम कृष्ण बिरला द्वारा 121फीट ऊँचे श्याम ध्वज का लोकार्पण किया गया। आने वाली 13 फरवरी 2025 को देई श्याम धाम को पांच वर्ष पूर्ण होने वाले है। प्रदेश भर से पहॅुचने लगे श्रद्वालु- देई श्याम धाम श्याम प्रेमियो के लिए आस्था का केन्द्र बना हुआ है। जो श्रद्वालु खाटूश्याम दरबार में अपनी हाजरी नहीं लगा पाये ऐसे श्याम प्रेमी अब देई श्याम धाम में अपनी हाजरी लगाने पहॅुच रहे है। श्याम प्रेमियो के लिए कई स्थानो पर श्रद्वालुओ ने नि:शुल्क नाश्ते की व्यवस्था की गई है। मंदिर प्रांगण के नीचे श्याम दरबार में पहॅुचने वाले श्याम प्रेमियो के लिए नि:शुल्क भंडारे की व्यवस्था की गई है।

**श्याम वाटिका में स्वत: उगे कदम्ब के पौधे :** देई धाम में दिव्य श्याम बाबा मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के बाद आयोजित श्रीमद् भागवत कथा सहित कई धार्मिक आयोजन हुए। श्याम प्रेमियो ने बताया कि जहां श्याम वाटिका बनाई गई थी वहां कदम्ब के पौधे स्वत: उग गये जो आज पेड़ बन गये है। ऐसा माना जाता है,श्याम बाबा की कृपा से ऐसा संभव हो पाया है।

## झालावाड़ मेडिकल कॉलेज में पैर की नस को हाथ की नस में लगाकर मरीज को अपंग होने से बचाया



बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ ( सुरेश मोमिया )।** झालावाड़ मेडिकल कॉलेज के न्यूरोसजजरी विभाग में परिधिय तंत्रिका तंत्र के भी ऑपरेशन होने मरीजों को राहत मिलने लगी है। पिपलहेड़ा गाँव छीपाबड़ौद निवासी 34 वर्षीय बलराम का 6 महीने पहले सड़क दुर्घटना में दाये हाथ में चोट आयी थी, जिस वजह से उसके दाएं हाथ की दोनो हड्डियां टूट जाने से उसे एसआरजी हॉस्पिटल में भर्ती कर ऑपरेशन करवाया गया, परन्तु बाद में उसके हाथ ने धीरे धीरे काम करना बांद कर दिया । न्यूरोलॉजी विभाग के डॉ रामसेवक योगी के बारे में पता लगने पर मरीज ने एसआरजी अस्पताल के न्यूरोसर्जरी विभाग के डॉ रामसेवक योगी को दिखाया और जाँच करने पर पता चला की उसके हाथ की नस अलनर नर्व चोट की वजह से ख़राब हो गई है, जिस वजह से उसके हाथ ने काम करना बंद कर दिया है, डॉ. रामसेवक योगी ने मरीज बलराम और उसके परिजनों को समझाया की यही ऑपरेशन नही किया गया तो हाथ हमेशा के लिया काम करना बन कर देगा। डॉ योगी की समझाइश के बाद परिजनों की सहमती देने के बाद मरीज का ऑपरेशन करके उसकी पैर की नस (सूरल नर्व) को हाथ की ख़राब नस के साथ ट्रांसफर किया जो की सफल रहा । डॉ रामसेवक योगी ने बताया की यदि हाथ या पैर की नस ख़राब हो जाती है तो उसका 6 महीने के अन्दर ऑपरेशन कर मरीज को आजीवन अपंग होने से बचाया जा सकता है । परन्तु ज्यादा समय निकलने पर ऑपरेशन का भी कोई फायदा नही । इस तरफ के ऑपरेशन बहुत कम अस्पतालों बहुत अधिक महंगे होते है । परन्तु एसआरजी अस्पताल यह आयुष्मान योजना के अंतर्गत मुफ्त में होते है ।

### टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान

## जरूरत है तो सिर्फ समय पर इलाज और जागरूकता की : सीएमएचओ डॉ. गोस्वामी

### जिलेभर की स्कूलों में रैली, शपथ ग्रहण व जागरूकता कार्यक्रम हो रहे आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, ( अमित शर्मा )।** जिलेभर में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्कूलों सहित ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। स्कूलों में प्रार्थना सभाओं में छात्रों को टीबी के लक्षण, बचाव, उपचार और 'निक्षय पोषण योजना' की जानकारी दी जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सी. पी. गोस्वामी ने बताया कि जिले में टीबी रोग के बचाव के तहत टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि टीबी पूरी तरह ठीक होने वाली बीमारी है, जरूरत है तो सिर्फ समय पर इलाज और जागरूकता की। अभियान के तहत चिन्हित लाभार्थियों को एडल्ट टीबी वैक्सीनेशन की सलाह दी जा रही है। इस दौरान बच्चों को टीबी उन्मूलन में योगदान देने की शपथ भी दिलाई जा रही है। जिलेभर में 'टीबी हारेगा, देश जीतेगा' के नारों के साथ जागरूकता रैली निकाली जा रही है।

**गांव-गांव जागरूकता अभियान, नारा लेखन और मैराथन दौड़ का आयोजन :** उन्होंने बताया कि टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान 24 मार्च तक जारी रहेगा। इसके तहत सोशल मीडिया कैंपेन, भाषण प्रतियोगिता, नारा लेखन और रैलियां आयोजित की जा रही हैं। ब्लॉक स्तर पर स्टेकहोल्डर्स कार्यशालाएं और टीबी रोगियों के लिए काउंसलिंग सत्र भी चलाए जा रहे हैं।



**टीबी ठीक होने वाला रोग केवल समय पर उपचार व जागरूकता जरूरी :** सीएमएचओ डॉ0 गोस्वामी ने बताया कि टीबी पूरी तरह ठीक होने वाली बीमारी है।, मरीज चिकित्सक के बताए अनुसार दवा ले और परहेज करे तो यह जल्दी ठीक हो सकती है। उन्होंने कहा कि शुगर और बीपी जैसी बीमारियां जीवनभर चलती हैं, लेकिन टीबी छह माह में ठीक हो सकती है।

इसके लिए समय पर उपचार, सावधानी और जागरूकता बेहद जरूरी है।

**निक्षय मित्र बनकर करें सहयोग :** टीबी उन्मूलन के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जनप्रतिनिधियों व आमजन से निक्षय मित्र बनने की अपील की है, जिससे कि गोद लिए गए टीबी रोग से पीडित रोगियों को छह माह तक पोषण किट दिये जा सकें। जिले में जागरूकता बढ़ाने के लिए होर्डिंग्स, ब्रोशर और सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से अभियान का प्रचार प्रसार जिले में किया जा रहा है।

## भीलवाड़ा पुलिस की बड़ी कार्रवाई : डकैती कर लूटी गई स्कॉर्पियो कार बरामद, चार आरोपी गिरफ्तार




बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, ( अमित शर्मा )।** भीलवाड़ा पुलिस ने डकैती के एक बड़े मामले में कार्रवाई करते हुए लूटी गई स्कॉर्पियो कार बरामद कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया । इस स्कॉर्पियो कार की बाजार में कीमत करीब 15-16 लाख रुपये बताई जा रही है। 28 फरवरी 2025 को अनिल बैरागी नामक व्यक्ति ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी और उसके तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। भीलवाड़ा पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देश पर चार पहिया वाहन चोरी व लूट की वारदातों को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रोशनलाल पटेल और वृताधिकारी मेधा गोयल के सुपरविजन में थाना पुर प्रभारी पुष्पा कासोटिया के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई।

टीम ने साइबर सेल और जिला डीएसटी टीम के समन्वय से सीसीटीवी फुटेज खंगाले और उज्जैन, चित्तौड़गढ़, बालोतरा, डीग और भरतपुर में संभावित ठिकानों पर दबिश दी। जिसमें शैलेश भामरे, रामनिवास विश्नोई, शहरूदीन मेव, मुख्तार उर्फ मुकीम मेव चारों आरोपियों को बापर्दा गिरफ्तार कर लिया गया और लूटी गई स्कॉर्पियो बरामद कर ली गई। पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है।

## विकास अधिकारी को गांव की समस्याओं के बारे में अवगत करवाया

बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी ( नि.स. )।** सोमवार को ग्रामीणों ने केशवराय पाटन पहुंच कर पंचायत समिति के विकास अधिकारी भानु प्रताप सिंह हाड़ा का माला व पुष्पगुच्छ भेटकर स्वागत किया एवं रेबारपुरा व जलोदा ग्राम पंचायत की समस्याओं से विकास अधिकारी को अवगत कराया। इस दौरान जलोदा सरपंच नरेंद्र सिंह हाड़ा, लाला बना ,रेबारपुरा ग्राम पंचायत समाजसेवी देवेंद्र सिंह हाड़ा, विक्रम सिंह हाड़ा ढ़गारिया, मनोज मीणा भीया, सूरज मीणा जेथंल, कपिल, राहुल, रिंकू मीणा मौजूद रहे।



# तीन माह पहले गोली मारकर की गई हत्या के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## विकलांग आरोपी शार्प शूटर निकाला, अफीम खरीद परोसत के मामले में हुई धोखाधड़ी का बदला लेने की नीयत से तीनों जनों को मारने की बनाई थी योजना

बढ़ता राजस्थान



**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** अभी हाल ही में गत 20 दिसंबर 2024 को शहर के जयपुर रोड होटल सिद्धार्थ के समीप अज्ञात हमलावरों की ओर से एक युवक की गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। इस मामले में देवली पुलिस ने और एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार हत्या की यह वारदात अफीम बेचने के नाम पर की हुई धोखाधड़ी का बदला लेने की योजना पर की गई थी। गौर तलब है कि देवली उपखंड क्षेत्र के पोलयाडा गांव में विशेष जाति के कुछ ठग लोगों द्वारा नकली सोना एवं मादक पदार्थ अफीम जैसी तस्करी के सैकड़ो मामले उजागर है । ऐसे में पुलिस के अनुसार यहां की विशेष जाति के कुछ ठग लोगों के झांसे में उक्त आरोपी और उनके साथी आ गए थे। जिनके साथ ठग व्यक्तियों ने अफीम की खरीद परोसत को लेकर धोखाधड़ी कर डाली। इसी का बदला लेने की नीयत से 20 दिसंबर 2024 को यहां पर उक्त आरोपी द्वारा हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया था। पुलिस ने जानकारी बताया कि बदला लेने के लिए उक्त गैंग के तीनों सदस्य 3 पिस्टल लेकर देवली आए थे। इस लिहाजे से पूरा मामला सुपारी किलर से हत्या कराने का लग रहा है। इधर देवली पुलिस उप अधीक्षक रामसिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता को लेकर टोंक एसपी विकास सांगवान,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम बेनीवाल के सुपरविजन के तहत आरोपी की तलाश में देवली थाना प्रभारी दौलत राम गुर्जर के नेतृत्व में टीम गठित की गई। प्रकरण के अनुसार गत 20 दिसंबर को पारिवादी संतोष कुमार पुत्र शक्ति सिंह उर्फ सिंगा निवासी पोल्याड़ा थाना दूनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस उप अधीक्षक राम सिंह जाट ने बताया कि पुलिस अनुसंधान में सामने आया कि शूटर गैंग के तीनों सदस्य हथियारों से लैस थे। इस दौरान एक पिस्टल मैगजीन निकलने एवं एक पिस्टल लॉक होने से फायर नहीं हो सका। जिसके चलते संतोष और वीरू बच गए। पुलिस ने बताया कि इनमें से एक आरोपी एक पैर विकलांग होते हुए भी शार्प शूटर है । इस मामले में पुलिस अधिकारी राम सिंह जाट ने बताया कि पुलिस ने आरोपी जसदीप उर्फ दीप पुत्र चरणजीत सिंह जाति जट सिख निवासी बाल छप्पर पुलिस थाना छप्पर जिला यमुनानगर हरियाणा को गिरफ्तार किया है। यह युवक शार्प शूटर है और अपने साथियों के साथ बड़े अपराधी के तौर पर पहचान बनाने एवं आसपास के क्षेत्र में लोगों में भय पैदा करने के लिए फायरिंग करने का आदी है। इनमें से एक आरोपी जसदीप सड़क हादसे में अपना बाया पैर गवा चुका है। ऐसे में जसदीप ने चलने फिरने के लिए आर्टिफिशियल पैर लगवाया हुआ है।



# बीसलपुर बांध के बनास नदी में नाव पलटने से 5 युवक डूबे दो युवक तैरकर निकले बाहर

## तीन युवक पानी में हुए लापता जिनकी पुलिस और ग्रामीण मिलकर कर रहे तलाश

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** देवली उपखंड के बीसलपुर बांध की बनास नदी में सोमवार को नाव पलट जाने से पांच युवक पानी में डूब गए जिनमें से दो युवक जैसे तैसे तैर कर पानी से बाहर निकलने में सफल रहे। वही तीन युवक पानी में डूब गए हैं। जानकारी के अनुसार यह घटना अजमेर जिला सावर थाना क्षेत्र के नापाकाखेड़ा स्थित बनास नदी में हुई है। ऐसे में बनास नदी के गहरे पानी में डूबे तीन युवको को तलाश किया जा रहा है जानकारी के अनुसार यह है हादसा सोमवार दोपहर 12:30 बजे हुआ था। लापता युवकों की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया है। पानी से बाहर निकल में सफल रहे प्रवीण मीणा ने बताया कि वह चार अन्य साथी संदीप मीणा (30), कालूराम मीणा (16), राजवीर मीणा (30) और सांवरा मीणा निवासी नापाखेड़ा के साथ यहां आए थे। यह सभी दोस्त नाव में बैठे हुए थे। जैसे ही नाव किनारे से कुछ दूर पर पहुंची तभी अचानक नाव संतुलन बिगड़ने से नाव पलट गई। इस दौरान नाव में सवार पांचो युवक पानी में डूब गए। इस दुर्घटना में प्रवीण और सांवरा मीणा तैरकर जैसे तैसे बाहर निकल आए । जबकि तीन अन्य दोस्त नदी के गहरे पानी में लापता हो गए। इसके बाद दोनों युवकों ने गांव में पहुंचकर ग्रामीणों को हादसे की जानकारी दी। जिसके बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और उक्त हादसे की सूचना पर सावर पुलिस को दी इस पर थानाधिकारी बनवारी लाल मीणा मौका स्थल पर पहुंचे गए। पुलिस ने बताया कि संदीप गांव में ही ई-मित्र चलाता है। जबकि राजवीर मीणा जयपुर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करता है।

### एशियन लीजेंड्स लीग का पहला दिन संपन्न

# बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने अंतिम समय में नहीं दी बांग्लादेशी क्रिकेटर्स को खेलने की मंजूरी

## एशियन स्टार्स के नाम हुआ लीग का पहला मैच, अफगानिस्तान पठान्स को 6 विकेट से पछाड़ा

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** नाथद्वारा चका-चौंध स्टेडियम, चौकों-छक्कों की गूंज और क्रिकेट प्रेमियों के उत्साह के बीच अंतर्राष्ट्रीय लीग एशियन लीजेंड्स लीग के पहले दिन की शुरुआत हुई। लम्बे समय से चर्चाओं का विषय बना हुआ एशियन लीजेंड्स लीग 2025 का नाथद्वारा के मदन पालीवाल मिराज स्पोर्ट्स सेण्टर में भव्य आरम्भ हुआ। 10 मार्च को लीग के पहले दिन अफगानिस्तान पठान्स और एशियन स्टार्स के बीच शानदार टक्कर हुई।

मैच की शुरुआत के साथ अफगानिस्तान पठान्स ने एशियन स्टार्स के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। दोनों टीमों की प्लेइंग इलेवन की घोषणा की गई, जिसमें अफगानिस्तान पठान्स की टीम में असगर अफगान (कप्तान/विकेटकीपर), अशरफ पठान, अयान खान, खालिद खतीब, गुरप्रीत, मौसिब खान, महबूब आलम, फर्मान अहमद, शोएब खान, असद पठान और सहजाद खान पठान शामिल थे। वहीं, एशियन स्टार्स ने दिलशान मुनावेड़ा, कश्यप प्रजापति, मेहरान खान (कप्तान), स्वप्निल पाटिल (विकेटकीपर), ऋषि धवन, राघव धवन, अंकित नरवाल, पवन सुयाल, ईश्वर पांडे, टीनू कुंडू और सरुल कंवर के साथ मैदान में उतरने का निर्णय लिया। एशियन स्टार्स में अंत में 6 विकेट की बढ़त के साथ एशियन लिजेंड्स लीग के पहले मैच को जीता।

वहीं अफ़ग़ानिस्तान से मेहरान ख़ान 109 रनों के साथ मेन ऑफ़ द मैच रहे। साथ ही एशियन स्टार्स के पवन सुयाल ने पहले ओवर में दो विकेट कर मैच को रोमांचित किया।

**बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के आधिकारिक बयान के कारण रद्द हुआ दिन का दूसरा मैच :** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) की ओर से इस टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए किसी भी खिलाड़ी या अधिकारी को अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनोसी) जारी नहीं किया है। इस टूर्नामेंट को मान्य नहीं मानते हुए अनुबंधित या संबद्ध खिलाड़ियों को इसमें भाग लेने की अनुमति नहीं दिया। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने खिलाड़ियों और अधिकारियों से एशियन लीजेंड्स लीग में भाग न लेने को कहा और साथ ही बीसीबी ने सभी बांग्लादेशी प्लेयर्स को आदेश के निर्देश का उल्लंघन ना करने और करने पर उनके खिलाफ उचित अनुशासनात्मक कार्रवाई करने को कहा है।

# गौड़ सनाढ्य फाउंडेशन द्वारा धौलपुर के पूर्व सभापति रितेश शर्मा का किया स्वागत और होली मिलन समारोह का निमंत्रण किया स्वीकार

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** गौड़ सनाढ्य फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष प्रमोद शर्मा, हरिश्चंद्र कनौआ, ताराचंद्र शर्मा, सुरेश चंद्र शर्मा, ऋषि कपरेला, केदार शर्मा प्रिंसिपल, जगदीश शर्मा, कपूर शर्मा, बंटी शर्मा ,राजू शर्मा पूर्व उपाध्यक्ष नगरपालिका ,संजय मुद्गल, राजेश कनौआ राजू शर्मा बढ़रेठा ,जानकी शर्मा,मुन्ना लाल शर्मा, गोपाल तिवारी ,श्री कृष्णा शर्मा ,बनवारी लाल शर्मा,लक्ष्मी नारायण शर्मा ,संतोष शर्मा प्रधान, अनिल रेला ,विशंभर शर्मा सहित बड़ी संख्या में उपस्थित ब्राह्मण बंधुओं ने प्रमोद शर्मा के निज निवास कृष्णा कॉलोनी पर पूर्व सभापति रितेश शर्मा , पूर्व मैनेजर सतीश शर्मा ,मदन मोहन शर्मा एडवोकेट सहित धौलपुर से आई हुई पूरी टीम का माल्यार्पण और पगड़ी बांधकर स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व सभापति रितेश शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा 23 मार्च को धौलपुर में परशुराम धर्मशाला में धौलपुर जिले का ब्राह्मण समाज का होली स्नेह मिलन समारोह होने जा रहा है जिसका उद्देश्य की है समाज में प्यार बढ़े और व्याप्त कुरीतियों को दूर करना हम संगठित होकर ही आगे बढ़ सकते हैं इसीलिए समय की आवश्यकता को देखते हुए धौलपुर विप्र मंडल ने यहां निर्णय किया कि जिले पर एक सम्मेलन किया जाए।

इसी उद्देश्य से हम गांव गांव घर-घर जाकर निमंत्रण दे रहे हैं हमें पूर्ण विश्वास है आप घर-घर से पहुंच कर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाएंगे ।इस अवसर पर सतीश शर्मा ,मदन मोहन शर्मा ने कहा कि समाज का संगठन एक शक्ति है जिस समय की आवश्यकता अनुसार एक छत पर बैठने की जरूरत है ।फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष प्रमोद शर्मा, हरिश्चंद्र कनौआ, ताराचंद सुरेश शर्मा ,और लक्ष्मी नारायण शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि बड़ी ब्राह्मण समाज 23 मार्च को बड़ी संख्या में विप्र बंधु धौलपुर पहुंचेंगे ।सब मिलकर इस सम्मेलनमें भागीदार बने, हमें बड़ी प्रसन्नता है कि धौलपुर का ब्राह्मण समाज जिले पर इस बार बड़े स्तर पर सम्मेलन करने जा रहा है घर-घर से पहुंचकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे मेरा इतना आग्रह है कि समाज के लोग जब ऊंचे पदों तक जाए तो समाज के लोगों को भूलना नहीं चाहिए जो समाज के कार्य में भागीदारी निभाता है परमात्मा भी उससे प्रसन्न हो जाते हैं।

### अपना घर आश्रम की दूसरी इकाई का हुआ लोकार्पण

# निराश्रित, आशय, विमंदित महिला प्रभु की होगी सेवा अपना घर के संस्थापक बीएम भारद्वाज की उपस्थिति में आयोजन

बढ़ता राजस्थान




**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के बसेड़ी रोड पर संचालित अपना घर आश्रम की रविवार को दूसरी इकाई का लोकार्पण किया गया। इस नए भवन में निराश्रित, विमंदित,बेसहारा महिलाओं का उपचार किया जाएगा। अपना घर आश्रम के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ बी एम भारद्वाज की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक गिर्राज मलिंगा मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए पूर्व विधायक गिरिराज मलिंगा ने कहा कि अपना घर जो काम कर रहा है। वह पूरी तरह निस्वार्थ और प्रेम के वशीभूत है। ऐसे समझे सीधे ईश्वर की सेवा करने का मौका मिल रहा है। जिसे बाड़ी के लोग बखूबी निभा रहे हैं। यहां शुरुआत में कुछ लोगों का ही उपचार होता था। जो आज धीरे-धीरे एक बड़े भवन में बदल गया। अब यहां काफी संख्या में निराश्रित विमंदित,बेसहारा लोग भर्ती हैं। जिनका संस्था के पदाधिकारी,सदस्य और कार्यकर्ता दिन-रात सेवा कर रहे हैं। अब दूसरी इकाई में महिलाओं का उपचार होगा। यह बेहद सराहनीय कदम है। ऐसे में अपना घर के संस्थापक डॉ बी एम भारद्वाज और उनकी पत्नी के साथ उनकी टीम और बाड़ी की महिला एवं पुरुष इकाई के साथ सभी पदाधिकारी और संस्था से जुड़े हर शख्स का वे दिल से आभार व्यक्त करते हैं। कार्यक्रम के दौरान डॉ बीएम भारद्वाज और पूर्व विधायक गिरिराज मलिंगा ने अपना घर आश्रम की महिला और पुरुष कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम देर रात तक जारी रहा। जिसमें अपना घर की बाड़ी में रखी गई नींव और किस प्रकार एक बड़े भवन का निर्माण हुआ उसकी पूरी जानकारी संस्थापक सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष सुनील गर्ग ने दी।

इस दौरान लघु उद्योग भारती के जिला अध्यक्ष मुकेश सिंगल,अग्रवाल समाज के प्रदेश पदाधिकारी मुन्नालाल मंगल,प्रदेश अध्यक्ष गिरीश गर्ग,कमलेश गर्ग,विष्णु महेरे,भुवनेश शर्मा सहित तमाम पदाधिकारी शहर के गणमान्य नागरिक,विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कृषि मण्डी में सरसों की बम्पर हुई आवक 40 हजार कट्टे बिकने के लिए आए, मेले जैसा माहौल



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** सोमवार को कृषि मण्डी में सरसों की बम्पर आवक हुई जिससे मण्डी में मेले जैसा माहौल नजर आया। सोमवार को मण्डी में सरसों के करीब 40 हजार कट्टे बिकने के लिए आए। झिलाय रोड स्थित रेलवे फाटक पर ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य के चलते रास्ता डाईवर्ट कर रखा है। जिससे 80 फीट रोड होते हुए श्याम मदिर से आवागमन होने के कारण श्याम मंदिर के बाहर वाहनों की लम्बी कतारें लग गई जिससे एकादशी के पर्व पर श्याम मंदिर में आने वाले श्रद्धॠॠालुओं व कालोनिवासियों को परेशानी का सामना करना पडा। सुबह से ही मण्डी के बाहर प्रवेश के लिए वाहनों की लम्बी कतार लग गई। मण्डी का गेट सुबह 7 बजे खुलने के साथ ही सरसों के कट्टे से भरे हुए वाहन अन्दर प्रवेश करने लगे। सरसों के साथ-साथ अन्य जिन्स भी बिकने के लिए आई। व्यापारी टोनू शिवाड व पवन बोहरा ने बताया कि सोमवार को सरसों के करीब 40 हजार कट्टों की आवक हुई है। उन्होंने बताया कि सरसों 5500 से 5700 रूपये में बिकी। जिन्सों की आवक लगातार जारी रहने से मण्डी में रौनक लौट आई है और दिनभर जिन्सों से भरे वाहनों की आवाजाही के चलते मण्डी परिसर में मेले जैसा माहौल हो रहा है। वहीं वाहनों की अधिकता के चलते जाम की स्थिति बनी हुई है।

उन्होंने बताया कि व्यापारियों ने दोपहर 12 बजे बाद बोली लगाई। इन दिनों में मण्डी में टोंक जिले के अनेक गावों सहित सवाईमाधोपुर व दौसा जिले के गांवों से भी सरसों बेचने के लिए किसान मण्डी में पहुंच रहे है। इस दौरान मंडी सचिव कमलकिशोर सोनी, रामावतार घाटी, शिवप्रकाश पारीक, विष्णु बोहरा, अमित कटारिया, केदार खण्डेलवाल, घनश्याम शर्मा, दीपक गुप्ता, ओमप्रकाश चंवरिया, अजय जैन व राजेन्द्र चौधरी सहित कई व्यापारी मौजूद थे।

# कृषक फॉर्मर रजिस्ट्री शिविर में पहुंचकर बनवाए फॉर्मर आईडी : शुभम

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के किसानों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए फार्मर रजिस्ट्री (एग्रीस्टैक) अभियान शुरू किया गया है। जिसके तहत जिले में तहसील वार शिविरों का आयोजन कर किसानों की फॉर्मर आईडी बनाई जा रही हैं। जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने ग्राम पंचायत वार आयोजित होने वाले आगामी शिविरों के बारे में जानकारी देते हुए कृषकों को अधिकाधिक शिविरों में पहुंच कर अपनी आईडी बनवाने की अपील की।

**अब यहां आयोजित होंगे फॉर्मर रजिस्ट्री शिविर :** फार्मर रजिस्ट्री (एग्रीस्टैक) अभियान के तहत 10 से 12 मार्च तक सवाई माधोपुर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत नीदडदा, गोगोर, दोबड़ाकलां, गम्भीरा, हिम्मतपुरा एवं खिजूरी में, मलारना डूंगर की चक बिलोली, भाडोती एवं श्यामोली में, गंगापुर सिटी की चूली एवं महूकलां में, बामनवास की शफीपुरा, टूण्डिला एवं पिपलाई में, बरनाला की सुन्दरी, बिंजारी एवं बरनाला में फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

# बुआ के घर से लौट रहे युवक पर हुआ हमला,घायल युवक अस्पताल में भर्ती

## कोतवाली थाने में मामला दर्ज, टाऊन चौकी प्रभारी कर रहे मामले की जांच

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के हाईवे बाईपास पर कांसोटी खेड़ा की पुलिया के पास रिश्तेदारी से लौट रहे युवक पर हमले का मामला सामने आया है। घायल युवक को बाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना को लेकर पीड़ित ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दी है। टाउन चौकी प्रभारी श्याम सुंदर शर्मा मामले की जांच कर रहे है।

जानकारी के अनुसार शहर के महाराज बाग कॉलोनी निवासी 25 वर्षीय हर्षवर्धन उर्फ पंजाब पुत्र जयपाल गुर्जर के साथ यह घटना हुई है। घायल पंजाब गुर्जर ने बताया कि वह अपनी बुआ के घर जोरे का पुरा गांव गया था। जहां से शनिवार को वापस लौट रहा था। इस दौरान शहर के हाइवे बाईपास पर कांसोटी खेड़ा पुलिया के पास घात लगाकर बैठे करीब दर्जन लोगों ने उसे घेर लिया और लाठी डंडों से जमकर मारपीट की। पीड़ित ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि आरोपियों ने उसकी जेब में रखे 12500 रुपये भी छीन लिए है। घटना को लेकर पीड़ित हर्षवर्धन उर्फ पंजाब ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दी है। मामले की जांच टाउन चौकी प्रभारी श्यामसुंदर शर्मा कर रहे है।

### इनका कहना है

टाउन चौकी प्रभारी श्यामसुंदर शर्मा ने बताया कि मारपीट की घटना हाईवे के कांसोड़ी खेड़ा रोड पर हुई है। मामले को लेकर पीड़ित पंजाब गुर्जर पुत्र जयपाल गुर्जर ने पुलिस में रिपोर्ट दी है। घायल का मेडिकल कराया गया है। मामला धारा 3(5),115(2),126(2) और 303 बीएनएस में दर्ज कर जांच जारी है।

# 2 हजार लीटर वाश नष्ट की स्थाई वारंटी भी गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** देवली उपखंड के दूनी थाना पुलिस ने सोमवार को दो अलग-अलग इलाकों में कार्रवाई कर करीब 2 हजार लीटर वाश नष्ट कर दिया है। दूनी थाना प्रभारी हेमंत जनागल ने बताया कि पुलिस उपाधीक्षक रामसिंह जाट समेत उच्च अधिकारियों के निर्देश पर गठित विशेष टीमों ने राजमहल और आंवा के वन्य क्षेत्र में 2 हजार लीटर वाश नष्ट की है। जिसका उपयोग हथकढ़ शराब बनाने में किया जाता है। साथ ही पुलिस मुख्यालय के अभियान को लेकर पुलिस ने स्थाई वारंटी सोनू मीणा पुत्र हीरालाल मीणा निवासी गणेशपुरा, थाना सदर जिला बूंदी को गिरफ्तार किया गया है। कार्रवाई दल में हेडकांस्टेबल बद्रीलाल, राजेश कुमार, रामकिशन, रमेश, सुरेंद्र व कालूराम साथ थे।

# चलने या खड़े होने पर ठीक नहीं रहता शरीर का संतुलन? बॉडी को बैलेंस करने के लिए करे ये एक्सरसाइज



फिटनेस का मतलब है कि आपकी अपर बॉडी और लोअर बॉडी संतुलित दिखनी चाहिए। जबकि कई लोगों को ऊपरी हिस्सा निचले हिस्से की तुलना में अधिक भारी होता है। असल में अपर बॉडी में फैट जमा होने के कारण आपकी ईटिंग हैबिट, लाइफस्टाइल और वर्कआउट रूटीन हो सकती है, जिसके कारण आपका शरीर बैलेंस नहीं बना पाता है और आपको चलने या अधिक देर तक खड़े रहने में परेशानी होती है। जांघों और पैरों के पास जमा चर्बी के कारण आप अधिक समय तक एक तरीके से बैठ भी नहीं पाते हैं और पैरों में दर्द भी हो सकता है। लेकिन इस समस्या को आप वर्कआउट की मदद से कम कर सकते हैं। इससे आपके संपूर्ण स्वास्थ्य को काफी लाभ मिलता है। साथ ही लेग्स को टोन करने में भी मदद मिलती है। इससे आपके पैरों की एक्सट्रा चर्बी कम हो सकती है क्योंकि केवल डाइटिंग से आपका फैट कम नहीं हो सकता है। बिना एक्सरसाइज के आप अपने पैरों को टोन नहीं बना सकते हैं।

## अल्टरनेटिव हिट लिफ्ट्स

इस एक्सरसाइज की मदद से पैरों की पीछे की मांसपेशियों को मजबूत करने में मदद मिलती है। साथ ही इससे आपकी एड़ियां भी मजबूत होती है। अल्टरनेटिव हिट लिफ्ट्स एक्सरसाइज करने के लिए आप अपने पैरों को अलग रखें और सुनिश्चित करें कि आपकी पीठ सीधी है। आप चाहे तो संतुलन के लिए दीवार या किसी मजबूत चीज का सहारा भी ले सकते हैं। अब घुटने को मोड़ते हुए धीरे-धीरे अपनी बाईं एड़ी को फर्श से ऊपर की ओर उठाएं। फिर दूसरे पैर को सीधा रखते हुए, एक से दो सेकंड के लिए इसी मुद्रा में रहें। फिर प्रारंभिक मुद्रा में वापस आ जाएं।



## लंजेस

अपने शरीर के वजन को कम करने के लिए आप वॉल लंजेस कर सकते हैं। इससे मांसपेशियों में मजबूती आती है। साथ ही पैरों को टोन करने में भी मदद करता है। इसके लिए आप दीवार की ओर मुंह करके खड़े हो जाएं और अपने हाथों को दीवार पर रखें। इसके बाद अपने दाहिने पैर को दीवार से छूते हुए आगे की ओर रखें। अब अपने शरीर के ऊपरी हिस्से को तब तक नीचे करें, जब तक कि यह जमीन से कुछ ऊपर न हो जाएं, जिससे दोनों घुटनों पर 90 डिग्री का कोण बन जाए। अब 3 सेकंड के लिए इसी मुद्रा में रहे और प्रारंभिक स्थिति में वापस आ जाएं।

## वॉल सिट

वॉल सिट पोज आपके पैरों को टोन करने में मदद कर सकता है। यह तेजी से पैरों के फैट को कम कर सकता है। यह आपके वेटलॉस के लिए काफी फायदेमंद हो सकता है। इससे मांसपेशियों की सहनशक्ति भी बढ़ती है। इसके लिए आप दीवार की तरफ पीठ करके खड़े हो जाएं। फिर अपने पैरों को जमीन पर मजबूती से और दीवार से दो फीट की दूरी पर रखें। इसके बाद धीरे-धीरे पीछे की ओर झुकें और नीचे की ओर खिसकें जैसे कि वापस कुर्सी पर बैठे हों। इससे आपके कोर, घुटने और कूल्हे मजबूत हो सकते हैं। इसे आप 1 मिनट के तीन सेट्स कर सकते हैं।

## रिलिव

ये एक्सरसाइज आपके घुटने और पैरों की मांसपेशियों को मजबूत बनाने में मदद कर सकता है। लेकिन अगर आपको किसी तरह का दर्द महसूस हो, तो आपको ये व्यायाम नहीं करना चाहिए क्योंकि इससे पैरों का दर्द बढ़ सकता है। इसे करने के लिए आपको एक सतह पर खुद को स्थिर करें और संतुलन बनाए रखना आसान हो। इसके बाद अपने पैरों पर खड़े हों और अपने घुटनों को सीधा रखें। अपनी दोनों एड़ी को फर्श से ऊपर उठाएं, जहां तक आपसे संभव हो। साथ ही अपने शरीर को ऊपर की ओर धकेलें। फिर धीरे-धीरे फर्श पर आ जाए।



# कई औषधीय गुणों से भरपूर हैं कनेर के पत्ते

कनेर के फूल दिखने में जितने खूबसूरत होते हैं, इनके गुण भी उतने ही अधिक हैं। औषधीय गुणों से भरपूर कनेर क फूल जितने उपयोगी होते हैं, इसकी पत्तियां भी उतनी ही फायदेमंद साबित होती है।

इसमें कुछ एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-सेप्टिक गुण होते हैं, जिसे आप इस्तेमाल कर अपनी कई समस्याओं से छुटकारा पा सकते हैं। कनेर के पत्तों का इस्तेमाल आप कई तरह के दर्द और पुरानी दाद या खुजली में लेप के तौर पर भी कर सकते हैं। यह घरेलू उपचार आपको राहत पहुंचाएगा।

**दाद पर असरकारक कनेर के पत्ते :** दाद से छुटकारा पाने के लिए कनेर के पत्तों को नारियल तेल के साथ पकाएं और इस तेल का इस्तेमाल दाद के ऊपर करें। कनेर में पाए जाने वाले एंटी-बैक्टीरियल गुण दाद खत्म करते हैं। वहीं इसमें पाया जाने वाला है एंटी-सेप्टिक गुण दाद के निशान को हल्का करता है।



**जोड़ों के दर्द में असरकारक :** कनेर के पत्तों का लेप बनाने के लिए कनेर की ताजी पत्ती लें। इसे पीसकर इसमें जैतून का तेल मिलाकर हल्का गर्म करें। अब इस लेप को दर्द वाली जगह पर लगा कर हल्के-हल्के मसाज करें। फिर इसे ऐसे ही लगा रहने दें। यह लेप हड्डियों को अंदर तक आराम पहुंचाता है और जोड़ों की सूजन कम करता है।

**पुराने घाव को ठीक करे :** आपका कोई घाव बहुत पुराना हो गया है और वह ठीक नहीं हो रहा है, तो उसके लिए कनेर की पत्ती को पीस लें और इसमें एलोवेरा जेल मिलाकर घाव पर लगाएं। इस लेप से आपका पुराना घाव जल्दी ठीक होने लगेगा।

## खुजली कम करने में असरकारक

कनेर के पत्तों में किसी भी तरह की खुजली को कम करने वाले गुण पाए जाते हैं। इसके लिए आप कनेर के पत्तों को लौंग या फिर पुदीना के तेल में पकाकर इस तेल का इस्तेमाल खुजली होने पर करें। आपको खुजली से राहत मिलेगी।

## कीड़े-मकोड़े के काटने पर असर कारक

कनेर के पत्ते को आप नारियल के तेल में पकाकर इसमें थोड़ी सी काली मिर्च पीसकर मिला लें। इस तेल को कीड़े काटने वाली जगह पर लगाएं। इससे आपको आराम मिलेगा और रैशेज भी नहीं होंगे।

# बालों में प्याज का रस लगाने से मिलते हैं कई लाभ, रुक सकता है बालों का झड़ना-टूटना

प्याज न सिर्फ खाने का स्वाद बढ़ाता है, बल्कि कई तरह के पोषक तत्वों, खासकर एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि यही प्याज आपके बालों के लिए भी बहुत फायदेमंद है? प्याज में मौजूद कैटालेस नामक एंटी-ऑक्सीडेंट को प्याज सिर में बूस्ट करता है। यह एंजाइम सिर से हाइड्रोजन पेरोक्साइड को खत्म करने में और बालों की ग्रोथ के लिए काफी लाभदायक होते हैं। प्याज में मौजूद सल्फर से बालों के हेयर फॉलिकल्स नरिश होते हैं। वैसे भी हेयर फॉलिकल्स के दोबारा से बनने के लिए सल्फर का होना काफी जरूरी होता है। सल्फर से भरपूर होने के कारण प्याज बालों का टूटना कम करती है और बालों को पतला होने से भी बचाती है।



## प्याज से मिलने वाले अन्य लाभ

- प्याज का प्रयोग करने से बाल जल्दी सफेद नहीं होते हैं और आप समय से पहले सफेद बालों की समस्या से निजात पा सकते हैं।
- प्याज में एंटी बैक्टीरियल गुण होते हैं जो आपको इंफेक्शन से मुक्त करने में मदद करते हैं।
- यह आपकी रुकी हुई बालों की ग्रोथ को तेज करने में भी मदद करता है।
- प्याज के ये गुण बालों में डेंड्रफ की समस्या को भी कम करते हैं।
- प्याज का रस बालों में ब्लड सर्कुलेशन में सुधार लाता है।

## प्याज का रस लगाने के लिए टिप्स

- इसके लिए आपको एक पूरा प्याज और एक कॉटन (रुई) पैड की जरूरत होगी।
- सबसे पहले प्याज को कद्दूकस कर लें और उसका रस निकाल कर एक साइड रख लें।
- अब कॉटन पैड को प्याज के रस में भिगो लें और अपने सिर पर थपथपाते हुए लगाएं।
- जब आपका पूरा स्कैल्प कवर हो जाए तो थोड़ी देर सिर की मसाज करें।
- इस रस को सिर में 15 मिनट से लेकर एक घंटे तक लगा रहने दें।

## ऑलिव ऑइल और प्याज का रस

- तीन चम्मच प्याज के रस और डेढ़ चम्मच ऑलिव ऑयल को लें और इन दोनों इंग्रेडिएंट्स को अच्छे से मिक्स कर लें।
- इस मिश्रण को अपने स्कैल्प पर अप्लाई करें और गोल गोल मोशन में मसाज करनी शुरू कर दें।
- तेल को दो घंटों के लिए ऐसे ही लगा रहने दें।
- अब अपने बालों को धो लें।

# कोलेस्ट्रॉल कम करने के लिए रोज करें ये एक्सरसाइज

शरीर में कोलेस्ट्रॉल बढ़ने से दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल के जमा होने से आगे चलकर आपको हाई बीपी, हार्ट अत्तैक और स्ट्रोक की समस्या हो सकती है। शरीर में हाई कोलेस्ट्रॉल एलडीएल नामक कोलेस्ट्रॉल के बढ़ने से होता है। शरीर में कोलेस्ट्रॉल बढ़ने पर शुरुआत से ही कई लक्षण दिखने शुरू हो जाते हैं। हाई कोलेस्ट्रॉल को कम करने के लिए रोजाना एक्सरसाइज का अभ्यास करना बहुत फायदेमंद होता है। आज के समय में खानपान से जुड़ी गड़बड़ी, फास्ट फूड्स और बहुत अधिक तला-भुना खाने की वजह से युवाओं में भी हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या देखने को मिलती है। शरीर में बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल को कम करने के लिए आप अपनी खानपान की आदत को सुधारने के साथ रोजाना एक्सरसाइज का अभ्यास जरूर करें। हेल्दी लाइफस्टाइल, रेगुलर एक्सरसाइज और खानपान में बदलाव कर आप शरीर में बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल को कम कर सकते हैं। आपको बता दें कि शरीर में मौजूद कोलेस्ट्रॉल दो तरह का होता है, इसे गुड कोलेस्ट्रॉल और बैड कोलेस्ट्रॉल के नाम से जानते हैं। गुड कोलेस्ट्रॉल हाई डेंसिटी



लिपोप्रोटीन और बैड कोलेस्ट्रॉल को लो डेंसिटी लिपोप्रोटीन कहा जाता है। शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ने से मोटापा, दिल से जुड़ी बीमारियां, ब्लड प्रेशर की समस्या और डायबिटीज जैसी बीमारियां हो सकती हैं। इसीलिए डॉक्टर हमेशा मरीजों को कोलेस्ट्रॉल का स्तर संतुलित रखने की सलाह देते हैं। शरीर में बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल को कम करने के लिए इन एक्सरसाइज का अभ्यास बहुत फायदेमंद होता है।

**कोलेस्ट्रॉल कम करने के लिए ब्रिस्क वॉक :** शरीर में बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल को कम करने के लिए रोजाना तेजी से चलना या ब्रिस्क वॉक करना बहुत फायदेमंद होता है। कई शोध और अध्ययन इस बात की पुष्टि करते हैं कि रोजाना ब्रिस्क वॉक करने से शरीर में हाई कोलेस्ट्रॉल कम होता है। इससे हार्ट से जुड़ी समस्याओं का जोखिम भी कम होता है। ब्रिस्क वॉक यानी रोजाना कुछ किलोमीटर तक तेज गति से चलना बहुत फायदेमंद होता है।

**कोलेस्ट्रॉल कम करने में फायदेमंद रनिंग :** शरीर में बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल को कम करने के लिए रनिंग बहुत फायदेमंद है। रोजाना कुछ किलोमीटर तक रनिंग करने से आप वजन और कोलेस्ट्रॉल दोनों को ही कंट्रोल कर सकते हैं। आर्काइव्स ऑफ इंटरनल मेडिसिन में प्रकाशित एक शोध के मुताबिक रोजाना लंबी दूरी की रनिंग करने वाले लोगों में कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का खतरा और दिल की बीमारियों का खतरा कम होता है। अगर आपको हाई ब्लड प्रेशर और घुटनों से जुड़ी कोई समस्या है तो रनिंग करने से पहले एक्सपर्ट या डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

**कोलेस्ट्रॉल कम करने के लिए साइकिलिंग करें :** कोलेस्ट्रॉल बढ़ने से शरीर में हार्ट से जुड़ी गंभीर बीमारियों का खतरा रहता है। हाई कोलेस्ट्रॉल की वजह से हार्ट अटैक और हार्ट स्ट्रोक का खतरा बना रहता है। शरीर में बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल को कम करने के लिए रोजाना साइकिलिंग करना बहुत फायदेमंद होता है। आप रोजाना कुछ किलोमीटर तक साइकिल चलाकर शरीर में बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल को कम कर सकते हैं। कोलेस्ट्रॉल को कम करने के अलावा शरीर को हेल्दी और फिट रखने व वजन कम करने के लिए भी साइकिलिंग करना बहुत फायदेमंद है।

**कोलेस्ट्रॉल कम करने के लिए योग :** शरीर को निरोगी और हेल्दी रखने के लिए नियमित रूप से योगासनों का अभ्यास बहुत फायदेमंद है। अगर आप शरीर में बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल को कम करना चाहते हैं तो नियमित रूप से कुछ योगासनों का अभ्यास बहुत फायदेमंद है। रोजाना 40 मिनट से 1 घंटे तक योगाभ्यास करने से हाई कोलेस्ट्रॉल कम होता है और हार्ट से जुड़ी बीमारियों का खतरा कम होता है। कोलेस्ट्रॉल कम करने के लिए आप रोजाना सर्वांगासन, शलभासन, सूर्य नमस्कार, कपालभाति, वज्रासन और चक्रासन का अभ्यास कर सकते हैं।

## कोलेस्ट्रॉल कम करने के लिए वेट ट्रेनिंग

शरीर में कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम करने के लिए एरोबिक एक्सरसाइज के साथ-साथ वेट ट्रेनिंग भी बहुत फायदेमंद होती है। ऐसे लोग हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या से पीड़ित हैं उन्हें रोजाना एक्सपर्ट की देखरेख में वेट ट्रेनिंग एक्सरसाइज करनी चाहिए। कई शोध और अध्यन इस बात की पुष्टि करते हैं कि नियमित रूप से वेट ट्रेनिंग करने से हाई कोलेस्ट्रॉल कम होता है और हार्ट से जुड़ी बीमारियों का खतरा कम होता है।

# बालों की कई समस्याओं को दूर करता है आर्निका का तेल

आर्निका एक जड़ी-बूटी है, जो औषधीय गुणों से भरपूर होती है। इसका उपयोग आयुर्वेद और होम्योपैथी में सदियों से किया जा रहा है। यह जड़ी-बूटी अपने एंटीबैक्टीरियल, एंटी एनाल्जेसिक, एंटीसेप्टिक और एंटी इंफेल्मेटरी गुणों के लिए जानी जाती है। आप चाहें तो इस जड़ी-बूटी का इस्तेमाल बालों के लिए भी कर सकते हैं। आर्निका का तेल बालों के लिए काफी फायदेमंद होता है। इससे स्कैल्प के सारे डेड स्किन सेल्स आसानी से निकल जाते हैं। यह हेयर फॉलिकल्स को मजबूत बनाने में मदद करता है।

**हेयर लॉस ठीक करे :** आर्निका ऑयल का इस्तेमाल हेयर फॉलिकल्स को स्टिमुलेट करता है और बालों को जड़ से मजबूत बनाने में मदद करता है। यह तेल बालों के स्ट्रैंड्स को मजबूत बनाने में में भी सहायक है। इससे बाल झड़ना काफी हद तक कम हो जाते हैं। यह हेयर इलास्टिसिटी में सुधार लाता है। आर्निका ऑयल को अगर कंसेंट्रेटेड फॉर्म में लगाया जाए तो एलोपेसिया को ठीक करने में भी काफी मददगार है।

**स्कैल्प के लिए लाभदायक :** इस तेल में एंटीबैक्टीरियल और एंटीइंफ्लेटरी गुण होते हैं। यह तेल इंफ्लेमेशन को कम करता है और इससे होने वाले दर्द से भी मुक्ति दिलाता है। यह स्कैल्प को सारे प्रकार की गंदगी जैसे सीबम, डिब्रिस, एक्सट्रा ऑयल, प्रदूषण आदि से बचाता है। यह तेल बैक्टीरिया को बनने से रोकता है और स्कैल्प के ऑयल को साफ करने में भी सहायक है, जिससे स्कैल्प की सेहत में सुधार आता है।

**बालों में चमक लाता है :** आर्निका ऑयल बालों को पूरा पोषण प्रदान करने में मदद करता है। इस ऑयल का नियमित प्रयोग करने से बालों में एक चमक आ जाती है और आपके बाल काफी शाइनी और सिल्की लगने लगते हैं। इससे बाल पहले से ज्यादा सॉफ्ट और स्मूद भी बनते हैं।

**डैंड्रफ ठीक करने में मददगार :** अगर स्कैल्प पर डैंड्रफ की समस्या देखने को मिल रही है, तो आर्निका तेल का इस्तेमाल किया जा सकता है। यह फंगल इंफेक्शन, ड्राई स्किन और स्कैल्प इरिटेशन की समस्या से राहत दिलाता है। यह स्कैल्प टेक्सचर में सुधार करता है, खुजली से राहत दिलाता है। अगर सिर में इंफ्लेमेशन के कारण कोई समस्या है, तो उसे ठीक करने में भी यह ऑयल आपकी मदद करता है।

# लोगों के बीच बोलने से घबराता है बच्चा तो इन तरीकों से बनाएं उसको एक्स्ट्रोवर्ट

कई बच्चे लोगों के साथ बात करने या घुलने-मिलने में घबराते हैं। कुछ बच्चे ऐसे भी होते हैं जो फैमिली और दोस्तों के साथ तो खूब बात करते हैं लेकिन स्कूल में टीचर्स के सामने नहीं बोल पाते या रिश्तेदारों के सामने बोलने में घबराते हैं। ऐसे बच्चों को शर्मीला मान लिया जाता है। लेकिन जरूरी नहीं कि ऐसे बच्चे शर्मीले ही हों। कई बार बच्चे कुछ खास लोगों के सामने या खास स्थितियों में बोलने से डरते हैं। इसे सेलेक्टिव म्यूटिज्म कहा जाता है। अगर आपका बच्चा भी लोगों के बीच जाने या बोलने से घबराता है, तो कुछ खास तरीकों से आप उसकी मदद कर सकते हैं। इन टिप्स को फॉलो करने से बच्चे में कॉन्फिडेंस आएगा और वो दूसरों के सामने खुद को व्यक्त कर पाएगा।

**सवाल करें और बात करने दें :** बच्चे कई बार खुद से कोई बात शुरू करने से डरते हैं। ऐसे में जब आपका बच्चा दूसरों के सामने हो और कोई बात न कर रहा हो, तो बातचीत शुरू करने के लिए आप उससे छोटे-छोटे सवाल करें और उसे जवाब देने दें। आप ऐसे सवाल कर सकते हैं, जिनके जवाब उन्हें बड़े वाक्यों के साथ देने पड़ें। इस तरह बच्चे की झिझक कम होगी और उसमें बोलने का कॉन्फिडेंस आएगा।



**एक्टिंग करने या डायलॉग्स कॉपी करने को कहें :** आप फन टाइम में या मूवीज, टीवी सीरियल्स देखते समय बच्चे को किसी खास कैरेक्टर की एक्टिंग करने या डायलॉग्स कॉपी करने के लिए बोल सकते हैं। घर के सदस्यों के बीच अक्सर बच्चे नहीं शर्माते हैं और इस तरह की फन एक्टिविटीज आसानी से कर लेते हैं। ये प्रैक्टिस धीरे-धीरे उनमें बोलने और बात करने की प्रेरणा जगाएगी।

**बच्चे की नए दोस्त बनाने में करें मदद :** अगर आपका बच्चा बहुत ज्यादा शर्मीला है और किसी के सामने भी जाने या बात करने में घबराता है, तो उसकी ये घबराहट उसके दोस्त कम कर सकते हैं। बच्चे अक्सर दोस्तों के साथ ज्यादा कंफर्टेबल होते हैं, इसलिए उनके सामने खुलकर मन की बात बोल पाते हैं। इसलिए आप अपने बच्चे की नए दोस्त बनाने में मदद कर सकते हैं। इसके लिए घर पर छोटी पार्टी रख सकते हैं, बच्चे को बाहर जाकर दूसरे बच्चों के साथ खेलने के लिए प्रेरित कर सकते हैं या दूसरे बच्चों को अपने घर ग्रुप स्टडी के लिए इनवाइट कर सकते हैं।

## दूसरों के सामने उसे शर्मीला न कहें

आपका बच्चा भले ही शर्मीला है, लेकिन ध्यान रखें कि आप दूसरो के सामने उसे शर्मीला, चुप्पा, कम बात करने वाला, चुप रहने वाला आदि न कहें। इस तरह की बातें कहने से बच्चों में अक्सर रहा-सहा कॉन्फिडेंस भी कम हो जाता है और वो खुद को इसी तरह का मानने लगते हैं। इसके बजाय दूसरों के सामने उसे खोलने के लिए आप उन्हें बोलने के लिए प्रोत्साहित करें।

## मदद करने और खुद के लिए बोलना सिखाएं

बच्चे में बचपन से ही ये आदत डालें कि वो दूसरो के मदद मांगने पर उनकी मदद करे, खुद किसी परेशानी में होने पर दूसरों की मदद मांगे और अगर कोई उसके साथ गलत कर रहा है। इस तरह की आदतों से बच्चे की झिझक, डर और शर्मीलापन कम होता है। बच्चे को सिखाएं कि मुहल्ले, परिवार या रिश्तेदारों में जहां कहीं भी उसे किसी अन्य की वजह से कोई परेशानी आ रही है, तो वो स्थिति को झेलकर आकर आपसे बताने के बजाय अपने लिए खुद आवाज उठाए।

बुरों के प्रति बुरा बनने में नहीं, बल्कि उनसे दूर रहने में भलाई है।

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# टेक्नोलॉजी का उपयोग-सदुपयोग स्टूडेंट्स के हाथों में : चंद्रचूड़

**जोधपुर।** सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ सोमवार को जोधपुर एम्स के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आए। इस दौरान उन्होंने एम्स में पौधारोपण भी किया। इस मौके उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में एडहॉक नियुक्ति को लेकर भी बयान दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र का निर्णय स्वागत योग्य है। उन्होंने कार्यक्रम को लेकर जानकारी देते हुए कहा कि आज के कार्यक्रम में स्टूडेंट को बताया कि आजकल जो टेक्नोलॉजी है उसका उपयोग भी हो सकता है, दुरुपयोग भी हो सकता है। हम लोगों की अच्छाई के लिए इसका उपयोग करें। इसके साथ ही उन्होंने न्यायालयों में न्यायाधीशों की एडहॉक नियुक्ति को लेकर कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने इसको लेकर उचित निर्णय दिया है। सुप्रीम कोर्ट में एडहॉक नियुक्ति की जरूरत है। क्योंकि न्यायाधीशों की संख्या और बढ़ाने की जरूरत है। इससे पूर्व इन्होंने जोधपुर एम्स में नए अकादमिक सत्र के शुभारंभ अवसर पर संबोधित किया।

अपने संबोधन में भी उन्होंने स्टूडेंट से टेक्नोलॉजी का सदुपयोग करने का आह्वान किया बताया कि एक तरफ एक जोधपुर दुर्गम स्थानों पर ड्रोन के जरिए मरीज के लिए दवाइयां पहुंचने का काम कर रहा है वहीं दूसरी तरफ इसी तकनीक का दुरुपयोग तस्कर भी कर रहे हैं जिसके जरिए वह सीमा पार से ड्रोन के जरिए हेरोइन, स्मैक भी भेज रहे हैं इसलिए स्टूडेंट के हाथ में है कि उन्हें तकनीक का दुरुपयोग करना है या सदुपयोग।



# फाल्गुनी लक्खी मेले पर निकली बाबा श्याम की रथयात्रा

## रींगस में श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा से किया स्वागत, भजनों पर झूमे भक्त

बढ़ता राजस्थान

**रींगस।** रींगस में बाबा श्याम के फाल्गुनी वार्षिक लक्खी मेले की एकादशी पर सोमवार शाम को विशेष रथयात्रा का आयोजन किया गया। श्री श्याम कमेटी मंदिर के तत्वावधान में निकाली गई इस रथयात्रा का श्रद्धालुओं ने जगह-जगह स्वागत किया। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष चंवर सिंह चौहान और मंदिर के पुजारी कुशाल सिंह ने बताया कि पूजा-अर्चना के बाद प्राचीन श्याम मंदिर से रथयात्रा शुरू हुई। यात्रा में पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुन गूंजती रही। रथयात्रा गोपीनाथ राजाजी मंदिर से होते हुए चौपड़ बाजार पहुंची। फिर आजाद चौक से होकर कस्बे के मुख्य मार्गों का भ्रमण करते हुए वापस प्राचीन श्याम मंदिर पहुंची। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर बाबा का स्वागत किया। भक्तों ने बाबा श्याम के दर्शन कर अपनी मनोकामनाएं पूरी होने की प्रार्थना की। महिलाएं, पुरुष और बच्चे बाबा श्याम के भजनों पर नृत्य करते हुए रथयात्रा में शामिल रहे। पूरे मार्ग पर भक्ति का अनूठा माहौल देखने को मिला।

# राष्ट्रपति ने गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भाग लिया

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने हरियाणा के हिसार स्थित गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि बदलती वैश्विक मांगों के अनुरूप युवा पीढ़ी को तैयार करना उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। देश के संतुलित और सतत विकास के लिए यह भी आवश्यक है कि शिक्षा और प्रौद्योगिकी का लाभ गांवों तक पहुंचे। इस संदर्भ में गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय जैसे उच्च शिक्षा संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि विश्वविद्यालय में छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों की संख्या अधिक है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपने गांव और शहर के लोगों को शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक करें और उन्हें अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित करें। राष्ट्रपति ने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों में किए जाने वाले विश्वस्तरीय शोध भारत को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।



उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि इस विश्वविद्यालय के छात्रों और संकाय सदस्यों ने विभिन्न शोध व अनुसंधान परियोजनाओं में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। इसमें इनक्यूबेशन, स्टार्ट-अप, पेटेंट फाइलिंग और अनुसंधान परियोजनाओं के लिए विशेष विभाग हैं।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ये सभी प्रयास छात्रों में नवाचार एवं उद्यमिता की भावना विकसित करेंगे और भारत को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति के रूप में स्थापित करने में मदद करेंगे। राष्ट्रपति ने विद्यार्थियों से कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान और कौशल प्राप्त करने का माध्यम न होकर नैतिकता, करुणा और सहिष्णुता जैसे जीवन मूल्यों को विकसित करने का भी माध्यम है। शिक्षा व्यक्ति को रोजगार के योग्य बनाने के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक भी बनाती है। उन्होंने कहा कि उद्यमिता विद्यार्थियों को सामाजिक दायित्वों को पूरा करने में मदद कर सकती है।

उद्यमशील मानसिकता उन्हें अवसरों की पहचान करने, जोखिम उठाने और मौजूदा समस्याओं के रचनात्मक समाधान खोजने में सक्षम बनाएगी। एक उद्यमी के रूप में वे अपने नवोन्मेषी विचारों के माध्यम से सामाजिक समस्याओं का समाधान ढूंढ सकते हैं और समाज की प्रगति में योगदान दे सकते हैं। राष्ट्रपति ने विद्यार्थियों से रोजगार पाने की मानसिकता के बजाय रोजगार पैदा करने की मानसिकता अपनाने का आग्रह किया।

# राजस्थान में अगले 2 दिन चल सकती है लू

## बाड़मेर और जालोर जिले के लिए येलो अलर्ट होली पर 4 जिलों में बारिश की संभावना

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में 2 दिन लू (हीटवेव) चल सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र ने पश्चिमी राजस्थान के 2 जिलों में हीटवेव चलने का येलो अलर्ट जारी किया है। 11 मार्च को बाड़मेर जिले के लिए, जबकि 12 मार्च को बाड़मेर और जालोर जिले के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान इन शहरों में दिन का अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। इसके अलावा राजस्थान में होली पर भी मौसम बदलने की संभावना है। बीकानेर संभाग के 4 जिलों में एक पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बादल छा सकते हैं। कहीं-कहीं हल्की बारिश या बूंदाबांदी भी हो सकती है।

**पश्चिमी राजस्थान में लगातार बढ़ रही गर्मी :** लगातार बढ़ रही गर्मी के कारण अब पश्चिमी राजस्थान में कूलर-पंखे चलने शुरू हो गए। रविवार को बाड़मेर में तापमान बढ़कर 40 डिग्री सेल्सियस के नजदीक पहुंच गया। चूरू, नागौर, दौसा समेत अन्य कुछ शहरों में तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, होली तक राजस्थान में इसी तरह का मौसम रहने और तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी होने की संभावना है।

**बाड़मेर में सबसे ज्यादा तापमान :** राज्य में पूरे दिन आसमान साफ रहा। शाम होने के बाद जैसलमेर, बाड़मेर, जोधपुर के एरिया में हल्के बादल छाए। नमी कम होने और ऊंचाई वाले बादल होने के कारण बारिश नहीं हुई। इस दौरान इन शहरों में शाम को हल्की हवा भी चली। कल दिनभर पूरे प्रदेश में गर्मी तेज रही। सबसे ज्यादा तापमान बाड़मेर जिले में 39.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। श्रीगंगानगर, चूरू, बीकानेर, जैसलमेर, जोधपुर, बाड़मेर में कल दिन का अधिकतम तापमान औसत से 4 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ। चूरू में कल अधिकतम तापमान 35.8 डिग्री सेल्सियस, बीकानेर में 36, जोधपुर में 37.2, जैसलमेर में 37.4, श्रीगंगानगर में 32.5, नागौर में 36.6, चित्तौड़गढ़ में 37.7, डूंगरपुर में 37, जालोर में 38.4, सिरोही में 36.4, फतेहपुर में 36, कोटा, सीकर में 34.5, जयपुर में 33.3 और अजमेर में 35.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।



### रात में भी गर्मी बढ़ने लगी

**राजस्थान में दिन के साथ अब रात भी गर्म होने लगी है। कल बाड़मेर में रात का न्यूनतम तापमान 22.1 डिग्री सेल्सियस, फलोदी में 21.2, जैसलमेर में 17.3, सीकर में 17.5, जयपुर में 18.2 और बीकानेर में 17.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।**

# लोकसभा में डीएमके सांसदों का ट्राय-लैंग्वेज पर हंगामा

## देशभर में वोटर लिस्ट पर सवाल उठ रहे, विपक्ष चाहता है गड़बड़ी पर चर्चा हो : राहुल गांधी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र का दूसरा फेज सोमवार को हंगामे के साथ शुरू हुआ। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा- देशभर में वोटर लिस्ट पर सवाल उठ रहे हैं। पूरा विपक्ष बस यही कह रहा है कि वोटर लिस्ट पर चर्चा होनी चाहिए। इससे पहले सुबह सदन शुरू होते ही लोकसभा में डीएमके सांसदों ने हंगामा किया। डीएमके सांसद नई शिक्षा नीति और ट्राय-लैंग्वेज को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। वे शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के करीब पहुंचकर नारेबाजी कर रहे थे। इसके बाद स्पीकर ने लोकसभा की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी।

केंद्र सरकार ने हृश्वक्क के तहत तीन भाषाएं पढ़ाए जाने का प्रावधान किया है। इसमें स्थानीय भाषा के अलावा अंग्रेजी और हिन्दी पढ़ाना अनिवार्य किया गया है। तमिलनाडु सरकार इसका विरोध कर रही है। उसका कहना है कि हम पर हिन्दी जानबूझकर थोपी जा रही है। डीएमके सांसद इसी का विरोध कर रहे हैं। विवाद पर शिक्षा मंत्री ने कहा- डीएमके के लोग बेईमान हैं। वे तमिलनाडु के छात्रों के प्रति प्रतिबद्ध नहीं हैं। वे तमिलनाडु के छात्रों का भविष्य बर्बाद कर रहे हैं। उनका एकमात्र काम भाषा की बाधाएं खड़ी करना है। वे राजनीति कर रहे हैं। वे अलोकतांत्रिक और असभ्य हैं।



**तमिलनाडु सरकार को पीएम श्री एलोकेशन देने में कोई आपत्ति नहीं :** केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नई शिक्षा नीति और तीन भाषाओं के विवाद पर कहा- जिनके पास कोई तथ्य नहीं है, वे केवल हल्ला करके विषय को भ्रमित करना चाहते हैं।

# सीधी में टैंकर-जीप की टक्कर, 9 की मौत

## 12 लोग घायल, 7 की हालत गंभीर मुंडन संस्कार में मैहर जा रहे थे

**सीधी।** सीधी में टैंकर और जीप की टक्कर में 8 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एक घायल ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। 12 घायलों में से 7 की हालत गंभीर है। हादसा कोतवाली थाना इलाके में हुआ। मृतकों में पांच महिलाएं और तीन पुरुष शामिल हैं। घायलों में 6 बच्चे भी हैं। गंभीर घायलों को रीवा मेडिकल अस्पताल रेफर किया गया है, बाकी को सीधी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तूफान जीप में 21 लोग सवार थे। सभी आपस में रिश्तेदार हैं।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

### राज्यपाल ने ली भरतपुर जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक

# सरकार की योजनाओं का लाभ अन्तिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचे : राज्यपाल



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अन्तिम छोर पर बैठे प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहॅुचाकर अधिकारी आमजन के जीवन स्तर में सुधार के साथ उनकी समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करें। राज्यपाल सोमवार को भरतपुर कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुये केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं की प्रगति की विभागवार समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि योजनाओं का उद्वेश्य अन्तिम छोर तक प्रत्येक पात्र व्यक्ति को निर्बाध रूप से लाभ मिले जिससे उसके जीवन स्तर में सुधार हो सके। दूरदराज के गांव में योजनाओं का क्रियान्वयन इस प्रकार किया जाये कि अधिक से अधिक लोगों को उसकी जानकारी मिल सके। उन्होंने सभी विभागों को योजनाओं की प्रगति के लिये टीम भावना के साथ कार्य करते हुये समन्यवित प्रयास करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मनरेगा में जरूरतमंद व्यक्ति को समय पर रोजगार मिले उसे बाहर नहीं जाना पड़े इसके लिये कार्यों का आंकलन कर तैयार रखें। उन्होंने औसत मजदूरी बढाने एवं मनरेगा के कार्यों को वर्षा पूर्व गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिये जिससे जल संरक्षण का उद्वेश्य भी साकार हो सके। उन्होंने प्रधानमंत्री आदर्श गॉव योजना में अनुसूचित जाति बाहुल्य गांवों में कार्यों का आंकलन मूलभूत सुविधाओं के अनुसार करते हुये आम लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिये। राज्यपाल श्री बागडे ने स्वच्छ भारत मिशन अभियान में सभी परिवारों के शौचालय बनवाने, गांव को साफ सुथरा रखने के लिये कार्य योजना बनाने, वेस्ट वाटर के शुद्धिकरण के प्रयास करने निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सांसद निधि एवं अन्य योजनाओं के विकास कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये। राजीविका के तहत स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाते हुये समूह के उत्पादों की मार्केटिंग की जाये। उन्होंने गांवों को प्रधानमंत्री सड़क योजना से जोड़ने, जल जीवन मिशन में सभी परिवारों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने, कुसुम व प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना, आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहॅुचाने व जननी सुरक्षा योजना का भुगतान समय पर करने के निर्देश दिये।

राज्यपाल किसानों के लिये चलाई जा रही योजनाओं की चर्चा करते हुये कहा कि लम्बित कृषि कनेक्शन शीघ्र जारी किये जायें। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में फसल खराबे के आधार पर किसानों को सहायता समय पर दी जाये। मृदा स्वास्थ्य कार्ड बनवाने के लिये ग्राम स्तर तक काश्तकारों को जानकारी प्रदान कर लाभान्वित करने के निर्देश दिये।